* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

31 मई, 2023
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 220

एसके बेहरा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की

प्रदीप यादव और छह अन्य के 16 ठिकानों पर इडी का छापा

आयकर विभाग की रिपोर्ट के आधार पर इडी ने की कार्रवाई

लाखों रुपये नगद और करोड़ों के निवेश के दस्तावेज बरामद

रांची के अलावा दुमका और गोड्डा में भी की गयी छापामारी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने आयकर विभाग की रिपोर्ट के आधार पर मंगलवार को सुबह पोड़ैयाहाट से कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव, दो बिल्डरों और चार अन्य लोगों के 16 ठिकानों पर छापा मारा। इनमें रांची, दुमका और गोड्डा शामिल हैं। छापामारी के दौरान 20 से 25 लाख रुपये नगद और करोड़ों रुपये के निवेश के दस्तावेज बरामद किये गये हैं। जानकारी के मुताबिक निदेशालय की टीम ने रांची के चेशायर होम रोड स्थित बिल्डर शिवकुमार यादव के घर और रातू रोड स्थित हाइटेन कंस्ट्रक्शन के नीरज सिंह के घर पर भी छापा मारा है। इससे पहले पिछले साल 4 नवंबर को आयकर विभाग ने विधायक प्रदीप यादव के गोड्डा और पौड़ैयाहाट स्थित आवास, उनके निजी सहायक देवेंद्र पंडित के सरकंडा स्थित आवास और करीबी संवेदक श्यामाकांत यादव के गोड्डा स्थित आवास, होटल स्काइ ब्लू और पोड़ैयाहाट के डांडै गांव में छापा मारा था। जांच में यह खुलासा हुआ है कि विधायक यादव ने अपने कुछ करीबियों के माध्यम से अचल संपत्ति में धन का निवेश किया है। साथ ही टैक्स चोरी के लिए गैरकानूनी तरीके अपनाये।

रांची में दो बिल्डरों के यहां छापा : इडी की टीम ने चेशायर होम रोड में बिल्डर शिवकुमार यादव और रातू रोड में हाइटेन कंस्ट्रक्शन के नीरज सिंह के यहां भी छापा मारा। यह छापामारी जमीन घोटाले के सिलसिले में की गयी। इसके अलावा धुर्वा में क्वार्टर नंबर ए/5 में भी छापा मारा गया। यह क्वार्टर देव (बिहार) के पूर्व विधायक डीके शर्मा के नाम से आवंटित है। यहां शिव वैष्णवी कंस्ट्रक्शन एंड सप्लाई का ऑफिस है।

दुमका नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के यहां छापा : इधर दुमका में भी पेयजल और स्वच्छता विभाग के दो बड़े संवेदक अजय कुमार झा मिक्की और विनोद कुमार लाल के घर पर इडी का छापा पड़ा। विनोद कुमार लाल नगर परिषद के निवर्तमान उपाध्यक्ष हैं, जबकि अजय कुमार झा की पत्नी श्वेता झा नगर परिषद की अध्यक्ष रही हैं, जिनका कार्यकाल कुछ दिन पूर्व ही पूरा हुआ है। गोड्डा के चार जगहों पर इडी ने छापेमारी की। इनमें विधायक प्रदीप यादव, उनके निजी सचिव देवेंद्र पंडित, करीबी श्याम सुंदर यादव और मनोज कुमार अकेला शामिल हैं।

नोटों का बंडल फेंका गया : भतड़िहा मोहल्ले के एक घर में छापेमारी के लिए जैसे ही इडी की टीम पहुंची, वहां से पांच-पांच सौ रुपये के दो बंडल फेंके गये। इडी ने रकम को जब्त किया है।

हेमंत से मदद मांगने 2 जून को आयेंगे केजरीवाल

रांची (आजाद सिपाही संवाददाता)। दिल्ली में अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग के मुद्दे पर केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ अरविंद केजरीवाल विभिन्न नेताओं से समर्थन मांग रहे हैं। इसी कड़ी में वह दो जून को रांची आ रहे है। वह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर समर्थन मांगेंगे। इससे पहले केजरीवाल इस मुद्दे पर तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव, एनसीपी चीफ शरद पवार, बिहार के सीएम नीतीश कुमार, महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से भी मिल चुके हैं।



जैक बोर्ड का इंटर आट्र्स और कॉमर्स का रिजल्ट जारी

आट्र्स में कतरासगढ़ की कशिश परवीन और कॉमर्स में रांची की श्रृष्टि बनी टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने इंटर आट्र्स और कॉमर्स का रिजल्ट मंगलवार जारी कर दिया। इस साल इंटर आट्र्स का रिजल्ट 95.97 प्रतिशत और कॉमर्स का रिजल्ट 88.60 प्रतिशत रहा है। आट्र्स में कतरासगढ़ की कशिश परवीन और कॉमर्स में रांची की श्रृष्टि कुमारी स्टेट टॉपर बनी हैं। जैक के अनुसार इंटर आट्र्स में लड़कियों का दबदबा रहा है। टॉप-10 में कुल 22 विद्यार्थी शामिल हैं, जिनमें 16 लड़कियां हैं। कतरासगढ़ के डीएवी प्लस टू हाई स्कूल की कशिश परवीन 469 अंक लाकर स्टेट टॉपर बनी हैं। लोहरदगा की दीक्षा कुमारी सेकंड टॉपर हुई हैं। आट्र्स में रांची के सुधांशु कुमार ने तीसरा रैंक पाया है। उसुर्लाइन इंटर कॉलेज और संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज के स्टूडेंट्स ने भी टॉप-10 में जगह बनायी है। आट्र्स में 95.9 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए हैं। आट्र्स में करीब 2.12 लाख बच्चे शामिल हुए थे।

कॉमर्स में उर्सुलाइन रांची की श्रृष्टि कुमारी ने 480 अंक लाकर टॉप किया है। महविश परवीन 479 अंक के साथ सेकंड और 475 अंक के साथ रिया कुमारी थर्ड टॉपर बनी हैं। सृष्टि और महाविश परवीन उर्सुलाइन इंटर कॉलेज की हैं, जबकि रिया मारवाड़ी कॉलेज की हैं। इंटर कॉमर्स की परीक्षा 28 हजार 382 बच्चों ने दी थी। इसमें 25 हजार 147 बच्चे सफल हुए। कॉमर्स स्ट्रीम में पास प्रतिशत 88.60 है। इसमें प्रथम श्रेणी में 19 हजार 891 बच्चे सफल हुए, जिनका पास प्रतिशत 79.10 रहा। इसी तरह सेकंड डिविजन में पांच हजार 162 बच्चे पास हुए, जिसका प्रतिशत 20.53 रहा। वहीं तृतीय श्रेणी में 941 बच्चे पास हुए, जिनका प्रतिशत 0.37 रहा।

सीएम हेमंत सोरेन ने सफल विद्यार्थियों को दी बधाई

जैक इंटर आट्र्स-कॉमर्स के रिजल्ट्स की घोषणा होने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी ट्वीट कर परीक्षा में पास होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की और कहा, इस अवसर पर मैं सभी अभिभावकों और शिक्षकों को भी हार्दिक बधाई देता हूं।

उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 37309 विद्यार्थी हुए शामिल

अब आकार लेने लगे अभिभावकों के सपने

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जमशेदपुर निवासी रूबी दास को अब उम्मीद है। उनकी बेटी अंजना दास भी इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ाई कर सकेगी। रूबी दास अपनी होनहार बेटी को आर्थिक समस्या की वजह से सीबीएसइ संबद्धता प्राप्त स्कूल में पढ़ाई कराने में सक्षम नहीं थी, लेकिन मुख्यमंत्री के पहल पर शुरू की गयी उत्कृष्ट विद्यालयों ने बेटी को अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्राप्त करने का रास्ता साफ कर दिया। यह कहते हुए रूबी दास का गला रूंध जाता है। ऐसे ही हजारों अभिभावकों के सपने आज आकार ले रहें। जब उनके बच्चे सरकार द्वारा शुरू किए गए उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन हेतु मंगलवार को पूरे राज्य के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित चयन परीक्षा में शामिल हुए। अब प्रथम मेधा सूची 7 जून को जारी होगी एवं 12 जून से नामांकन प्रारंभ होगा।

हर ओर दिखा उत्साह

प्रवेश परीक्षा देने आए बच्चों और उनके माता-पिता में खासा उत्साह देखने को मिला था। कई माता-पिता के लिए यह भावुक क्षण भी था। उनका सपना साकार हो रहा था। गरीबी उनके बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने में आड़े नहीं आ रही थी। कुल 11986 उपलब्ध सीट के लिए चयन परीक्षा में कुल 37309 विद्यार्थी शामिल हुए। सबसे अधिक देवघर में 3915, पलामू में 3344, लोहरदगा 2517, चतरा में 2352, सरायकेला - खरसावां में 1818, गिरिडीह में 1693, पूर्वी सिंहभूम में 1638, रामगढ़ में 1607, रांची में 1554 विद्यार्थी शामिल हुए।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,400 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 31 मई, 2023
www.azadsipahi.in

भाजपा का 'मिशन 2024': एनडीए के लिए नये साथियों की तलाश

■ संसद भवन के उद्घाटन के बहाने साथ आने लगीं छोटी पार्टियां

■ छह राज्यों की 60 सीटों पर है कई छोटी-छोटी पार्टियों का दबदबा

पिछले दो आम चुनावों में एक के बाद एक ऐतिहासिक जीत हासिल करनेवाली भारतीय जनता पार्टी ने अपने 'मिशन 2024' के तहत नये सिरे से काम करना शुरू कर दिया है। उसकी इस रणनीति की पहली बानगी नये संसद भवन के उद्घाटन के दौरान मिली, जब उसने 25 साल पुराने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के लिए नये सहयोगियों की संभावना देखनी शुरू की। राष्ट्रीय गौरव के इस समारोह का कांग्रेस समेत कुछ दलों ने बहिष्कार किया, तो भाजपा ने इसे भी अवसर में बदल लिया और अपने साथ कुछ नये साथियों को जोड़ लिया। भाजपा के लिए नये संसद भवन के उद्घाटन का मौका इसलिए भी मुफीद

आजाद सिपाही विशेष

विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

राकेश सिंह

अगले साल होनेवाले आम चुनावों में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने का रोडमैप बनाने में व्यस्त भारतीय जनता पार्टी कर्नाटक चुनाव में पराजय के बाद नये सिरे से रणनीति तैयार कर रही है। ऐसे में नये संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर उसे रोशनी की एक बड़ी किरण दिखाई दी है, जिसमें वह 25 साल पुराने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, यानी एनडीए को नया स्वरूप प्रदान कर सके। एनडीए का गठन 1998 में हुआ था। भाजपा इसमें सबसे बड़ा घटक थी और उसने अपने तीन प्रमुख मुद्दों, अयोध्या में राम जन्मभूमि का मंदिर, कॉमन सिविल कोड और जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने, को छोड़ कर बहुत बड़ा त्याग किया था। इस त्याग के फलस्वरूप अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में सरकार भी बनी। लेकिन आज एनडीए का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है। इसके तीन प्रमुख घटक, जदयू, अकाली दल और शिवसेना (उद्धव गुट) इससे अलग हो चुके हैं। इसके अलावा बीजद और असम गण परिषद भी अलग राह पकड़ चुके हैं। एनडीए के स्वरूप में इस बदलाव के लिए भाजपा ही जिम्मेवार है, क्योंकि 2014 और फिर 2019 में उसे क्रमशः 284 और 303 सीटें मिल गयीं। इसलिए उसे सहयोगियों के समर्थन की जरूरत ही नहीं रही। फिर भी भाजपा ने सहयोगियों को सरकार में हिस्सेदारी दी, लेकिन वह पर्याप्त नहीं था। अलग-अलग मुद्दों पर सहयोगी उससे अलग होते गये।

अब भाजपा का मानना है कि नये सहयोगियों को एनडीए में जोड़ कर वह 2024 का किला फतह कर सकती है। इसका संकेत उसे नये संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर मिला, जब कांग्रेस समेत कई दलों के बहिष्कार के बावजूद कुछ दल समारोह में शामिल हुए। इनमें वाइएसआर कांग्रेस के जगन मोहन रेड्डी (आंध्रप्रदेश), कर्नाटक में एचडी देवेगौड़ा का जनता दल सेक्यूलर, ओड़िशा में बीजू जनता दल, तेलंगाना में के चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति, मायावती की बहुजन समाज पार्टी और कुछ अन्य दल शामिल थे। भाजपा ने इस मोर्चे पर भी बढ़त कायम कर ली, क्योंकि 25 साल पहले अटल बिहारी वाजपेयी और जॉर्ज फर्नांडीस ने मिल कर जिस एनडीए का गठन किया था, उस समय 24 दल इसमें शामिल थे। नये संसद भवन के उद्घाटन के मसले पर भी 25 दलों का समर्थन भाजपा को मिल गया है। इतना ही नहीं, शिरोमणि अकाली दल और टीडीपी जैसे कई पुराने सहयोगियों ने भी उसे समर्थन देने का एलान किया है। नया समीकरण देखें, तो भाजपा को कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, ओड़िशा जैसे राज्यों में मजबूत सहयोगी मिल गया है। अगर ये दल चुनावी गठबंधन में शामिल होते हैं, तो भाजपा को 50 से 60 और सीटों पर मजबूती मिल सकती है।

लेकिन सवाल उठता है कि भाजपा आखिर क्यों ऐसा करना चाहती है? 2024 के चुनाव में क्षेत्रीय पार्टी का साथ होना भाजपा के लिए कितना और क्यों जरूरी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अकेले अपने दम पर जीत का आकंड़ा पार कर लिया था। 303 सीटें जीत कर पार्टी ने साबित कर दिया था कि वह अकेले सरकार बनाने में सक्षम है। लेकिन पिछले चार सालों में जो हुआ, उसका अनुमान शायद ही भाजपा ने लगाया होगा। जहां एक तरफ भाजपा अलग-अलग राज्यों में, फिर चाहे वह गुजरात हो या मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश हो या हरियाणा, सरकार बना रही थी, वहीं कुछ राज्यों में भाजपा के दोस्त, यानी गठबंधन वाली पार्टियां उसका साथ छोड़ रही थीं। बिहार की लोक जनशक्ति पार्टी, लव हेट रिश्ता रखने वाली जनता दल यूनाइटेड, गोवा में विजय सरदेसाई की गोवा फॉरवर्ड पार्टी, तमिलनाडु की अन्नाद्रमुक, पश्चिम बंगाल में गोरखालैंड की मांग करनेवाला गोरखा जनमुक्ति मोर्चा, राजस्थान की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी और पंजाब में शिरोमणि अकाली दल वे पार्टियां हैं, जिन्होंने भाजपा का साथ 2019 के बाद छोड़ दिया। इन पार्टियों की अपने-अपने क्षेत्र की राजनीति में अच्छी खासी पकड़ थी।

तीन पार्टियों का साथ छूटने पर हुआ बड़ा नुकसान

पिछले चार सालो में भाजपा को सबसे बड़ा नुकसान खासकर तीन पार्टियों से हुआ है। ये तीन पार्टियां हैं शिरोमणि अकाली दल, जनता दल यूनाइटेड और शिवसेना। अब सवाल उठता है कि क्या इन तीनों पार्टियों के अलग होने से वाकई भाजपा को आनेवाले लोकसभा चुनाव में सीटों का नुकसान होगा। यहां यह ध्यान देनेवाली बात है कि ये वे पार्टियां हैं, जिनका वर्तमान में उनके राज्य में दबदबा कम हो गया है। जदयू हालांकि बिहार में सत्ता में है, लेकिन नीतीश कुमार पूरी तरह राजद पर आश्रित हो गये हैं। शिरोमणि अकाली दल पंजाब में 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में मात्र तीन सीटों पर सिमट कर रह गया। भाजपा से मतभेद के बावजूद वह भाजपा को कोई खास नुकसान नहीं पहुंचा सका। इसी तरह अगर शिवसेना की बात करें, तो 48 लोकसभा सीट काफी ज्यादा होती हैं, लेकिन यहां दिलचस्प बात यह है कि शिवसेना का बड़ा गुट अभी भी भाजपा के साथ है। भाजपा को उसका महत्व पता है, इसलिए पार्टी बिल्कुल नहीं चाहती है कि यह साथ छूटे।

इन राज्यों में छोटी पार्टियों को रिझा रही है भाजपा

2024 की तैयारी में भाजपा ने वैसी 60 सीटों की पहचान की है, जहां छोटी-छोटी पार्टियों को दबदबा है। पिछले दो चुनावों में इनमें से अधिकांश सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की थी, लेकिन बदले राजनीतिक हालात में इस बार भाजपा कोई रिस्क नहीं लेना चाहती है।

यूपी की कई पार्टियों से हो रही है बातचीत

बिहार की तरह ही उत्तरप्रदेश में भी भाजपा कई क्षेत्रीय पार्टियों को अपने साथ लाना चाहती है। फिर चाहे वह निषाद समुदाय को साथ लानेवाली निषाद पार्टी हो या फिर कुर्मी वोट बैंक पर ध्यान देते हुए अपना दल का साथ देना। या फिर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के ओम प्रकाश राजभर से बातचीत करना।

अगर यहां इन छोटी पार्टियों का साथ मिल जाता है, तो भाजपा को लगभग 10 सीटों का फायदा हो सकता है। यही कारण है कि भाजपा लगातार छोटी पार्टियों को साथ लाने की कोशिश कर रही है।

पूर्वोत्तर की पार्टियों की तरफ दोस्ती का हाथ

पूर्वोत्तर की बात करें, तो त्रिपुरा में सबसे ज्यादा चर्चा में आयी पार्टी टिपरा मोथा के साथ भी भाजपा गठबंधन करना चाहती है, क्योंकि आदिवासी इलाकों में टिपरा मोथा की पकड़ काफी अच्छी बन गयी है। वहीं नागालैंड में नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) और मेघालय में नेशनल पीपुल्स पार्टी के साथ बीजेपी का गठबंधन पहले से है, जिससे उस क्षेत्र में भाजपा की पकड़ लोकसभा के लिहाज से काफी मजबूत हो गयी है।

दक्षिण भारत पर भाजपा की नजर

यहां ध्यान देनेवाली बात यह भी है कि दक्षिण भारत भाजपा के लिए काफी ज्यादा महत्वपूर्ण है। इस क्षेत्र में 133 लोकसभा सीटों पर चुनाव होने हैं, जिन पर जीत हासिल करना भाजपा के लिए बहुत जरूरी है। अगर कर्नाटक को छोड़ दें, तो दक्षिण के हर राज्य में भाजपा संघर्ष कर रही है। और इसी का समाधान निकालने के लिए पार्टी ने 18 साल बाद तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की थी, जिसमें दक्षिण में पार्टी का विस्तार कैसे हो, इस पर खास ध्यान दिया गया था।

दक्षिण में अगर भाजपा को पैर पसारना है, तो बहुत जरूरी होगा कि भारतीय जनता पार्टी इन राज्यों की क्षेत्रीय पार्टियों से हाथ मिलाये। केसीआर की पार्टी के कई नेता भी कई बार केंद्र सरकार की तारीफ करते हुए नजर आ चुके हैं। भाजपा चाहेगी कि ये सब छोटी-छोटी पार्टियों का साथ उसे ही मिले। अगर बात दक्षिण की करें, तो केरल में भाजपा भारत बीडीजेएस, जेआरएस, केरल कांग्रेस (राष्ट्रवादी), केकेसी, एसजेडी जैसी पार्टियों का साथ बरकरार रखना चाहती है।

अन्नाद्रमुक को साथ रखने की कोशिश

तमिलनाडु में भाजपा अन्नाद्रमुक को अपने साथ रखने की पूरी कोशिश कर रही है, हालांकि निकाय चुनाव में दोनों पार्टियों ने गठबंधन तोड़ लिया था, लेकिन 2024 को लेकर दोनों ही पार्टियों का कहना है कि साथ में ही लड़ेंगे।

अमित शाह का 'ऑपरेशन मणिपुर', लूटे हथियारों की बरामदगी के लिए सुरक्षा बलों का सीक्रेट मिशन जारी

1 जून तक इंफाल में रहेंगे गृह मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

इंफाल। चार सप्ताह से हिंसा की लपटों में घिरे मणिपुर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बैठकें कर रहे हैं। अमित शाह के 'ऑपरेशन 'मणिपुर' का पहला चरण खत्म हो गया है। इसके बाद दूसरा और तीसरा चरण शुरू होगा। ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है कि केंद्रीय गृह मंत्री एक साथ किसी राज्य में तीन-चार दिन तक रहें हों। चूंकि मणिपुर को लेकर इंटेलिजेंस ब्यूरो की रिपोर्ट चौंकाने वाली है, इसलिए शाह के साथ केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, गृह सचिव अजय भल्ला, आइबी निदेशक तपन डेका और दूसरे कई वरिष्ठ अधिकारी मणिपुर पहुंचे हैं। असम राइफल और सीआरपीएफ के भी कई बड़े अधिकारी मणिपुर में हैं। सूत्रों का कहना है कि मणिपुर में मैदान और पहाड़ी क्षेत्रों में हिंसा करने वाले उपद्रवी एक साथ नपेंगे। इस बाबत एक 'सीक्रेट एक्शन' शुरू किया गया है। इसमें उपद्रवियों की गिरफ्तारी के अलावा उनके द्वारा लूटे गये हथियारों की बरामदगी करना सुरक्षा बलों का पहला काम होगा। सोमवार को मणिपुर पहुंचने के बाद शाह ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह, मंत्रिमंडल में उनके सहयोगी, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह सहित राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इससे पहले उन्होंने मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात की थी। 'कोआर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी' ने शाह के दौरे को एक सकारात्मक कदम बताया था। मंगलवार को शाह ने राजधानी इंफाल में महिलाओं के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात की। वह विभिन्न जातीय समुदायों के प्रतिनिधियों से भी बातचीत कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि शाह को मानचित्र के जरिये मणिपुर के हिंसाग्रस्त क्षेत्रों की जानकारी दी गयी है। केंद्रीय गृह मंत्री सुरक्षा एजेंसियों के साथ भी एक बैठक करेंगे। इसमें सेना, असम राइफल, आइबी, सीआरपीएफ और राज्य पुलिस के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

सुरक्षा बलों का सीक्रेट प्लान शुरू

केंद्र और मणिपुर सरकार ने जातीय हिंसा में मारे गये लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा देने का फैसला किया है। साथ ही मृतकों के परिवार में किसी एक सदस्य को नौकरी देने की भी बात कही गयी है। ऐसी संभावना भी है कि शाह, मैतेई और कुकी समुदाय के लोगों से भी बात करेंगे। हालांकि कुकी समुदाय के कुछ प्रतिनिधि शाह के दौरे से खुश नहीं हैं। संभव है कि वे बातचीत में शामिल न हों। जिन उग्रवादी संगठनों ने सरकार के साथ समझौता कर सरेंडर किया था, वे भी गृह मंत्री से मिल सकते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा हिंसाग्रस्त इलाकों का दौरा करने की भी संभावना है। सुरक्षा बलों द्वारा अब जो सीक्रेट प्लान शुरू किया गया है, उसके तहत उपद्रवियों को गिरफ्तार किया जायेगा। ये अभियान इंफाल और पहाड़ी इलाकों में एक साथ आरंभ हुआ है। इसमें मणिपुर कमांडो पुलिस, सीआरपीएफ और असम राइफल के जवान शामिल हैं। पहाड़ी क्षेत्र, जहां पर कुकी और नगा समुदाय का बाहुल्य है, वहां पर सेना के जवान लगाये गये हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक तीन मई से लेकर अब तक कुल दो हजार हथियार लूटे गये हैं। इनमें से करीब सात सौ हथियार वापस जमा हुए हैं।

आइपीएस राजीव सिंह को त्रिपुरा से मणिपुर भेजा गया

सभी हथियार जब तक जमा नहीं होते, सुरक्षा बलों का सीक्रेट मिशन जारी रहेगा। इस मिशन के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गयी हैं। सर्च अभियान में आइबी के अलावा लोकल इंटेलिजेंस इकाई को भी शामिल किया गया है। सूत्रों के मुताबिक ज्यादातर हथियार उन युवाओं ने लूटे हैं, जो अभी कट्टरपंथ की तरफ चलना शुरू हुए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री, जब मैतेई, कुकी और नगा समुदाय के लोगों से बातचीत करेंगे, तो उनसे लूटे गये हथियारों को जमा कराने में मदद करने का आग्रह किया जाएगा। इस बातचीत में उन लोगों को भी शामिल किया जा सकता है, जो पूर्व में किसी उग्रवादी समूह के सदस्य रहे थे, लेकिन बाद में वे एक समझौते के तहत मुख्य धारा में शामिल हो गये। मणिपुर में इस तरह की हिंसा का दोहराव न हो, इसके लिए कुछ खास अफसरों को वहां पर लगाया जायेगा। इस कड़ी में सीआरपीएफ में प्रतिनियुक्ति पर काम कर रहे आइजी राजीव सिंह को त्रिपुरा से मणिपुर कैडर में तीन वर्ष के लिए भेजा गया है। एसीसी ने स्पेशल केस में और जनहित में यह मंजूरी दी है।

ग्रामीण विकास मंत्री ने पाकुड़ में किया अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

पाकुड़। सदर अस्पताल, सोनाजोड़ी, पाकुड़ में ग्रामीण विकास विभाग मंत्री आलमगीर आलम के कर कमलों द्वारा डीएमएफटी फंड से स्थापित अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त वरूण रंजन, उप विकास आयुक्त मो शाहिद अख्तर, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह, स्थापना उप समाहर्ता विकास कुमार त्रिवेदी, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ संजय कुमार झा, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ एहतेशाम उद्दीन, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ अमित कुमार आदि उपस्थित थे।

ग्रामीण विकास विभाग मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि सदर अस्पताल में मेडिकल के क्षेत्र में सफलता के नये-नये आयाम स्थापित किये हैं और यह अत्याधुनिक अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन यहां स्थापित होने से निश्चित रूप से यहां की जनता को लाभ पहुंचेगा। इससे पहले गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए बंगाल या बिहार जाना पड़ता था। अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन आ जाने से अब महिलाओं को इतना लंबा सफर नहीं करना पड़ेगा। अब सदर अस्पताल, सोनाजोड़ी, पाकुड़ में अल्ट्रासोनोग्राफी निःशुल्क किया जा रहा है।

उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि अल्ट्रासोनोग्राफी रिपोर्ट के आधार पर बेहतर इलाज संभव हो पायेगा। अब सभी गर्भवती महिलाओं को इसका लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सरकार का उद्देश्य है। इसके लिए कई स्तरों पर कार्य किया जा रहा है। मरीजों को बेहतर ईलाज के लिए सरकारी अस्पताल से बाहर नहीं जाना पड़े, इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। अस्पताल में ही बेहतर सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा माननीय मंत्री ने सदर अस्पताल में ओपीडी, एडवांस लैब की सेवाओं का भी जायजा लिया।

सुरक्षा बलों को उड़ाने के लिए लगाये गये 11 आइइडी नष्ट किये गये

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से लगाए गए 11 आइइडी बरामद हुआ है। मंगलवार को सुरक्षाबलों ने जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका और गोईलकेरा थाना क्षेत्र के मारादिरी, हाथीबुरू मेरालगढ़ा और छोटा कुईड़ा जंगल के आसपास लगाये गये सभी आइइडी को बरामद किया। सभी आइइडी को सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर विनिष्ट किया गया। भाकपा माओवादी संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील हैं। इसको लेकर बीते 11 जनवरी से सुरक्षाबलों के द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	37.6 °c	24.4 °c
सूर्यास्त (आज) :		18.30 बजे
सूर्योदय (कल) :		05.03 बजे

पीएलएफआइ सुप्रीमो की आठ दिनों की हिरासत अवधि खत्म

एनआइए कोर्ट में पेशी के बाद दिनेश गोप को भेजा गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप को मंगलवार को जेल भेज दिया गया। एनआइए को मिली आठ दिनों की हिरासत अवधि खत्म हो गयी, जिसके बाद उसे एनआइए कोर्ट में पेश किया गया। पेशी के बाद सुनवाई हुई, जहां के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। आठ दिनों की पूछताछ के दौरान दिनेश गोप ने कई खुलासे किये हैं। वहीं उसकी निशानदेही पर गुमला, खूंटी और सिमडेगा से भारी मात्रा में गोली और बारूद बरामद किया गया है।

22 को एनआइए ने लिया था रिमांड पर

एनआइए की विशेष अदालत में टेरर फंडिंग मामले में गिरफ्तार पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप को कड़ी सुरक्षा के बीच 22 मई को पेश किया गया। पेशी के बाद जांच अधिकारी ने दिनेश गोप से पूछताछ करने के लिए 14 दिनों की रिमांड पर देने का आग्रह करते हुए आवेदन दाखिल किया गया था। दिनेश गोप के वकील सौरभ कुमार पांडेय और राजेश कुमार सिन्हा ने एनआइए के रिमांड पर लेकर पूछताछ करने के आवेदन का विरोध किया था, जिसके बाद एनआइए कोर्ट ने दिनेश गोप को आठ दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की अनुमति दी। आरोपी दिनेश गोप को डालसा की ओर वकील उपलब्ध कराया गया था।

21 मई को नेपाल से हुई थी गिरफ्तारी

पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप को नेपाल से गिरफ्तार किया था। उसे 21 मई को गिरफ्तार किया गया। यह गिरफ्तारी एनआइए और झारखंड पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के बाद हुई। गिरफ्तारी के बाद उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर रांची लायी। जिसके बाद सोमवार को एनआइए की अदालत में पेश किया गया।

परिवार से मिलने के लिए अतिरिक्त सुविधा नहीं मिलेगी पंकज मिश्रा को

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अवैध खनन से प्राप्त एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का मनी लांड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद पंकज मिश्रा जेल मैनुअल के तहत ही मुलाकात कर सकेंगे। इडी कोर्ट ने पंकज मिश्रा की जेल में रहते परिवार से जेल मैनुअल से हट कर मुलाकात करने की मांग वाली अर्जी सुनवाई पश्चात खारिज कर दी। इससे पंकज मिश्रा को झटका लगा है। पंकज मिश्रा ने पिछले दिन परिवार से सप्ताह में दो दिन मिलने की गुहार लगाते हुए अर्जी दाखिल की थी। दाखिल अर्जी पर सुनवाई के दौरान इडी के अधिवक्ता अतीश कुमार ने विरोध किया। कहा कि जेल में रहते हुए किसी को परिवार से मिलने की इजाजत जेल मैनुअल के अनुसार ही मिलती है।

वहीं प्रार्थी के वकील प्रदीप चंद्रा ने कहा कि लंबे समय से जेल में है। इसको देखते हुए परिवार से मिलने की इजाजत दी जाये। अदालत ने दोनों पक्ष की बहस सुनने के बाद अर्जी खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि जेल मैनुअल के तहत ही जेल में बंद विचाराधीन बंदी परिवार से मुलाकात कर सकता है।

छवि रंजन की अर्जी भी खारिज हो चुकी है

पिछले दिन भूमि घोटाले के आरोप में जेल में बंद निलंबित आइएएस छवि रंजन ने भी पत्नी और बच्ची से सप्ताह में दो दिन मुलाकात करने की मांग करते हुए अर्जी दाखिल की थी, जिसे इडी कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

पिछले साल 18 जुलाई को किया था गिरफ्तार : गौरतलब है कि साहिबगंज में हुए 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन और मनी लाउंड्रिंग केस में इडी ने पंकज मिश्रा को 18 जुलाई 2022 को गिरफ्तार किया था। तब से पंकज मिश्रा जेल में बंद है। बीच में कई बार रिम्स में इलाज के लिए भर्ती हुआ।

पूर्व तट रेलवे

निविदा सं. ELOP-T-03-2023

कार्य का नाम: MEMU कार शेड, खोरधा रोड की MEMU कोचों तथा डिपो परिसर की दो वर्षों की अवधि के लिए यांत्रिक सफाई।

विज्ञापित मूल्य: रु. 1,00,38,277.58, EMD (ईएमडी): रु. 2,00,200.00, निविदा दस्तावेज की लागत: रु. 5,900/-, समापन अवधि: 731 दिन।

बोली शुरू होने की तारीख: 01.06.2023, **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 15.06.2023, 1130 बजे।

इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं इस तरह प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइट: http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (OP), खोरधा रोड

PR-217/O/23-24

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष कर्मक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना होगा। इस समय शत्रु हावी हो सकता है। सेहत में गिरावट आयेगी।

वृष भौतिक सुख-संपन्नता में वृद्धि होगी। कारोबार की स्थिति में सुधार। आर्थिक लाभ।

मिथुन प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर। मान-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। व्यापारिक योजना बनेगी।

कर्क बच्चों की तरफ से खुशखबरी प्राप्त होगी। परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी।

सिंह रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में विरोधियों पर विजय मिलेगा। आर्थिक लाभ। घर में खुशी का वातावरण।

कन्या अनायास धन व कार्य की प्राप्ति होगी। अपनी सूझबूझ से सारे कार्य बना लेंगे।

तुला पद-पोजीशन-अधिकार मिलने में उलझन होने की संभावना। कार्य में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक नौकरी की क्षेत्र से कोई शुभ समाचार मिलेगा। मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

धनु सफलता आपके दरवाजे पर दस्तक देगी। शुभ समाचारों की प्राप्ति। आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे।

मकर नये जॉब का ऑफर मिलेंगे। समस्याएं हल होगी। कोई नयी कार्य की योजना सफल होगी।

कुंभ नया कार्य या प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है। घर में कोई शुभ कार्य संपन्न कर सकते हैं।

मीन नौकरी में परिवर्तन। दूर की यात्रा के योग बन सकते हैं। नये मेहमान का आगमन।

बाबूलाल मरांडी ने निशिकांत दुबे की सुरक्षा के लिए सीएम हेमंत सोरेन से जतायी चिंता, कहा- ना रखें राजनीतिक विद्वेष

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पूर्व सीएम और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे की सुरक्षा को लेकर चिंता जतायी है। इस संबंध में उन्होंने मंगलवार को सीएम हेमंत सोरेन को चिट्ठी भी लिखी है। सोशल मीडिया पर भी इसे लेकर अपनी भावना जाहिर की है। ट्वीटर पर सीएम के अलावा झारखंड पुलिस, देवघर डीसी और देवघर पुलिस को भी टैग कर इसकी जानकारी दी है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड में राजनेताओं, एमपी, एमएलए पर हमले, हिंसा का इतिहास रहा है। ऐसे में सांसद निशिकांत दुबे की सुरक्षा में की जा रही कोताही स्वीकार्य नहीं है। सीएम हेमंत को मालूम रहना चाहिए कि निशिकांत दुबे संताल परगना में हो रही भयानक घुसपैठ, गौ हत्या, जमीन माफिया एवं दलालों और अवैध खनन माफियाओं के विरुद्ध लंबे समय से आवाज बुलंद कर रहे हैं, पर उनसे निजी द्वेष के कारण सरकार उन्हें सुरक्षा मुहैया नहीं करा रही है। वह भी तब, जब गृह मंत्रालय ने समय समय पर इस संबंध में जरूरी आदेश (30 जुलाई, 2015 और 15 मई 2021) कर रखे हैं।

पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने उम्मीद जताते कहा कि है कि सीएम को इस संबध में उनके लिखे इस पत्र के बाद वे राजनीतिक विद्वेष को पीछे छोड़ देंगे। किसी अनहोनी की प्रतीक्षा किए बिना निशिंकांत दुबे को सुरक्षा उपलब्ध करायेंगे।

निशिकांत दुबे ने अपनी सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री पर साधा निशाना

रांची। गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने अपनी सुरक्षा को लेकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। सोमवार को उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी आप मेरी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ पिछले एक साल से कर रहे हैं। अगर मुझे कुछ होता है, तो मेरी मौत के जिम्मेदार आप होंगे। डॉ. निशिकांत दुबे के ट्वीट को भाजपा विधायक दल के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भी रीट्वीट किया था।

बॉल समझ कर जिससे खेल रहे थे निकला बम, हुआ जोरदार धमाका

आजाद सिपाही संवाददाता

साहिबगंज। झारखंड के साहिबगंज में मंगलवार को अचानक जोरदार धमाका हुआ। इस हादसे में चार बच्चे घायल हो गये। घायल बच्चों को तुरंत इलाज के लिए ले जाया गया। साहिबगंज के राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत पश्चिमी नारायणपुर पंचायत के खासटोला में यह हादसा हुआ है। इस हमले में जो बच्चे घायल हुए हैं, उनमें नौ वर्षीय परवीन खातून, 11 वर्षीय राकिब शेख, आठ वर्षीय मोमेना खातून और सात वर्षीय तारिक शेख है। धमाके के तुरंत बाद बच्चों को राजमहल अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बम को बॉल समझ कर खेलने लगे थे बच्चे : यह घटना कैसे घटी। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि सभी बच्चे बाहर खेल रहे थे। कचरे के ढेर में उन्हें एक गोल गेंद जैसी चीज मिली। सभी बच्चे इसी से खेलने लगे और तभी यह धमाका हुआ। बच्चों ने जिसे गेंद समझा था, वह बम था। अब सवाल है कि कचरे के ढेर में बम कैसे आया।

पुलिस कर रही है मामले की जांच : इस धमाके की सूचना मिलने के बाद तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची। बच्चों ने जहां से यह बम बरामद किया था, उसकी भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने बच्चों के परिवारवालों से भी पूछताछ की है। परिजनों ने बताया कि बच्चे खेल रहे थे, तभी अचानक उन्हें जोरदार धमाका सुनाई दिया।

कार्यालय:मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी, झारखण्ड
वन भवन, डोरण्डा, राँची–834002
e-mail : ccf-wildlife@gov.in, Tele Fax No. 0651.2480655

सूचना

Mission LiFE के तहत नोडल विभाग जो वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग है के द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं उत्तम जीवन शैली को बढ़ावा देने की दिशा में पिछले 15 दिनों से अनेक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में दिनांक **03.06.2023 प्रातः 6.00 बजे** मोरहाबादी मैदान, शहीद पार्क होकर पलाश हॉल, वन भवन परिसर, डोरण्डा तक कुल लगभग 12 किलोमीटर की साईकिल रैली का निःशुल्क आयोजन किया गया है। रैली में भाग लेने वाले प्रतिभागी QR Code का उपयोग कर अथवा Whatsapp के माध्यम से दूरभाष संख्या **95466 46759** द्वारा पंजीकरण कर सकते हैं। QR Code निम्नवत् दिया जा रहा है।

सभी प्रतिभागियों को आयोजक वन विभाग द्वारा Logo सहित T-Shirt प्रशस्ती–पत्र तथा Momento दिया जायेगा। इस रैली का उद्देश्य स्वच्छ एवं उत्तम जीवन शैली को बढ़ावा देना, पर्यावरण का संरक्षण हेतु आम जनता की बीच जागरूकता फैलाना है। सभी नागरिक से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उक्त रैली में भाग लेकर इस महत्वकांक्षी mission को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

POST SHARED ON 29 MAY BY THETEAMGREEN_

मुख्य वन संरक्षक,
वन्यप्राणी, झारखण्ड

P.R. 298712 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24

बकोरिया कांड पर सीबीआइ की क्लोजर रिपोर्ट स्पेशल कोर्ट में मंजूर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बकोरिया मुठभेड़ के मामले में स्पेशल कोर्ट ने सीबीआइ की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकृत कर लिया है। मंगलवार को रांची सीबीआइ कोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट को लेकर बहस हुई। अब मामले में आगे कोई जांच नहीं होगी। बकोरिया मुठभेड़ से जुड़े शिकायतकर्ता जवाहर यादव रांची सीबीआइ कोर्ट में प्रस्तुत हुए। क्लोजर रिपोर्ट स्वीकृत होने के बाद मुठभेड़ के शिकायतकर्ता जवाहर यादव ने कहा कि रिपोर्ट के तथ्यों से वह हाइकोर्ट को अवगत करायेंगे। मामले को सुप्रीम कोर्ट ले जायेंगे। सीबीआइ की क्लोजर रिपोर्ट के बाद सीबीआइ के स्पेशल कोर्ट ने शिकायतकर्ता को अपना पक्ष प्रस्तुत करने को कहा था।

क्या था पूरा मामला

आठ जून 2015 को पलामू के सतबरवा प्रखंड के भलवाही घाटी में सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में माओवादी कमांडर अनुराग और उसका बेटा, भतीजा, पारा शिक्षक उदय यादव समेत 12 की जान गयी थी। सुरक्षाबलों ने सभी को मुठभेड़ में मार गिराने का दावा किया था। मुठभेड़ को फर्जी बताते हुए पारा शिक्षक उदय यादव के पिता जवाहर यादव ने हाइकोर्ट में पीआइएल दायर किया था। हाइकोर्ट के निर्देश पर दिसंबर 2018 से सीबीआइ बकोरिया मुठभेड़ की जांच कर रही थी। अप्रैल के अंतिम सप्ताह में सीबीआइ ने पूरे मामले में क्लोजर रिपोर्ट दी थी।

मेडिका की नौवीं वर्षगांठ पर पौधे लगाये

रांची (आजाद सिपाही)। मंगलवार को भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल की नवीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गयी। इस दौरान पौधरोपण भी किया गया। पौधरोपण खिजुर टोला बड़गांई स्थित आरटीसी कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ विजय मिश्रा ने कहा कि जीवन के लिए पेड़-पौधों का होना जरूरी है। पेड़ों से हमें ऑक्सीजन मिलता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ जीवन के लिए 10 पौधा लगाना ही चाहिए। ग्लोबल वार्मिंग से बचाव के लिये यह बेहद जरूरी है। उन्होंने पौधों के संरक्षण पर भी बल दिया। वहीं न्यूरो साइंसेज विंग के निदेशक डॉ गणेश झा ने कहा कि आने वाले समय मे जल व वातावरण की समस्या होने वाली है। इस समस्या से बचने के लिए पौधरोपण ही एकमात्र सहारा है। एवीपी अनिल ने कहा कि 50 से अधिक पौधे लगाये गये।

हटिया, गोविंदपुर रोड, सिल्ली एवं झालिदा रेलवे स्टेशनों की प्लेटफॉर्म संख्या 01 पर 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के अधीन प्रत्येक के लिए एक स्टॉल/किऑस्क का आवंटन

प्रत्येक 15 दिनों की रोलिंग अवधि के लिए हस्तशिल्प/कलाकृतियां, कपड़ा और हथकरघा, पारंपरिक वस्त्र और स्थानीय कृषि उत्पाद/प्रसंस्कृत/ अर्ध प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के संवर्धन/बिक्री के लिए हटिया, गोविंदपुर रोड, सिल्ली एवं झालिदा रेलवे स्टेशनों की प्लेटफॉर्म संख्या 01 पर 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के अधीन 04 अदद स्टॉल का आवंटन।

सूचना संख्या: सी/आरएनसी/सीएटीजी.यूनिट/ओएसओपी/23 **दिनांक : 29.05.2023**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची (क) विकास आयुक्त-हस्तशिल्प, विकास आयुक्त- हथकरघा अथवा अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया कारीगर/बुनकर आईडी कार्ड धारक। (ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार। (ग) पीएमईजीपी (प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह। (घ) हाशिए पर या समाज के कमजोर वर्ग। (च) एमएसएमई मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यम तथा एनजीओ के साथ जुड़े हुए व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार आदि। (छ) सामाजिक संगठन, राज्य सरकार के निकाय आदि के साथ जुड़े हुए व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार आदि से पात्रता दस्तावेजों एवं संपर्क नंबर के साथ आवेदन आमंत्रित करते हैं। हालांकि, 15 दिनों की रोलिंग स्पेल के लिए स्पेट लोगो की अनुमति नहीं होगी। "एक स्टेशन एक उत्पाद" के नियम और शर्तों, स्टॉल का स्थान, पंजीकरण शुल्क आदि से सम्बंधित और अधिक जानकारी तथा सूचनाओं के लिए सम्बंधित स्टेशनों के स्टेशन प्रबंधक से संपर्क किया जा सकता है अथवा कृपया वेबसाइट **www.ser.indianrailways.gov.in** देखें। आगे की कार्रवाई के लिए वर्तमान नियम के अनुसार उसी दिन सीसीआई और वरिष्ठ एसओ (ए/सी) की उपस्थिति में स्टेशन प्रबंधक के कक्ष में आवेदकों की जांच की जाएगी। आवेदनों की जांच के बाद, ओएसओपी नीति के अधीन, स्थाई समिति अनुमोदन के लिए सभी अपेक्षित लाभार्थियों के नामों की सिफारिश वरिष्ठ डीसीएम से करेगी तथा सभी अनुमोदित आवेदकों की मौजूदगी में सम्बंधित स्टेशनों के एसएमआर/सीसीआई द्वारा खुली लॉटरी/सार्वजनिक ड्रॉ के जरिये सभी अनुमोदित आवेदकों का प्राथमिकता रोस्टर बनाया जायेगा और एक पारी में 15 दिनों की अधिकतम अवधि के लिए प्राथमिकता रोस्टर के आधार पर आवंटन किया जायेगा। यह तब तक जारी रहेगा जब तक प्राथमिकता रोस्टर से सभी आवेदक निकल नहीं आते हैं। आवेदन डालने का स्थान: हटिया, गोविंदपुर रोड, सिल्ली और झालिदा रेलवे स्टेशनों के स्टेशन प्रबंधक के कार्यालय के बाहर रखे गए निर्धारित ड्रॉप बॉक्स में। विवरण निम्नानुसार हैं :

क्रम संख्या	स्टेशन	लोकेशन	पंजीकरण शुल्क प्रति स्टॉल	संपर्क किये जाने वाले कार्यपालक प्राधिकारी एवं व्यक्ति और फोन नंबर
1	हटिया रेलवे स्टेशन	प्लेटफॉर्म नं. 01	₹ 1,000 (जीएसटी सहित)	स्टेशन प्रबंधक/हटिया मोबाइल नंबर 9771484778
2	गोविंदपुर रोड रेलवे स्टेशन	प्लेटफॉर्म नं. 01	₹ 500 (जीएसटी सहित)	स्टेशन प्रबंधक/जीबीएक्स मोबाइल नंबर 9771459136
3	सिल्ली रेलवे स्टेशन	प्लेटफॉर्म नं. 01	₹ 500 (जीएसटी सहित)	स्टेशन प्रबंधक/सिल्ली मोबाइल नंबर 9771456218
4	झालिदा रेलवे स्टेशन	प्लेटफॉर्म नं. 01	₹ 500 (जीएसटी सहित)	स्टेशन प्रबंधक/जेएए मोबाइल नंबर 9771448912

आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख: 12.06.2023 को सुबह 10.30 बजे (क्रम संख्या 1 से 4 के लिए)। **आवेदन खुलने की तारीख:** 12.06.2023 को सुबह 11.00 बजे (क्रम संख्या 1 एवं 3 के लिए) तथा 12.06.2023 को अपराह्न 3.30 बजे (क्रम संख्या 2 एवं 4 के लिए)। **टिप्पणियां:** अगर कोई आवेदक राँची मंडल के किसी भी अन्य स्टेशनों/प्लेटफॉर्मों पर स्टॉल/किऑस्क/पोर्टेबल ट्रॉली की स्थापना करना चाहता है तो सम्बंधित स्टेशनों के नज़दीकी स्टेशन प्रबंधक से परामर्श भी कर सकता है तथा किसी भी सहायता के लिए वरिष्ठ डीसीएम/राँची के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-223) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रांची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

सीएम हेमंत सोरेन कल करेंगे जोहार पोर्टल पर अपलोड परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जोहार पोर्टल पर अपलोड झारखंड की महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा एक जून को करेंगे। इस बाबत राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव और विभागाध्यक्षों को पत्र लिख कर जोहार पोर्टल पर अपने विभाग से संबंधित सारी परियोजनाओं की प्रगति को अपलोड करने को कहा है। प्रोजेक्ट भवन में होने वाली इस समीक्षा में मुख्यमंत्री मुख्य रूप से पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण, पेयजल, ग्रामीण कार्य, ग्रामीण विकास सहित अन्य विभागों की महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त करेंगे। अधिकारियों को इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में समय-सीमा पर काम करने के लिए लक्ष्य भी देंगे। यह भी देखा जायेगा कि तीन-चार वर्ष से जो योजनाएं चल रही हैं, वे अभी तक क्यों नहीं पूरी हुई। सीएस ने विभाग के अधिकारियों को यह भी कहा कि जिन परियोजनाओं को पूरा करने में बाधा आ रही है, उनकी पूरी विवरणी भी जोहार पोर्टल में अपलोड करें। बता दें कि राज्य सरकार ने सरकारी योजनाओं को गति देने के लिए जोहार परियोजना पोर्टल शुरू किया है, जिसमें नियमित रूप से सभी विभागों को परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट अपलोड करनी है। मुख्य सचिव हर माह इसकी समीक्षा करते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य परियोजनाओं को गति प्रदान करना और समय पर पूरा कराना है।

विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए सामंजस्य बैठाकर काम करना है। वनभूमि क्लीयरेंस, जमीन अधिग्रहण, यूटिलिटी शिफ्टिंग इत्यादि को समय पर कराने के लिए भी यह पोर्टल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

एसके बेहरा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कनफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज के ईस्टर्न रीजन के डिप्टी वाइस चेयरमैन एसके बेहरा ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर राज्य में उद्योगों के विकास और निवेश पर चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने सीएसके कप्तान धोनी को दी बधाई

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आइपीएल में महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स की जीत पर खुशी जतायी है। साथ ही कप्तान एमएस धोनी को जोश भरे अंदाज में बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट कर चेन्नई सुपर किंग्स की जीत पर कप्तान एमएस धोनी को सराहते हुए लिखा है कि झारखंड का लाल, तमिलनाडु की आंखों का सितारा, रांची का राजकुमार, चेन्नई का थाला, जुग-जुग जियो झारखंडी शेर। आपकी कामयाबी पूरे देश की जीत है। यह देश की अनेकता में एकता का प्रमाण है।

पावर ग्रिड कोडरमा ने स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम चलाया

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय कंद्रपडीह में पावर ग्रिड के द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के कार्यक्रम के दौरान प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में पावरग्रिड, कोडरमा की ओर से चलाये जाने वाले कार्यक्रम में वर्ग षष्ठम और सप्तम के छात्र-छात्राओं के लिए एक चित्रांकन व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे आज की ज्वलंत समस्या प्लास्टिक आज हमारे पर्यावरण के लिए बहुत हानिकारक है पर बहस और चर्चा-परिचर्चा के माध्यम से समझाने का प्रयास किया गया। चर्चा में मुख्य रूप से विद्यालय के सहायक प्रधानाध्यापक इंद्र देव, वरिष्ठ अध्यापक वासुदेव, पावरग्रिड कोडरमा के प्रवंधक राजेन्द्र और अन्य कर्मचारी व अध्यापक ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के उपरांत सभी सहभागी व विजेता को पावरग्रिड कोडरमा के द्वारा पारितोषिक वितरण किया गया।

जीएम इंटर कॉलेज के कला और वाणिज्य के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

इचाक। इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा में जीएम इंटर कॉलेज कला एवं वाणिज्य के विद्यार्थियों ने गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया हैं। इस वर्ष कला में कुल 753 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिसमें 265 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से पास किये हैं, 300 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से तथा 150 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से पास किए हैं। महाविद्यालय के टॉप टेन विद्यार्थियों में अमर कुमार 442 अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, अनुप्रिया 428 अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त की है, तथा शिवकुमार गुप्ता 422 अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वाणिज्य संकाय में 25 विद्यार्थी शामिल हुए थे जिसमें शत प्रतिशत रिजल्ट प्राप्त किए हैं। विद्यार्थियों की इस सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य शंभू कुमार, सचिव विनय कुमार ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना कि हैं। विद्यार्थियों को बधाई देने वाले में महाविद्यालय के कई शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी भी सम्मिलित हुए जिसमें रंजन कुमार, दयानंद कुमार, विनय कुमार, रत्नेश कुमार, पंकज कुमार मेहता, दीपक कुमार, अजीत प्रसाद, उमेश ठाकुर, उर्मिला कुमारी, नीलिमा कुजुर, प्रीति कुमारी, पुष्पांजलि कुमारी, अजीत हादसा, रियाज अहमद, दीपेंद्र कुमार, संगम कुमारी शामिल हैं।

बाल तस्करी को लेकर स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा में आये दिन बाल तस्करी की मिल रही सूचना की गंभीरता को देखते हुए बाल अधिकार संरक्षण आयोग झारखंड सरकार के सदस्य रुचि कुजुर और कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट के सदस्य डॉ आभा वीरेंद्र अंकिचन अपने दो दिवसीय दौरे पर कोडरमा पहुंचे। मंगलवार को अपने दौरे के पहले दिन कोडरमा प्रखंड के लोचनपुर और चेचाई स्थित आंगनवाडी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में टीम को लोचनपुर आंगनबाड़ी केंद्र काफी जर्जर अवस्था में मिली केंद्र में बिजली की कमी पायी गयी। वही आसपास रहने वाले केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों ने केंद्र की चहारदीवारी निर्माण की मांग रखी है। वहीं चचाई स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में भी कई समस्याएं देखने को मिली। जिसे टीम के सदस्यों ने गंभीरता से लिया। इसके पश्चात टीम ने बाल तस्करी को लेकर कोडरमा स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला। दौरे के क्रम में बाल कल्याण समिति के सदस्य अनिल कुमार सिंह, सीबीसी शैलेश कुमार, डीसीपीओ नरेंद्र सिंह भी मौजूद थे।

महादेव को कराया नगर का भ्रमण, उमड़े श्रद्धालु

टाटीझरिया(आजाद सिपाही) थाना परिसर में आयोजित पांच दिवसीय श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने लगातार यज्ञ वेदी की परिक्रमा कर परिवार और क्षेत्र के सुख समृद्धि का कामना की। मंत्रों की गूंज से लगातार चौथे दिन टाटीझरिया और इसके आसपास के ग्रामीण भक्ति सागर में गोता लगाया। इसके साथ ही मंगलवार को गाजे बाजे के साथ प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया हर भक्तो के जुबान में एक ही गाना हाथी न घोड़े न कोनो सवारी पैदल ही इबो तोर द्वार ही भोले नाथ पैदल हम इबू तोर द्वार, गीत से गूंज उठा प्रखंड क्षेत्र। नगर भ्रमण में हजारों लोग शामिल हुए। इस दौरान पूरा क्षेत्र महादेव के जयकारे से गूंज उठा। नगर भ्रमण में महिलाओं की संख्या सबसे अधिक रही। वहीं दूसरी ओर आयोजन स्थल पर हर दिन बह रही भक्ति की बयार में हजारों लोग गोता लगा रहे है। यज्ञाचार्य मोहन मिश्रा, विश्वधर दूबे और ब्राहमणों द्वारा मंत्रोच्चार से क्षेत्र पवित्रमय हो गया है। बुधवार को मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा और रात्रि में भक्ति जागरण का आयोजन किया जाना है।

प्रमुख और उप प्रमुख के नेतृत्व में पंचायत समिति की बैठक

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड के प्रमुख कार्यालय में प्रमुख बीना देवी और उपप्रमुख रविकांत सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक हुई। इस दौरान प्रमुख बिना देवी ने कहा कि 2 दिन पूर्व मेरू में जेसीबी से डोभा निर्माण का मामला सामने आयी थी। साथ ही अन्य पंचायतों से भी व्हाट्सएप के माध्यम से मनरेगा का कार्य जेसीबी से किया जा रहा हो रहा इसकी सूचना मिलती है। शुक्रवार को सदर प्रखंड के प्रमुख कार्यालय में फिर से बैठक की जायेगी, जिसमें प्रखंड के सभी पंचायतों में संचालित मनरेगा कार्य जांच करने के लिए एक टीम का भी गठन कीया जायेगा। डोभा, खेलकूद मैदान, तलाब, अमृत सरोवर योजना यादि मनरेगा से हो रही कार्य का भी जांच किया जायेगा। मौके पर उपस्थित ओम प्रकाश देव, दशरथ यादव, किरण देवी संगीता देवी, कंचन मेहता, संगीता सिंह, अनीता देवी, नीलम देवी, संगीता देवी, बसंत रविदास, अन्य पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।

वाणिज्य में छात्रों ने लहराया सफलता का परचम

आदर्श इंटर कॉलेज के 99% छात्रों ने इंटर कला परीक्षा में सफलता पायी

इचाक (आजाद सिपाही)। इंटर कला और वाणिज्य परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। जिसमें आदर्श इंटर कॉलेज इचाक के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। कॉलेज के कला मे 99% छात्रों ने उत्तीर्णता हासिल किया है और वाणिज्य मे 100 %। महाविद्यालय में कुल 1245 विद्यार्थी कला संकाय में सम्मिलित हुए, जिसमें 765 प्रथम श्रेणी से, 462 द्वितीय श्रेणी से, 2तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। कला टॉप 10 छात्रों में अनीषा कुमारी अंक 441,अमन कुमार अंक 435, सीमा कुमारी अंक 432,सोनम परवीन अंक 431,श्रेया कुमारी अंक 427,कुंदन कुमार अंक 426,संदीप प्रसाद मेहता अंक 421,सौरभ नारायण अंक 419,विशाल कुमार अंक 418,कृती कुमारी 415 अंक लाकर कॉलेज का नाम रोशन किया। वाणिज्य मे कसिस नाज महाविद्यालय ३ङ्गस्त्रस्त्री१ बनी कसिस नाज 400 अंक, आसिफ अहमद 399 अंक, इरम निसात अंसारी 377 अंक लाई। इस बेहतर प्रदर्शन पर कॉलेज के प्राचार्य मनीष कुमार एवं सचिव जीवन कुमार ने सभी छात्र छात्राओं को उसके उज्जवल भविष्य की कामना कि। प्रो मनोज कुमार, युगेश कुमार, ओंकार मेहता, प्रो कैलाश कुमार, राजेश प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, बैजनाथ प्रसाद, प्रो मुन्ना पांडे, प्रो कुमारी अंजली ,संगीता कुमारी, ममता मेहता, प्रो सुलेखा कुमारी,सतेंद्र राणा, बासुदेव पांडे, सुरेंद्र शर्मा सहित सभी शिक्षकों ने सभी छात्रों को बधाई दी।

उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय झरपो की मानसी बनी प्रखंड टॉपर

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। जैक ने आई ए का परिणाम घोषित कर दिया है। घोषित परिणाम के अनुसार पलस टू उच्च विद्यालय झरपो में अध्ययन रत झरपो निवासी कृष्ण कुमार की बेटी मानसी रानी 450 अंक के साथ, न केवल विद्यालय टॉपर बनी,बल्कि प्रखंड की टॉपर और जिले भर में आइ ए की चौथा स्थान प्राप्त की है। जिससे प्रखंड क्षेत्र के बुद्धिजीवियों में हर्ष है। मैट्रिक में भी यह टॉपर रही थी। जारी परिणाम के अनुसार अर्चना गौरव पिता अशोक प्रसाद ने 89 प्रतिशत लाकर द्वितीय इसके साथ ही साथ रानी कुमार पिता कैलाश प्रसाद 83% लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। उक्त परिणाम पर विद्यालय प्रधानाध्यापिका शिल्पा सुहासिनी ने हर्ष जताते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की प्रतिभा में कोई कमी नहीं है। जरूरत है, उन्हे सही मार्गदर्शन की।

बाल संरक्षण इकाई में संविदा आधारित 8 पदों पर हुई नियुक्ति

चयनित कर्मी 15 दिनों के अंदर दें योगदान: उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। उपायुक्त नैन्सी सहाय ने समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई में विभिन्न पदों पर चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरण किया। इस अवसर पर प्रशिक्षु आइएसएस शताब्दी मजुमदार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो उपस्थित थी। उपायुक्त ने चयनित कर्मियों को शुभकामना देते हुए कहा कि, आप अपने कर्त्तव्य के प्रति सजग और सवेदनशील रहें तथा अपने-अपने दायित्व का निर्वाहन ससमय करें। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग अधीन जिला बाल संरक्षण इकाई अन्तर्गत संविदा के आधार पर संरक्षण पदाधिकारी (गैर संस्थागत देखरेख), परामर्शदाता, सामाजिक कार्यकर्ता, आंकड़ा विश्लेषक, लेखापाल, साहयक-सह-डाटा इंट्री आपरेटर और आउटरीच कार्यकर्ता के कुल-8 पदों पर जिला स्तरीय विज्ञापन का प्रकाशन किया गया था। इन सभी पदों पर शैक्षणिक योग्यता के आधार पर चयन की प्रक्रिया पुरी की गयी। उन्होंने सभी चयनित उम्मीदवारों को 15 दिनों के अन्दर संबंधित कार्यालय में योगदान करने का निदेश दिया है। इस अवसर पर विधि-सह-परिवीक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह, लिपिक अभिषेक कुमार सिंह, सहायक-सह-डाटा इंट्री आपरेटर सतीश कुमार रजक, कम्प्यूटर आपरेटर विजय कुमार दास, मुक्ति डालिम कुजूर उपस्थित थी।

ओबी डंपिंग में कोयला चुनने गये युवक की मौत

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। मंगलवार को सुबहे त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के सोनबरसा गांव ओबी डंपिंग के पास घर के जलावन के लिए कोयला चुनने गये 29 वर्षीय युवक कृष्णा साव की मौत हो गयी। लगभग 20 मीटर ऊपर कोयला चुन रहा युवक ओबी डंपिंग से खिसक कर गिरकर मौत हुई। मृतक ग्राम लैबुआ, थाना टण्डवा , जिला चतरा का रहने वाला था। घटना की जानकारी मिलते ही डाड़ी कला थाना प्रभारी मणिलाल सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया । पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को मृतक के परिजन सौंप दिया । इस दौरान घटना को लेकर मृतक के परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर 13 माइल के पास सड़क जाम करने का प्रयास किया गया। परंतु बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की और त्रिवेणी सैनिक के अधिकारियो तथा प्रबुद्ध जनों के बीच आपसी तालमेल के साथ मामले का समाधान किया गया। जिसमें मृतक के एक रिश्तेदार ने बताया कि कंपनी 3 लाख रुपया पचास हजार औरं एक रोजगार देने का आश्वासन दिया है। उसके तीन माह की दूधमुही बच्ची भी है। कृष्णा के निधन से पत्नी समेत पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल है घर में एकलौता कमाने वाला युवक था। ओबी डंपिंग क्षेत्र में लोगों का पूर्ण रूप से प्रवेश निषेध है। लोगों को जागरूकता के लिए एनटीपीसी कोल माइनिंग पकरी बरवांडीह परियोजना के द्वारा पंपलेट का वितरण एवं प्रचार प्रसार भी किया गया है। फिर भी लोग जान हथेली में लेकर कोयला चुन रहे हैं । जिसके कारण घटनाएं घट रही हैं । अब तक अब तक 7 लोगों की मौत कोयला चुनने के दौरान हुई है।

कांग्रेस कार्यालय में जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लगायी गयी पेटी

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव के द्वारा जन सरोकार से संबंधित समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिये जन समस्या समाधान पेटी का शुभारंभ किया गया। इस दौरान कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य हम सबों की जिम्मेवारी है। आम जनता की समस्याओं के समाधान करने के लिये जिला कांग्रेस कमिटी कटिबद्ध और संकल्पित है। आम जनता आगे आये और अपनी समस्याओं के निदान के लिये अपना आवेदन संबंधित पदाधिकारियों को हस्तगत कराते हुए उसकी छायाप्रति के साथ अपना आवेदन जिला कांग्रेस कमिटी के जन समस्या समाधान पेटी में डालें। उनके निम्नलिखित समस्याओं का समाधान जिला अध्यक्ष द्वारा संबंधित पदाधिकारियों से वार्ता मिलकर प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, सड़क, गली, नाली निर्माण और मरम्मति, स्कूल पुस्तकालय, आंगनबाड़ी केंद्र संबंधी समस्या, बिजली आपूर्ति, वृध्दा पेंशन, विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, चालक लाईसेंस, राशन कार्ड समेत अन्य समस्या समाधान के लिये समाधान पेटी कांग्रेस कार्यालय में लगाया जाना और उसके द्वारा जनता की समस्याओं का समाधान किया जाना कांग्रेस के लिए मील का पत्थर साबित होगा। मौके पर प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, साजिद हुसैन, ऋषिकेश भारती, मो. कमरूउद्दीन, राजीव कुमार मेहता, विजय कुमार सिंह के अलावा कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

60 वर्षों बाद बेटियों के लिए खुलेगा गांधी स्कूल का द्वार

कंधे से कंधा मिला अध्ययन करेंगे बालक-बालिका

संजीव

कोडरमा (आजाद सिपाही)। झुमरीतिलैया स्थित गांधी उच्च विद्यालय को 17 मई 2023 से शिक्षा सचिव ने बालिका नामांकन हेतु स्वीकृति प्रदान कर दी है। ऐसे में 1962 में स्थापित इस स्कूल में स्कूल में बेटियों को शिक्षा प्राप्त करने का रास्ता साफ हो गया। विद्यालय में नए सत्र 2023-24 से कक्षा 9 में बालिकाओं ने नामांकन लेना आरंभ कर दिया है। जहां 1962 से अब तक सिर्फ बालक वर्ग के विद्यार्थी शिक्षा का लाभ उठा रहे थे। शहर के एकमात्र बालिका विद्यालय सीडी स्कूल के सीबीएसई पाठयक्रम के लिए तब्दील होने पर यह निर्णय लिया गया है। बताते चले सीडी सीएम उत्कृष्ट विद्यालय में 200 छात्राओं के लिए सीट है, वही नामांकन में कुल आवेदन 700 छात्राओं ने किया है। ऐसे में शेष बालिकाओं के लिए गांधी स्कूल का द्वार किसी तोहफे से कम नहीं होगा। अब उन बालिकाओं को शहर से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। गांधी स्कूल में मिलने वाली सुविधा की देखे तो यहां एक बड़े बाउंड्री वॉल के साथ खेल का विशाल मैदान है। 4 पुरुष एवम 4 महिला शिक्षिकाएं, कुल 8 शिक्षक के साथ विद्यालय में 4 स्मार्ट क्लास है। वहीं 13 कंप्यूटर के साथ एक व्यवस्थित आईसीटी लैब भी है विद्यालय के पुस्तकालय में 3500 किताबो के साथ एनसीसी प्रशिक्षण की सुविधा, विज्ञान प्रयोगशाला भी है। 16 कमरों का यह विद्यालय अत्यंत रमणीक परिसर वृक्षों की हरियाली के साथ गांधी के साबरमती आश्रम जैसा आकर्षण प्रतीत होता है। रेल प्रोजेक्ट और प्रोजेक्ट इंपेक्ट के असर से इस विद्यालय में 98 बच्चो में 77 बच्चे प्रथम स्थान से पास हुए और शेष द्वितीय स्थान से यानी शत प्रतिशत रिजल्ट के साथ सभी उत्तीर्ण हुए। बहरहाल 31 वर्षो का अनुभव बटोरे डीएवी विद्यालय की निशा भारद्वाज ने प्रधानाचार्य के तौर पर विद्यालय का कमान संभाला है, जिनके निर्देशन में बच्चियों का भविष्य निःसंदेह सुनहरा बनेगा।

सदस्यों ने पूर्व मुख्यमंत्री से की मुलाकात

बरकट्ठा। भारत जकात मांझी परगना महल प्रखंड इकाई बरकट्ठा के सदस्यों ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी से रांची आवास में शिष्टचार मुलाकात किया। वहीं मुलाकात के क्रम विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष रामजी बेसरा प्रखंड सचिव मनोज मुर्मू मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल, सुरेन्द्र बेसरा, मनोज टुडू, जिबलाल मरांडी, राजकुमार हांसदा, तुलसी बस्के, पोखन हांसदा, अर्जुन बेसरा, बिनोद बेसरा, प्रदीप कोल समेत कई लोग मौजूद थे।

बनवारी में 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगा

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया के प्रयास से शिलाडीह पंचायत के ग्राम बनवारी में 25 केवीए के जगह 63 केवीए का ट्रांसफार्मर मिला। बनवारी के ग्रामीण पिछले कई महीनों से बिजली की समस्या से परेशान थे। जिसकी सूचना आरजेडी नेता असमत अली, समाजसेवी नईम अंसारी, शिक्षक मुजीब अंसारी, हैदर अंसारी, रियासत अंसारी, मुस्तकीम अंसारी के माध्यम से जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया को मिली। जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने 24 घंटे के अंदर समस्या को समाधान करते हुए 25 केवी का ट्रांसफार्मर के जगह 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराया। इस अवसर पर समाजसेवी सी पाण्डेय, नईम अंसारी और अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। ट्रांसफार्मर मिलने पर बनवारी के ग्रामीणों ने जिप सदस्य को धन्यवाद दिया।

विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज के अधिकांश विद्यार्थी पास

आजाद सिपाही संवाददाता

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय में कला संकाय के 858 परिक्षार्थियों में 827 ने सफलता हासिल किया जिसमें प्रथम श्रेणी में 312, द्वितीय श्रेणी में 495 व तृतीय श्रेणी में 20 सफल हुए। 428 अंक के साथ तापेश्वर प्रसाद प्रथम, 423 अंक के साथ निक्की सिंह द्वितीय व 402 अंक के साथ राजेश कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किये , वाणिज्य संकाय के 34 परिक्षार्थियों में 32 ने सफलता हासिल किया जिसमें प्रथम श्रेणी में 21 और द्वितीय श्रेणी में 11 सफल हुए। महाविद्यालय 435 अंक के साथ जिया रानी प्रथम, 425 अंक के साथ हरीश कुमार मंडल द्वितीय व 368 अंक के साथ निरंजन मंडल तृतीय स्थान प्राप्त किये। विष्णुगढ़ स्थित अपेक्स कॉमर्स एकेडमी वाणिज्य संकाय में वर्षों से शिक्षा का अलख जगा रहा है। यहां पढ़ रहे विद्यार्थियों का झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जारी किए रिजल्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। संस्थान के संस्थापक विकास स्मिथ ने बताया की बिष्णुगढ़ स्थित अपेक्स कॉमर्स एकेडमी 2009 से कॉमर्स के छात्रों के लिए आधुनिक यंत्रों के साथ संचालित है, और प्रत्येक वर्ष छात्रों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। इस साल छात्रों के द्वारा प्राप्तांक अंक में पवन कुमार ने 423, मौली मोदी ने 420, मनजीत कुमार ने 416 अंक प्राप्त किए, वही बाकी छात्रों ने भी अच्छे अंक प्राप्त किये हैं जिसमें से , राधिका कुमारी ने 405, रचना कुमारी 404, रौशन कुमार 382, आदित्य कुमार 380,वर्षा कुमारी 377,साहिल कुमार 369,अंजु कुमारी 311,संस्थापक ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दिये।

गुंजा गांव में कृषि जागरूकता कार्यक्रम

इचाक (आजाद सिपाही)। स्मार्ट एग्रीकल्चर और क्लाइमेंट विषय को लेकर ग्राम गुंजा महतो टोला और नीचे टोला में कृषि संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें किसानों का जलवायु परिवर्तन को देखते हुए खेती का कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। बिटीएम पुष्पा कुमारी ने बताया कि खेती में पहले खाद बीज और पानी का मूलभूत आवश्यकताएं समझी जाती थी, लेकिन अब इनके साथ साथ जलवायु का मौसम को ध्यान में रखते हुए खेती करने की आवश्यकता है। कृषक मित्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर कुमार मेहता ने कहा अच्छे उत्पादन के लिए उपयुक्त तापमान का होना आवश्यक है। रासायनिक खाद का उपयोग कम करें और गोबर खाद केंचुआ खाद का उपयोग अधिक से अधिक करें। साथ ही मोटा अनाज उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। किसान मित्र प्रखंड मीडिया प्रभारी तुलेश्वर महतो उर्फ अशोक मेहता ने कहा की मौसम को देखते हुए खेती करना चाहिए। मौके पर मुख्य रूप से उप मुखिया मीना देवी, वार्ड सदस्य सह सीपीआइ नेता गोविंद मेहता, आकाश रोशन मेहता, महादेव मेहता, राहुल कुमार, सुरेश मेहता, इंद्रनाथ मेहता समेत कई उपस्थित थे।

महिला से छेड़छाड़, पुलिस ने किया गिरफ्तार

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के ग्राम बंडासिंगा में विवाहित महिला से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। इस बाबत पूनम देवी पति मुकेश मोदी ग्राम बंडासिंगा निवासी ने गोरहर थाना में आवेदन दिया। रात्रि करीब 10 बजे सुजीत पासवान पिता डमर पासवान ग्राम बंडासिंगा निवासी घर में घुस कर छेड़खानी करने लगा। जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी। और मौके पर से पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। मामले को लेकर गोरहर थाना कांड संख्या 26/23 दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

दिगवार में गाजे-बाजे के साथ शिव परिवार प्रतिमा का नगर भ्रमण

कुजू (आजाद सिपाही)। दिगवार में आयोजित सात दिवसीय श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ के पांचवें दिन मंगलवार को शिव परिवार की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान भ्रमण का कार्यक्रम मंडप परिसर से गाजे-बाजे के साथ शामिल श्रद्धालुओं ने भगवान शिव व अन्य देवी-देवताओं के जय घोष से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। तत्पश्चात नगर भ्रमण का कार्यक्रम पुनः मंडप परिसर पहुंचकर समाप्त हुआ। इससे पूर्व, यज्ञ मंडप में यज्ञाचार्य विकास पांडेय की अगुवाई में अन्य पुरोहितों द्वारा यजमान बने रामकिशुन प्रसाद, खेमलाल महतो, विनोद कुमार कुशवाहा, हरि नारायण कुशवाहा, सीताराम कुशवाहा, विनोद प्रसाद, सुखदेव महतो, कैलाश प्रसाद, अर्जुन महतो, बालो महतो, नंदलाल महतो, जागो महतो, सुखदेव प्रसाद, शशि प्रसाद सपत्नीक को कई धार्मिक अनुष्ठान कराएं। नगर भ्रमण में समिति के सदस्य के अलावे क्षेत्र के कई लोग शामिल रहे। वही, बीती रात रामचरित मानस के राष्ट्रीय प्रखर प्रवक्ता (देवघर) अनिल कुमार बाल व्यास ने ज्ञान मंच के माध्यम से रामचरित मानस की चौपायी की प्रस्तुति की। साथ ही, देवघर की कथा वाचिका ज्योति शास्त्री ने भी कथा वाचन किया।

ग्रामीण इलाके में स्वच्छ भारत मिशन को लेकर डीसी ने की बैठक

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत मंगलवार को डीसी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल आनंद कुमार के द्वारा डीसी एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गयी कि सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी ग्रामीण क्षेत्रों में योग्य और जरूरतमंद लोगों को शौचालय उपलब्ध कराने का निर्देश प्राप्त है। इसके लिए सभी प्रखंडों में ग्रामसभा और जलसहियाओ के द्वारा लाभुकों का चयन किया जाना है। लाभुकों को शौचालय उपलब्ध कराने का कार्य जून माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जाना है। साथ ही उन्होंने इस संबंध में प्राप्त अन्य निदेर्शों के संबंध में विस्तार से सभी को जानकारी दी। शत प्रतिशत अनुपालन कराने का निर्देश बैठक के दौरान डीसी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को जल्द से जल्द अपने प्रखंड में जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक सुनिश्चित करते हुए उक्त निर्देश का शत प्रतिशत अनुपालन कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने योग्य व जरूरतमंद लोगों को शौचालय उपलब्ध कराने के तहत जो भी कार्य प्रखंड में किए जा रहे हैं उससे संबंधित प्रतिवेदन ससमय जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला स्तरीय पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

मारवाड़ी महिला समिति ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी महिला समिति के तत्वावधान में मंगलवार की शाम शहर के मेनरोड स्थित दिगंबर जैन भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत शुभारंभ समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर व भगवान गणेश के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। सम्मान समारोह के दौरान सीबीएसई और आइसीएसई की मैट्रीक और इंटर की परीक्षा 2022-23 में बेहतर प्रदर्शन और 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक लानेवाले 25 छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं समिति के अध्यक्ष निशा जैन और सचिव सिम्पल बरेलिया ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों से माता-पिता और क्षेत्र का नाम रौशन करने को कहा। प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य रूप से अरुणा जैन, प्रिया अग्रवाल, स्वाती अग्रवाल, उर्मिला शाह, राखी शर्मा ,सरिता जैन, पुष्पा अग्रवाल सहित शहर के कई गणमान्य लोग शामिल थे।

नीरज सिन्हा बने सीसीएल कुजू के नये जीएम

कुजू (आजाद सिपाही)। सीसीएल रांची मुख्यालय के अधिकारी स्थापना विभाग द्वारा सीसीएल कुजू जीएम चंद्रशेखर तिवारी सहित विभिन्न क्षेत्र के छः अधिकारियों का तबादला किया गया है। जिसमे कुजू जीएम चंद्रशेखर तिवारी का तबादला रांची मुख्यालय स्थित एचओडी महाप्रबंधक फॉरेस्ट के पद पर तबादला किया गया है। जबकि हजारीबाग चरही क्षेत्र के जीएम नीरज कुमार सिन्हा का कुजू जीएम के पद पर तबादला किया गया है।

स्टेट टॉपर दिव्या को मिला सम्मान

शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर दिव्या ने राज्य का नाम किया रौशन

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। जैक इंटर सांइस के स्टेट टॉपर दिव्या को सोमवार की देर शाम शहर के गोला रोड स्थित सनसाइन स्टोन एंड मेटरनिटी क्लिनिक में एक समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सर्जन डॉ अभिषेक अग्रवाल व डॉ निधि बजाज ने दिव्या को फूलों का गुच्छा व शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग राशि भी दिये। साथ ही दिव्या की माता- को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए

डॉ अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि दिव्या ने जैक इंटर साइंस की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर अपने माता-पिता के साथ-साथ पूरे राज्य का नाम रौशन किया है। उन्होंने दिव्या के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर छात्रा दिव्या कुमारी व उनकी माता कुसुम देवी ने डॉ अभिषेक और डॉ निधि बजाज के प्रति आभार जताया। सम्मान समारोह के मौके पर डिवाइन ओंकार मिशन के व्यवस्थापक राजेश कुमार नागी, रामगढ़ चैंबर के कार्यकारिणी सदस्य अमित कुमार सिन्हा, विजय मेवाड़, मनमोहन सिंह लांबा सहित कई लोग शामिल थे।

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन पहुंचे रजरप्पा, ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

बिना शिक्षा के अच्छे भविष्य की कल्पना बेमानी: राधाकृष्णन

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मंगलवार को जिले के चितरपुर प्रखंड के भुचुंगडीह पंचायत पहुंचे। यंहा ग्रामीणों के साथ पंचायत भवन भुचुंगडीह में सीधा संवाद किया। मौके पर उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभ को लेकर ग्रामीणों से जानकारी लेने के क्रम में राज्यपाल ने महिलाओं के बीच सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूकता की सराहना की। कहा कि अगर महिलाएं आत्मनिर्भर हो तो वे न केवल अपने बच्चों की शिक्षा, बल्कि अपने पूरे परिवार का अच्छा भविष्य सुनिश्चित कर सकती है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, विभिन्न पेंशन योजनाओं,

आयुष्मान कार्ड सहित अन्य योजनाओं के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। कहा कि वैसे ग्रामीण जिन्हें किसी कारणवश योजना का लाभ नहीं मिल पाया है उन्हें लाभ दिलाने का निर्देश जिला प्रशासन को दिया।

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने राज्यपाल के समक्ष रखी अपनी बात

कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने समूह से जुड़ने के उपरांत उन्हें हुए लाभ के बारे में राजपाल को जानकारी दी। जिस पर राज्यपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित अन्य महिलाओं से वैसी महिलाओं जिन्होंने सरकार की योजनाओं से लाभ लिया है उनसे प्रेरणा लेकर स्वयं भी जागरूक होने एवं अपने क्षेत्र के और लोगों को भी सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने की अपील की।कार्यक्रम में राज्यपाल ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना अंतर्गत मंगोती देवी, फूलोंझानो आशीर्वाद योजना अंतर्गत सविता देवी को 10000 का चेक, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत महिमा कुमारी को स्वीकृति पत्र, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत धनेश्वरी देवी, बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत तरन्नुम आरा (मनरेगा के तहत 179000) स्वीकृति पत्र प्रदान किया।

डीसी-एसपी ने पौधा देकर किया राज्यपाल का स्वागत

इसके पूर्व भुचुंगडीह पहुंचने पर उपायुक्त माधवी मिश्रा और प्रभारी पुलिस अधीक्षक रामगढ़ मनोज रतन चौथे के द्वारा पौधा देकर राज्यपाल का स्वागत किया गया। जिसके उपरांत जिला प्रशासन ने राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन रामगढ़ के वरीय अधिकारियों, अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

5 जून से 12 जून तक चलेगी चुप्पी तोड़ो स्वस्थ्य रहो अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। स्वच्छ भारत अभियान के तहत 5 जून से 12 जून तक चलने वाले चुप्पी तोड़ो स्वस्थ्य रहो राज्यस्तरीय अभियान को लेकर समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में ग्राम स्तर पर शत प्रतिशत स्वच्छता पर जोर दिया गया। इस मौके पर पेजयल स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता ने जानकारी दिया कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत जितने भी लाभूक शौचालय निर्माण से वंचित रह गये है, वैसे लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर शौचालय निर्माण का लाभ पहुंचाना है। कार्यपालक अभियंता ने कहा कि अभियान को स्वच्छ भारत मिशन, पेयजल स्वच्छता विभाग तथा पंचायती राज विभाग के संयुक्त प्रयास से 5 जून से 12 जून तक चुप्पी तोड़ो स्वस्थ्य रहो का आयोजन किया जाना है। उपायुक्त ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा

कि जिले के जितने घरों में शौचालय नहीं हैं वैसे लाभूकों को शत-प्रतिशत इस योजना का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाय। साथ ही कहा कि कचड़ा मुक्त वातावरण और स्वच्छता के अनुरूप आचरण को हर एक व्यक्ति को अपने आचरण को व्यवहार में लाने से ही पूरे समुदाय को कचड़ा मुक्त और स्वस्थ्य बनाया जा सकता है। इस मौक पर डीडीसी उत्कर्श गुप्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी अरूण कुमार एक्का समेत अन्य विभाग के पदाधिकारी, बीडीओ, पेजयल स्वच्छता प्रमंडल के जिला समंवयक आदि मौजूद थे।

उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं

चतरा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से जनता की समस्या सुनी और आवेदनों को संज्ञान में लेते हुये संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित गति से मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस दौरान मानदेय भुगतान, भूमि विवाद, आवास, सड़क, ड्राइविंग लाइसेंस, पेयजल संबंधित समेत अन्य मामले शामिल थे। जनता दरबार में उपायुक्त के साथ डीडीसी उत्कर्श गुप्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी अरूण एक्का, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो समेत अन्य पदाधिकारी सभा कक्ष में मौजूद थे तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी ऑफ लाइन तथा ऑनलाइन जुड़े थे। उपायुक्त ने इस दौरान बीडीओ और सीओ के साथ अभी तक जनता द्वारा प्राप्त आवेदनों पर की गयी कारवाई की समीक्षा भी किया। तथा लंबित आवेदनों पर तत्काल कारवाई करने की सख्त हिदायत भी दिया। ज्ञात हो कि प्रत्येक सप्ताह मंगलवार और शनिवार को साढे ग्यारह बजे से डेढ़ बजे तक जनता दरबार के माध्यम से उपायुक्त द्वारा जनससमयायें सुनी जाती है।

मिशन लाइफ को लेकर डीसी ने की बैठक

जिले में मिशन लाइफ को सफल बनाने के लिए करें कार्य: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में मंगलवार को मिशन लाइफ (लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट) को लेकर डीसी माधवी मिश्रा ने बैठक की। इस दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार ने डीसी और बैठक में उपस्थित अधिकारियों को जानकारी दी गयी कि सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में 5 जून 2023 (विश्व पर्यावरण दिवस) तक जन जागरूकता और मोबिलाइजेशन अभियान का संचालन किया जाना है, जिसके तहत 75 सामान्य पर्यावरण फ्रेंडली कार्यों को 7 थीम- सेव एनर्जी, सेव वाटर, से नो टू सिंगल प्लास्टिक, अडॉप्ट सस्टेनेबल फूड सिस्टम, रिड्यूस वेस्ट, अडॉप्ट हेल्दी लाइफस्टाइल और रिड्यूस वेस्ट निर्धारित है।

सफल संचालन के लिए सभी विभागों को अपना योगदान देना जरूरी

बैठक के दौरान डीसी ने मिशन लाइफ के उद्देश्यों पर प्रकाश डालने के उपरांत कहा कि पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे हैं। मिशन लाइफ के सफल संचालन के लिए सभी विभागों को अपना योगदान देना जरूरी है। डीसी ने कहा कि मिशन लाइफ एक ऐसा अभियान है जिससे सभी विभाग प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से संबंधित है। इस दौरान डीसी ने सभी विभागों को सर्वप्रथम अपने-अपने कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मियों को मिशन लाइफ के उद्देश्यों के प्रति विस्तार से जानकारी देने का निर्देश दिया। जिसके उपरांत उन्होंने 5 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर योजनाबद्ध तरीके से रामगढ़ जिले में मिशन लाइफ को सफल बनाने के लिए कार्य करने के संबंध में कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

आम जनों तक इसके उद्देश्यों को पहुंचायें

बैठक में डीसी ने कहा कि मिशन लाइफ के सफल संचालन के लिए यह बहुत जरूरी है कि आम जनों तक मिशन लाइफ के उद्देश्यों की जानकारी पहुंचाई जाये और उन्हें इसके प्रति जागरूक किया जाए। साथ ही मिशन लाइफ के तहत आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सभी अधिकारियों को उनके कार्यालयों द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी जिला जनसंपर्क कार्यालय के साथ साझा करते हुए उसका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला स्तरीय पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

इंटर आर्ट्स की परीक्षा में जुबिली कॉलेज के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। जैक इंटर आर्ट्स की परीक्षा में रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता का परचम लहराया है। कॉलेज की नेहा कुमारी 408 अंक लाकर कॉलेज की टॉपर बनी है। वहीं संजू कुमारी 400, सोनी कुमारी 373, बादल कुमार 367, शिखा कुमारी 366 अंक लाकर कॉलेज के टॉप फाइव की सूची में शामिल हुई है। बच्चों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कॉलेज के प्राचार्य एनके तिवारी ने बताया कि परीक्षा में 421 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिसमें 403 विद्यार्थी सफल हुए। इसमें 115 प्रथम, 256 द्वितीय व 32 विद्यार्थी तृतीस श्रेणी से उत्तीण हुए। विद्यार्थियों की सफलता पर प्राचार्य एनके तिवारी, प्रो. एके सिंह झा, प्रो. बालकृष्णा, डॉ. एसपी पांडेय, डॉ. श्याम सुंदर पांडेय, डॉ. विशेश्वर रविदास, प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा, सहित कॉलेज परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधायी दी है।

इंटर कॉमर्स की परीक्षा में जुबिली कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज के विद्यार्थियों ने इंटर कॉमर्स की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता का परचम लहराकर कोयलांचल का नाम रोशन किया है। कॉलेज की सपना कुमारी 412 अंक लाकर कॉलेज की टॉपर बनी है। वहीं आकृति कुमारी 404, नेहा परवीन 402, नीतू कुमारी 356, विकास जयसवाल 343 अंक लाकर कॉलेज के टॉप फाइव की सूची में शामिल होने का गौरव पाया है। विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुये कॉलेज के प्राचार्य एनके तिवारी ने बताया कि परीक्षा में विद्यार्थियों की सफलता पर प्राचार्य एनके तिवारी, प्रो. एके सिंह झा, प्रो. बालकृष्णा, डॉ. एसपी पांडेय, डॉ. श्याम सुंदर पांडेय, डॉ. विशेश्वर रविदास, प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा, सहित कॉलेज परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधायी दी है।

नरेश चौधरी की पीडीएस दुकान निलंबित

चतरा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त के निर्देश पर जनवितरण प्रणालीजिला परिवहन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा प्रखंड आर्पूर्ति पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से जन वितरण प्रणाली केंद्र का जांच किया। इस दौरान पदाधिकारयों को आबंटन के विरूद्व वितरण का प्रतिशत बहुत कम पाया गया। कार्डधारियों से पूछने पर पता चला कि प्रत्येक कार्ड पर दो से पांच किलो तक अनाज कार्डधारियों को कम दिया जाता है। इसके अलावे एक सुनसान स्थान पर केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। और केंद्र के बाहर न तो लाभूकों की सूची है और न ही दूकान का बोर्ड लगा पाया गया। जांच टीम द्वारा सौंपी गयी रिपोर्ट के आधार पर उपायुक्त ने अनाज वितरण में अनियमितता बरते जाने पर पाराडीह पंचायत के पीडीएस विक्रेता नरेश चैधरी का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया तथा नजदीक के जनवितरण प्रणाली केंद्र के विक्रेता रघुवीर प्रसाद के साथ संबद्व कर दिया गया है। ज्ञात हो कि बीते 29 मई को सुबह उपायुक्त जनता की शिकायत पर नरेश चैधरी के पीडीएस दुकान का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान स्थानीय लाभूकों की शिकायत पर उपायुक्त द्वारा जांच कमिटी का गठन किया गया था।

व्यावसायिक सिलाई प्रशिक्षण की शुरुआत

पतरातू (आजाद सिपाही)। पीवीयुएन के सामुदायिक विकास कार्य के तहत स्वर्णरेखा महिला समिति के सहयोग स पतरातू क्षेत्र के आस-पास के ग्रामो की 50 महिलाओं को आत्मनिर्भर वनाने के उद्देश्य से त्रिमासिक सिलाई प्रशिक्षण का शुभारंभ मंगलवार को पीवीयुएन परियोजना प्रमुख रविंद्र कुमार द्वारा किया गया। अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण का कार्य श्रमिक शिप्पी समिति द्वारा किया जायेगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महिलाओं व्यावसामिक सिलाई का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्जलन कर किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से प्रमुख (मा०सं०) नीरज कुमार राय, पीवीयुएन, स्वर्ण रेखा महिला समिति की सदस्य, श्रमिक शिल्प समिति सहित प्रशिणर्थी उपस्थित थे।

गंगा दशहरा को लेकर रामेश्वर शिव मंदिर में पूजा व गंगा आरती का आयोजन

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। गंगा दशहरा को लेकर मंगलवार को युगांतर भारती के तत्वावधान में दामोदर नदी के तट पर स्थित रामेश्वर शिव मंदिर में पूजा व गंगा आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर के पूजारी सुरज कुमार पाठक और रवींद्र तिवारी ने यजमान गोविंद मेवाड़ और ऋषिकेश सिंह के हाथों विधिवत पूजा अर्चना कराया। पूजा अर्चना के बाद दामोदर नदी के तट पर श्रद्धालुओं ने गंगा आरती किया। पूजा अर्चना और गंगा आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। वही, आयोजन समिति के गोविंद मेवाड़. और डॉ संजय सिंह ने बताया कि गंगा दशहरा के उपलक्ष में कार्यकम के माध्यम से लोगो में दामोदर नदी को प्रदूषण मुक्त करने के प्रति जागरूकता पैदा करना है। जिसका परिणाम है कि आज लगभग औधगिक प्रदूषण से मुक्त हो गया है।परंतु आज भी यह नद शहरी प्रदूषण से मुक्त नहीं हो पाया है। लेकिन खुशी की बात है कि रामगढ़ में वाटर ट्रीटमेंट के लिए केंद्र सरकार ने राशि आवंटित कर दी है। अब जल्द ही दामोदर नद पूर्ण रूप से प्रदूषण मुक्त हो पाएगा। गंगा दशहर पूजा के आयोजन के मौके पर भाजपा छावनी मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो, संतोष कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

मणिपुर में विश्वास बहाली है जरूरी

नार्थ-ईस्ट का सीमावर्ती राज्य मणिपुर एक बार फिर हिंसा की चपेट में है। करीब 25 दिनों के अंतर पर दूसरी बार रविवार को इस पूर्वोत्तर राज्य में भड़की हिंसा में एक पुलिसकर्मी सहित पांच लोगों के मारे जाने की सूचना है। इसके अलावा पिछले चार दिनों में सुरक्षा बलों के साथ हुई कार्रवाई में करीब 40 लोग मारे गये हैं। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह इस बात पर जोर देते हैं कि हिंसा की ताजा घटनाएं दो समूहों के बीच टकराव की नहीं, बल्कि उग्रवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की कार्रवाई की हैं। कार्रवाई में मारे गये ये लोग कुकी उग्रवादी समूहों से जुड़े बताये जा रहे हैं और मुख्यमंत्री ने इनके लिए आतंकवादी शब्द का इस्तेमाल किया है। ताजा हिंसा का दोष भी राज्य सरकार उन 25 कुकी उग्रवादी समूहों पर डाल रही है, जिनके साथ 2008 में केंद्र सरकार का समझौता हुआ था और जिसके तहत उनके खिलाफ ऑपरेशन स्थगित कर दिये गये थे। मगर इन ग्रुपों के प्रवक्ता सरकार के इन दावों का खंडन करते हुए उस पर जवाबी आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि सुरक्षा बलों की कार्रवाई में आवश्यक निष्पक्षता नहीं बरती जा रही। इन आरोपों को तत्काल वेरिफाई नहीं किया जा सकता, लेकिन जिस तरह के हालात राज्य में बने हुए हैं, उनमें ऐसी शिकायतें तकरीबन सभी प्रभावित समुदायों और समूहों की ओर से आती हैं। बहरहाल, राज्य की करीब 53 फीसदी आबादी वाले मैतेई समुदाय को एसटी दर्जा दिये जाने की मांग को लेकर शुरू हुए विवाद और फिर भड़की पहले दौर की हिंसा ने ही स्पष्ट कर दिया था कि यह मसला राज्य में बड़े बवाल का कारण बन सकता है। इस दौरान हिंसा पर भले विराम लग गया हो, तीनों बड़े समुदायों मैतेई, कुकी और नगा के बीच का समीकरण जस का तस रहा। इसमें तत्काल किसी बड़े बदलाव की उम्मीद भी नहीं की जा सकती। इसकी जड़ में जमीन और आबादी का असंतुलित अनुपात है। सबसे ज्यादा आबादी वाले मैतेई समुदाय के पास मुश्किल से 10 फीसदी जमीन है, जबकि करीब 40 फीसदी आबादी के पास 90 फीसदी जमीन। एसटी दर्जे का सवाल इस स्थिति से जुड़ा है। जहां मैतेई समुदाय इसे अपने अस्तित्व के लिए जरूरी मानता है, वहीं अन्य आदिवासी समुदाय इसे अपने लिए खतरे के रूप में देखते हैं। जाहिर है, इस स्थिति में कोई भी पॉजिटिव बदलाव धीरे-धीरे आपसी संवाद और विश्वास बढ़ा कर ही लाया जा सकता है। लेकिन इसके लिए शांति और सद्भाव कायम करना होगा। जाहिर है, सुरक्षा बलों की भूमिका तो इसमें होगी ही, लेकिन जरूरी है कि यह भूमिका न सिर्फ पक्षपातरहित हो, बल्कि नजर भी आये। इसी संदर्भ में राज्य सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि हिंसक तत्व किसी भी समुदाय के हों, उनके खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई जरूर की जाये।

मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह इस बात पर जोर देते हैं कि हिंसा की ताजा घटनाएं दो समूहों के बीच टकराव की नहीं, बल्कि उग्रवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की कार्रवाई की हैं। कार्रवाई में मारे गये ये लोग कुकी उग्रवादी समूहों से जुड़े बताये जा रहे हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

अतीत में देश प्रधानमंत्रियों ने स्वयं स्वीकार किया है कि अंतिम लाभार्थी तक सरकार द्वारा उनके लिए आवंटित राशि का लगभग 14-15 प्रतिशत हिस्सा ही उन्हें मिल पाता है। वर्तमान प्रधानमंत्री ने लास्ट माइल डिलीवरी सुनिश्चित की है। लगभग 48 करोड़ लोगों के बैंक एकाउंट खोले गये, ताकि लाभार्थियों को उनका हक बिना किसी लीकेज के सीधे उनके बैंक एकाउंट में मिले।

स्वतंत्र भारत का सपना हो रहा साकार

श्रीश्री रवि शंकर

दुनिया की सबसे प्राचीन मानव सभ्यता और सबसे पुराने, सबसे बड़े एवं सबसे जीवंत भारतीय लोकतंत्र का सपना था 'सर्वे भवंतु सुखिनः' आर्थात इस धरती पर सब सुखी हों, सब समृद्ध हों। पिछले 9 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। निर्णायक प्रशासनिक कौशल, अपार जन-समर्थन और आधुनिक तकनीक के साथ एक संकल्पवान प्रधानमंत्री ने इसे संभव कर दिखाया है। इससे युवाओं, महिलाओं, किसानों, शोषितों, वंचितों और सबसे गरीब लोगों में आशा जगी है और विश्वास बना है कि केंद्र में उनकी सरकार है, जो उनके जीवन उत्थान के लिए अहर्निश काम कर रही है।

अतीत में देश प्रधानमंत्रियों ने स्वयं स्वीकार किया है कि अंतिम लाभार्थी तक सरकार द्वारा उनके लिए आवंटित राशि का लगभग 14-15 प्रतिशत हिस्सा ही उन्हें मिल पाता है। वर्तमान प्रधानमंत्री ने लास्ट माइल डिलीवरी सुनिश्चित की है। लगभग 48 करोड़ लोगों के बैंक एकाउंट खोले गये, ताकि लाभार्थियों को उनका हक बिना किसी लीकेज के सीधे उनके बैंक एकाउंट में मिले। हालांकि बेरोजगारी दुनिया भर में एक बड़ा मुद्दा है, लेकिन इससे बेहतर तरीके से निपटने के लिए नरेंद्र मोदी सरकार ने सकारात्मक और प्रभावी कदम उठाये हैं। न केवल शहरों में बल्कि देश के दूरदराज के इलाकों में भी अधिक कौशल केंद्र स्थापित किए गए हैं।

देश की विदेश नीति ने वैश्विक पटल में भारत की अग्रणी भूमिका की दिशा में काफी सम्मान अर्जित किया है।

वर्तमान केंद्र सरकार ने श्रम एवं श्रमिकों के गरिमापूर्ण जीवन के लिए कई कदम उठाये। श्रमिकों के लिए श्रम योगी मानधन योजना बनायी गयी। कई अवसरों पर स्वयं प्रधानमंत्री ने स्वयं श्रमवीरों को सम्मानित किया है। भरत की श्रम शक्ति ने देश के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है। उनका सम्मान निश्चित रूप से एक सराहनीय कदम है। देश ने बीते 9 वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। अतीत में यूरोप की यात्रा के दौरान मैं कई लोगों की टिप्पणियां सुनता था कि यूरोप जैसा बुनियादी ढांचा और यात्रा में आसानी भारत में कभी नहीं हो सकती, लेकिन इतने कम समय में वे सभी गलत साबित हुए हैं।

बीते सालों में दुनिया सदी की सबसे विनाशकारी कोविड महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध, बढ़ती जलवायु संबंधी चिंताएं, सप्लाई चेन में अवरोध, दुनिया भर में लगातार बढ़ती मुद्रास्फीति, दुनिया के कई हिस्सों में ध्रुवीकरण, देशों के बीच घटते विश्वास एवं सहयोग तथा मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे विश्व स्तर पर पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित कर रहे हैं। इस आलोक में जहां एशिया में कई सरकारें विफल सिद्ध हो रही हैं, भारत बीते 9 साल में अपने साहसिक निर्णयों और बुद्धिमत्ता पूर्ण उठाये गये कदमों के बल पर एक मजबूत और तेज गति से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में प्रतिष्ठित हुआ है।

देश की विदेश नीति ने वैश्विक पटल में भारत की अग्रणी भूमिका की दिशा में काफी सम्मान अर्जित किया है। ये सच है कि भारत में दुनिया की आबादी का छठा हिस्सा रहता है, लेकिन भारत की आवाज कभी भी उस तरह से नहीं सुनी गयी जैसे अब सुनी जा रही है। आज भारत बोलता है, तो दुनिया सुनती है। कुल मिलाकर, अंतर्राष्ट्रीय जगत में भारत की धाक जमी है और भारत अपना सही स्थान पा रहा है। इसका श्रेय केवल और केवल वर्तमान सरकार एवं उसकी सही नीतियों को जाता है। रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान किसी का पक्ष नहीं लेने की कुशल नीति और दुनिया को तर्कपूर्ण जवाब तथा अन्य वैश्विक मुद्दों पर भारत की सार्थक पहल ने भारत को एक मजबूत वैश्विक शक्ति, एक परिपक्व मध्यस्थ और दुनिया के पेसमेकर के रूप में स्थापित किया है। जहां दुनिया की बड़ी-बड़ी अर्थव्यवस्थाएं धराशायी हो रही हैं और दुनिया भर के कई देशों में मुद्रास्फीति एक बड़ा मुद्दा है, वहां भारतीय अर्थव्यवस्था ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। मोदी सरकार ने कोविड महामारी के दौरान गरीब कल्याण अन्न योजना जैसा क्रांतिकारी कदम उठाया यह सुनिश्चित करने के लिए ताकि देश में कोई भूखा न सोने पाये। यह एक लोक-कल्याणकारी सरकार की संवेदनशीलता को दिखाता है जिसकी सर्वत्र सराहना हुई।

भारत में घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद होने के बावजूद देश के तीर्थस्थलों का विकास आजादी के 70 सालों में भी न हो पाया था। तीर्थस्थलों में गंदगी का अंबार था और बुनियादी ढांचे जर्जर थे। पिछली केंद्र सरकारों ने इसकी पूरी तरीके से अनदेखी की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी तीर्थस्थलों और आष्टा के केंद्रों के जीर्णोद्धार एवं वहां विकास का बीड़ा उठाया। पिछले कुछ वर्षों में काशी, उज्जैन, सोमनाथ, अंबाजी, ऋषिकेश, केदारनाथ, बदरीनाथ जैसे महान तीर्थस्थलों का जो स्वरूप बदला है, उसने श्रद्धालुओं के मन में आशा, विश्वास एवं आकांक्षाओं की नयी बुनियाद रखी है।

हालांकि सभी राजनीतिक नेताओं और पार्टियों की धार्मिक अनुष्ठानों और प्रथाओं में आस्था है, लेकिन वे इसके बारे में कभी खुले नहीं थे। ये प्रधानमंत्री मोदी ही हैं जिन्होंने इसे स्वीकार करने में कभी हिचक नहीं दिखायी और अपने कर्तव्यों का अक्षरशः पालन करने के साथ-साथ इसके गौरव को भी फिर से स्थापित किया। उन्होंने विश्व के अन्य नेताओं को भारतवर्ष की इन अमूल्य विरासतों से परिचित कराया। किसी भी समाज की प्रगति लोगों के विश्वास और आत्म-सम्मान पर निर्भर करती है। अपनी जड़ों और अपनी संस्कृति का सम्मान करने से समाज में आत्म-सम्मान पैदा होता है और यह बिना किसी हिचकिचाहट और पूर्वाग्रह के बहुत अच्छी तरह से किया गया है।

कला और संस्कृति को नरेंद्र मोदी सरकार ने बहुत महत्व और प्रोत्साहन दिया है। कई नये संग्रहालय खोले गये हैं और कला के सभी रूपों को जगह मिली है। इससे पता चलता है कि हमारे पास क्या संभावनाएं हैं और कैसे हम स्लीपिंग जायंट्स के रूप में उसांसे ले रहे थे, जिसे अपनी वास्तविक क्षमता का एहसास ही नहीं था। भारत ने शिक्षा क्षेत्र में भी क्रांतिकारी कदम उठाये हैं। पुरानी औपनिवेशिक शिक्षा प्रणाली की तुलना में नयी शिक्षा नीति एक ऐसी क्रांति है, जो पुरातनता के साथ-साथ आधुनिक सभ्यता की बुद्धिमत्ता पर आधारित है। भारतीय प्रतिभा का पूरी दुनिया में सम्मान होता है। अब उन्हें अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने के लिए एक खुला मैदान मिला है। शिक्षा में सुधार की पहल ने देश में शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि की है और इसे सर्व-सुलभ बनाया है।

जिस पूर्वोत्तर को लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया, वह अपनी कई संभावनाओं के प्रति जागृत हो उठा है। जम्मू-कश्मीर में विकास के एक नये युग का उदय और महिलाओं को दिया गया न्याय न्यू इंडिया की अवधारणा को रेखांकित करता है। यह दर्शाता है कि अपने ही लोगों के साथ की गयी गलती को कैसे सुधारा जा सकता है। यह तथाकथित निंदकों और आलोचकों के लिए एक बड़ी चुनौती है।

बहुत से लोग इस बात से वाकिफ नहीं हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने अफगानिस्तान को एक नया संसद भवन उपहार में दिया है। नाइजीरिया में राष्ट्रपति भवन भी कुछ साल पहले भारत ने बनाया था। और अब, प्रधान मंत्री मोदी ने हमारे संविधान और परंपरा का सम्मान करते हुए गुलामी की दासता से मुक्त भारतीय संस्कृति एवं विरासत के आधार पर एक सुंदर संसद भवन हमारे देश को समर्पित किया है। इतने कम समय में निर्मित एक अद्भुत संरचना - हर देशवासी को इस पर गर्व होना चाहिए।

हालांकि कई जगह त्रुटियां हैं, कई गलतियां भी की गयी, जिन्हें टाला जा सकता था और अभी हमें बेरोजगारी, बढ़ती कीमतों तथा अन्य सामाजिक मुद्दों पर एक लंबा सफर तय करना है। वर्तमान सरकार जिस गति से चुनौतियों का समाधान कर रही है वह वास्तव में प्रशंसनीय है और यह देश के उज्जवल भविष्य की उम्मीद जगाती है। निश्चित रूप से, टीम मोदी को देशवासियों के सभी सपनों को पूरा करने के लिए और अधिक समय की आवश्यकता है।

(लेखक : आध्यात्मिक गुरु हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

सभी छात्र नेता एसडीओ कार्यालय में हुए उपस्थित

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। बीते दिनों ऑपरेटिव कॉलेज के प्राचार्य अमर सिंह के द्वारा छात्र नेता पर स्ट्रांग रूम में घुसने का प्रयास और 144 का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया था। मंगलवार को सभी छात्र नेता को एसडीओ कार्यालय में सशरीर उपस्थित होने को कहा गया था। कोल्हान छात्र संघर्ष मोर्चा के दर्जनों नेताओ ने एसडीओ कार्यालय में उपस्थित होकर प्राचार्य के आरोप को गलत बताया। एसडीओ कार्यालय में सभी छात्र नेताओ ने अपनी बातो को स्पस्ट रूप से सामने रख कर न्याय की गुहार लगाई। वही छात्र नेताओं ने कॉलेज में हो रही अनियमितताएं और भ्रष्टाचार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा छात्रों के आंदोलन को दबाने के लिए गलत मुकदमे में फंसाने का प्रयास किया गया। मौके पर सोनू ठाकुर ने कहा कोऑपरेटिव कॉलेज के प्राचार्य अपनी गलतियों को छुपाने के लिए कई तरह के हथकंडे अपना रहे है। वही दीपक पांडेय ने कहा झूठे आरोप से छात्र डरने वाले नहीं है। छात्रों के समस्याओं को लेकर जरूरत पड़ी तो कोल्हान वि वि में जोड़दार आंदोलन किया जायेगा। आदिवासी छात्र संघ के इन्दर हेम्ब्रोम ने कहा अब अनियमितता और भ्रष्टाचार के खिलाफ कॉलेज में कार्यलय संबंधित काम को छोड़ कर तालाबंदी की जायेगी। मोर्चा के सदस्य पप्पू यादव ने कहा अब वि वि में जो भी प्राचार्य अभी तक मनमानी व दबंगई कर छात्र को डरा धमका रहे है उनके खिलाफ सड़क पर ऊतर कर विरोध किया जायेगा। कोल्हान विश्वविद्यालय छात्र संघ के वीरेंद्र कुमार ने कहा पूर्व कुलपति के संरक्षण प्राप्त कोऑपरेटिव कॉलेज के प्रिंसिपल के बारे नये प्रभारी कुलपति को जानकारी दी जायेगी। मौके पर सोनू ठाकुर, दीपक पांडेय, राहुल कुमार, पप्पू यादव,इन्दर हेम्ब्रोम, राकेश दास, कृष्णा कामत, बीरेंद्र कुमार,सुरज ओझा,बिपिन शुक्ला, अजय होनागा, कुंदन यादव, अभिषेक झा,सहित कई छात्र नेता मौजूद रहे।

लोडेड पिस्टल के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले के एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर जमशेदपुर पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। मंगलवार को मानगो पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से लोडेड देसी पिस्टल बरामद कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में ओल्ड पुरुलिया रोड जीएन कॉलोनी निवासी शहनवाज अंसारी, शहजादा उर्फ अली राजा और जाकिर नगर निवासी मो आतिब हसन शामिल है। छापेमारी के दौरान आरोपियों के पास से एक लोडेड देसी पिस्टल, मैग्जीन और छह जिंदा गोली बरामद कर लिया गया है। मौके से फरार संजू उर्फ संजय मुखर्जी की तलाश जारी है। डीएसपी वीरेंद्र राम ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मानगो केला बगान के पास अजवा बुर्ज के नवनिर्मित अपार्टमेंट के चौथे तल्ले में कुछ आसमाजिक तत्व हथियार के साथ किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विनय कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन कर छापेमारी की गई। मौके पर ही तीनों को अभियुक्तों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वही एक साथी भागने में कामयाब रहा। पुलिस के द्वारा तलाशी के दौरान पिस्टल बरामद किया गया। डीएसपी वीरेंद्र राम ने बताया सभी 6 माह से फ्लैट में किराए पर रहते थे। कमरे से कयी जोड़ी जूते और चप्पल पाया गया। पूछताछ के दौरान जानकारी मिली इन लोगो के द्वारा फ्लैट में रहने वाले और आसपास के लोगों के जूते-चप्पल चोरी की गयी है। डीएसपी ने बताया कि फिलहाल आरोपियों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

सरायकेला। सरायकेला खरसावां जिले में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित शिविर में उपायुक्त अरवा राजकमल शामिल हुए। मौके पर आयोजित शिविर में त्रिस्तरीय धावा दल, छपामारी दल को तंबाकू नियंत्रण के संबन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी साझा की गईं। इस अवसर पर 31 मई को राष्ट्रीय तंबाकू दिवस के पूर्व संध्या उपायुक्त ने शिविर में तंबाकू का सेवन करने वाले को दुसरो को भी तम्बाकू के सेवन ना करने के लिए प्रेरित करते हुए शपथ दिलाई। उपायुक्त ने कहा कि लोगों में जागरूकता से ही आने वाली पीढ़ी को नशा मुक्त और तंबाकू सेवन से मुक्त किया जा सकता है। उन्होंने बाजार में प्रतिबंधित तंबाकू, गुटखा,पान मशाला के बिक्री पर रोक लगाने के लिए दस्ता दल को निरिक्षण कर नियमसंगत कानूनी करवाई करने की बात कही। साथ ही लोगो को इसके सेवन से स्वास्थ्य और परिवार पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी साझा कर जागरूक करने को कहा। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रखंड स्तर पर तंबाकू सेवन पर रोक लगाने और लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा तंबाकू नियंत्रण के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और मीडिया प्रतिनिधि को सहयोगी बनाने की बात कही। ताकि अधिक से अधिक लोगो को जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर लोगो को जागरूक करने के लिए उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को शपथ दिलाया। मौके पर उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई,अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, सिविल सर्जन डॉक्टर विजय कुमार, सरायकेला एसडीओ राम कृष्ण कुमार, चांडिल एसडीओ रंजीत लोहरा, मुख्यालय अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंदन कुमार वत्स सहित सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारी और जिला और प्रखंड के विभिन्न चिकित्सक उपस्थित रहे।

हरिसाधना आश्रम में भागवत कथा पाठ दो जून से

आजाद सिपाही संवाददाता

पटमदा। जुगसलाई विधानसभा स्थित पटमदा प्रखंड के हरिसाधना आश्रम में 15 दिनों तक चलने वाले भागवत कथा पाठ का आयोजन आगामी दो जून से किया जायेगा। मंगलवार को आश्रम के संचालन शंभू दास बाबाजी ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा अनुष्ठान में दूरदराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। श्रद्धालुओ के लिए कई प्रकार के सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। 15 दिनों तक चलने वाले अनुष्ठान में पूरा गांव भक्तिमय माहौल में सराबोर रहेगा। समाजसेवी विकास सिंह के द्वारा आश्रम को कई बार सहयोग कर सौंदर्यीकरण का कार्य करवाया गया। कार्यक्रम में गुणधर घोषाल, हराधन घोषाल, लव घोषाल, उर्मिला, बुलुवाला गोस्वामी, बाबूराम महतो, शंभू दास,गोवर्धन महतो का विशेष योगदान रहेगा।

पूर्व उपाध्यक्ष ने तीन ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। भीषण गर्मी को देखते हुए आदित्यपुर नगर निगम वार्ड संख्या 1 अंतर्गत सपड़ा ऊपर टोला, कैवर्त टोला और कालिंदी टोला में पूर्व उपाध्यक्ष के पहल पर 100 केवीए के दो और 25 केवीए के एक ट्रांसफार्मर लगाया गया। मंगलवार को आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह के द्वारा पूजा अर्चना के बाद नारियल तोड़ कर और फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। ट्रांसफार्मर का उद्घाटन होने से बस्तियों के करीब 250 घरों नहीं रहने वाले आम लोगों को इसका लाभ मिलेगी। 17 मई को विद्युतीकरण कार्य का भूमि पूजन आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह और जेएमएम उपाध्यक्ष महेश्वर महतो ने नारियल फोड़कर एवं पूजा अर्चना कर किया था। एचटी- एलटी लाइन हेतु करीब 80 पीसीसी पोल लगाए गए। मौके पर सुरेंद्र नारायण सिंह ने बताया सपड़ा कैवर्त टोला, ऊपर टोला एवं कालिंदी टोला में करीब 250 परिवार रहते हैं। लेकिन पीसीसी पोल नहीं होने के कारण ज्यादातर घरों में बांस के सहारे बिजली का कनेक्शन लिया गया था। लो वोल्टेज की समस्या से लोग परेशान रहते थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

कंचनपुर पंचायत भवन में चाइल्ड फंड इंडिया ने किया बकरी पालन प्रशिक्षण का आयोजन

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत भवन में चाइल्ड फंड इंडिया के तत्वाधान में एक दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह प्रशिक्षक पशु चिकित्सक डॉक्टर रंजीत के द्वारा बकरी पालन के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि जलवायु के अनुकूल पाए जाने वाले बकरियों के नस्लें , उनके पालन पोषण, उन में होने वाली बीमारियां , बीमारियों से बचने हेतु वैक्सीन व उपचार, इंश्योरेंस आदि का विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया । रांची से आए चाइल्ड फंड इंडिया के सीनियर प्रोग्राम मैनेजर मिथुन नाथ ने कम पूंजी में बकरी पालन का शुरूआत कर कैसे एक बड़ा फार्म के रूप में विकसित कर अच्छा लाभ कमाया जा सकता है , के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। साथ ही कम्युनिटी मोबिलाइजर खुर्शीद हजाम और श्रीकांत विश्वकर्मा ने प्रशिक्षण के उद्देश्य , किसानों को खेती बाड़ी के अलावा बकरी पालन, मुर्गी पालन ,बत्तख पालन जैसे छोटे-छोटे व्यवसाय का शुरूआत कर अपनी आय को बढ़ावा देने के बारे में लोगों को बताया गया। इस मौके पर किसान, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार व संस्था के कर्मचारी पंकज कुमार ठाकुर, देवलाल सिंह, जितेंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

भाषा संस्कृति हमारी पहचान है, इसे जीवित रखें : विधायक भूषण बाड़ा

सिमडेगा (आजाद सिपाही)। टैंसेरा खुंटीटाड़ के कोरकोट टोली में जेठ जतरा का आयोजन हुआ। मौके पर मिस्?सा पूजा फादर कॉर्नेलियुश किंडो की अगुवाई में संप-?न हुआ। जिसका सहयोग फादर अनूप लकड़ा, फादर मुकेश लकड़ा, फादर रवि अनुग्रह मिंज ने किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा भी उपस्थित थे। विधायक ने मांदर की थाप में लोगों को खुब झुमाया। उन-?होंने कहा कि हमारी भाषा संस्?कृति हमारी पहचान है। इसे जीवित रखना हम सबका जिम्?मेवारी है। जेठ जतरा कार्यक्रम हमारी संस्?कृति को बचाने का काम कर रहा है। उन-?होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्?यम से लोग एकजूट होते हैं। साथ ही क्षेत्र में ठ?याप्?त बुराईयों को दूर करने के लिए भी मंथन करते हैं। वहीं जिप सदस्?य जोसिमा खाखा ने कहा कि लोग संगठित रहें। सरकार की योजना का लाभ लेने के लिए आगे बढ़ें। नशापान से दूर रहें। बच्चों को शिक्षा से जोड़ें। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, पंसस प्रतिमा कुजूर, निलेश एक्का, प्रदीप लकड़ा आदि उपस्थित थे।

एनीमिया मुक्त अभियान को लेकर प्रखंड कार्यालय में सीओ ने की बैठक

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को एनीमिया मुक्त अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गयी। जहां पर सीओ धनंजय पाठक ने उपस्थित एएनएम एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिशुनपुर प्रखंड को पूरी तरह से एनीमिया मुक्त बनाना है। परंतु फिलहाल पहला फेज में सेरका, नरमा, अमतिपानी, चिरोडीह एवं गुरदरी पंचायत को टारगेट किया गया है। फिलहाल इन्हीं पांच पंचायतों को एनीमिया मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके बाद बाकी पंचायत में भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में हिंडालको हम सभी लोगों को भरपूर सहयोग कर रहा है। पूरे बिशुनपुर प्रखंड को हिंडालको की मदद से एनीमिया मुक्त बनाया जाएगा। इसके लिए कंपनी को एनीमिया जांच से लेकर को दूर भगाने तक की जिमेदारी दी गई है। इस अभियान में एएनएम, आंगनबाड़ी सेविका एवं गांव की सहिया दीदीयों का अहम रोल है। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम एएनएम आंगनबाड़ी सेविका एवं गांव की सहिया तीनों मिलकर एनीमिक मरीजों की जांच कर चिन्हित करेंगे ताकि उन्हें किट दिया जा सके। मौके पर हिंडालको कंपनी के द्वारा 1000 स्ट्रीप किट दिया गया। जिसके माध्यम से गांव के लोगों की एनीमिया जांच हो पाएगी। मौके पर हिंडालको के चिकित्सक डॉ अंजित पवार ने बताया कि कंपनी के द्वारा फिलहाल 5000 स्ट्रीप देने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें आज 1000 स्ट्रीट दिया जा रहा है। शेष स्ट्रिप भी बहुत जल्द एएनएम को उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस मौके पर बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, उपप्रमुख चंदन सिंह, हिंडालको सीएसआर के चोरोडिह प्रबंधक मनोज कुमार चौधरी, मुकेश मिश्रा, जेएसएलपीएस बीपीएम रुपाली कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

बैठक : उपायुक्त ने जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक में दिये निर्देश

शत प्रतिशत आधार सैचुरेशन और बच्चों का बायोमीट्रिक अद्यतन कार्य सुनिश्चित करायें

जिला समाज कल्याण विभाग को यूआईडी किट को एक्टिवेट कर शीघ्र ही पंजीकरण का कार्य प्रारंभ करने के दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने सुदूर क्षेत्र में आधार पंजीकरण एवं अद्यतन केंद्रों की आवश्यकता का आकलन करते हुए उन क्षेत्रों में आधार पंजीकरण केंद्र की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी आयु वर्ग में 100 प्रतिशत आधार सैचुरेशन के साथ बच्चों का अनिवार्य रूप से बायोमैट्रिक अद्यतन कार्य सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान उन्होंने आधार लिंकिंग जन्म पंजीकरण का कार्य इंडिया पोस्ट एंड आईपीपीबी के माध्यम से करने का निर्देश दिया। साथ ही जिला समाज कल्याण विभाग के यूआईडी किट को ऐक्टिवेट कर शीघ्र ही पंजीकरण का कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने आधार से संबंधित धोखाधड़ी गतिविधियों के संबंध में एफआईआर करते हुए एफआईआर की कॉपी यूआईडीएआई कार्यालय, रांची को भी भेजने का निर्देश दिया। दस वर्ष पूर्व पंजीकृत आधार में सभी नागरिकों को पता (पीओए) एवं पहचान (पीओआई) से संबंधित दस्तावेजों को भी अपलोड ऑनलाइन/एम-आधार/आधार केन्द्रों के माध्यम से करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने 0 से 5 वर्ष के आयु के बच्चों के आधार पंजीकरण में भी तीव्रता लाने का निर्देश दिया। साथ ही साथ अस्पताल, शिक्षा विभाग, बैंकों तथा जिला समाज कल्याण विभाग के यूआईडी किट को फंक्शनल करते हुए आधार पंजीकरण का कार्य आरंभ करने का निर्देश दिया। उक्त बैठक में हेडक्वार्टर डीएसपी, जिला अग्रणी बैंक पदाधिकारी, पोस्ट मास्टर, इंडिया पोस्ट, सीनियर मैनेजर आईपीपीबी, जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी, सीएससी मैनेजर, गढ़वा सहित अन्य उपस्थित रहे। उपरोक्त दिए गए सभी निर्देशों की समीक्षा हेतु एक महीने बाद पुनः बैठक आयोजित करने की बात कही गई।

जून के अंत तक सभी घरों को स्वच्छता के प्रति एक स्टार बनाना सुनिश्चित करें : डीडीसी

डीडीसी ने जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। उप विकास आयुक्त गढ़वा राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता समिति, प्रकल्प-गढ़वा द्वारा ग्राम स्तर पर शत-प्रतिशत स्वच्छता कवरेज करने हेतु बैठक की गयी। इसके तहत प्रत्येक घरों में शौचालय की सुविधा, शुद्ध पेयजल, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के उपाय तथा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को बताया गया कि माह जून 2023 के अंत-अंत तक सभी घरों को स्वच्छता के प्रति एक स्टार बनाना सुनिश्चित करें। उपरोक्त के तहत ग्राम स्तर पर शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों की पहचान कर उनके घरों में व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों का निर्माण कराया जाए। इसके साथ ही वैसे कोई लाभुक या परिवार जो व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों के लाभ से वंचित रह गए हों, उन्हें शौचालय का निर्माण करने हेतु प्रेरित करने की बात कही गई। इसके लिए बताया गया कि कोई भी लाभुक व्यक्तिगत घरेलू शौचालय के लाभ हेतु सीधे रूप से अपना आवेदन जलसहिया के माध्यम से अथवा ऑनलाइन वेबसाइट sbm.gov.in के माध्यम से कर सकता है। प्रत्येक माह की 02 तारीख को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा पंचायती राज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से स्वच्छता सभा का आयोजन कराया जाए। आयोजित ग्राम सभा में छूटे हुए लाभुकों की पहचान करते हुए लाभुकों के द्वारा स्वयं से शौचालय के निर्माण हेतु उन्हें प्रेरित किया जाए। ततपश्चात लाभुकों द्वारा किए गए शौचालय निर्माण के उपरांत सीधे रूप से उनके खाते में प्रोत्साहन राशि का भुगतान विभाग द्वारा किए जाने की बात कही गई। बैठक के दौरान कहा गया कि प्रत्येक घरों में न सिर्फ शौचालय का निर्माण हो, बल्कि शौचालय का नियमित उपयोग करने हेतु भी लोगों को प्रेरित करें। ग्रामीण स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, नापेड, सौकपिट निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, गोबर गैस प्लांट इत्यादि विषयों पर चर्चा की गई। ग्राम स्तर पर निर्मित व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों के उपयोग के संबंध में आईईसी/बीसीसी के तहत व्यापक प्रचार-प्रसार जैसे गतिविधियों को जारी रखने का निर्देश दिया गया, जिससे ग्राम स्तर पर खुले में शौच मुक्त का स्थायित्व बना रहे। सभी संबंधित संलग्न पदाधिकारियों, कर्मियों एवं संबंधित विभाग को मिशन मोड में सभी स्वच्छता कार्यों को पूर्ण करने हेतु कार्य योजना तैयार कर उसका अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग प्रदीप सिंह, समाज कल्याण पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, विभिन्न प्रखंडों के बीडीओ, सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जिला समन्वयक एवं सोशल मोबिलाइजर उपस्थित थे।

कृषि गोष्ठी सह जागरूकता अभियान के तहत गोवर्धन योजना पर कार्यशाला आयोजित

सहायक तकनीकी प्रबंधक ने उपस्थित किसानों से वैज्ञानिक विधि से प्रयोग पर विस्तृत चर्चा की

आजाद सिपाही संवाददाता

बरडीहा। प्रखंड मुख्यालय स्थित सिंगल विंडो सेंटर सभागार में कृषि गोष्ठी सह जागरूकता अभियान के तहत गोवर्धन योजना पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। गोवर्धन योजना अंतर्गत सहायक तकनीकी प्रबंधक शशिकांत शर्मा ने उपस्थित किसानों से वैज्ञानिक विधि से प्रयोग पर विस्तृत चर्चा की। इसके बाद गोवर्धन योजना के लाभ के सम्मान में बताते हुए बताया कि गोवर्धन योजना का मुख्य उद्देश्य है कि गांव में साफ-सफाई को सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना साथ ही पशुओं व अन्य सोर्स से मिलने वाली ऑर्गेनिक (अवशिष्ट) से ऊर्जा व पैसा निर्माण करते हुए गांव में आजीविका का साधन का मार्ग प्रशस्त करना है। गोबर से बायोगैस बनाने, पशु के अवशिष्ट से मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने व फसल उत्पादन में बहुत ही खास मदद मिलता है। कभी पशुओं के अवशिष्ठ को बेकार समझा जाता था। आज व हमारी आय दोगुनी कर रही है। कार्यशाला में बिरसा किसान सहित किसान मित्र अशोक सिंह, सत्येंद्र ठाकुर, सलगा पंचायत के उप मुखिया विनय राम उपस्थित थे।

प्रखंड झामुमो के पदाधिकारियों को पंचायतों का भ्रमण करने की दी गयी जवाबदेही

आजाद सिपाही संवाददाता

रंका प्रखंड झामुमो की आपातकालीन समीक्षा बैठक आयोजित

रंका। झारखंड मुक्ति मोर्चा रंका प्रखंड कमेटी के द्वारा आपातकालीन समीक्षा बैठक खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह युवा सचिव पप्पू यादव के आवास पर आयोजित की गयी।

बैठक में प्रखंड कमेटी के सभी पदाधिकारियों को पंचायत एवं गांव का भ्रमण करने की जवाबदेही दी गई। पंचायत व गांव भ्रमण के दौरान झारखंड सरकार एवं मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने, क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी देने, मंत्री के निजी कोष से किए जा रहे कार्यों की जानकारी देने आदि की बातें कहीं गई।

सभी चौदह पंचायतों के सार्वजनिक समस्याओं को सूचीबद्ध करने और उसका निष्पादन करने के साथ-साथ अंबेडकर आवास से हर एक पंचायत में दो असहाय व्यक्ति का चयन करने, कूप निर्माण से लोगों को लाभान्वित करने, कुसुम योजना का लाभ कार्यकर्ताओं और किसानों तक पहुंचाने आदि बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी।

इस अवसर पर चौदह पंचायत के लिए प्रभारी नियुक्त कर उन्हें दो दिनों में रिपोर्ट प्रखंड कमेटी को सौंपने को कहा गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, प्रखंड उपाध्यक्ष अरविंद सोनी, प्रखंड सचिव इरफान अंसारी, जिला परिषद दक्षिणी प्रतिनिधि रतन सिंह, युवा मोर्चा सचिव सह खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, मानपुर पंचायत के मुखिया हाशिम अंसारी, अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष आफताब आलम, झामुमो के वरिष्ठ नेता मुमताज रंगसाज युसूफ अंसारी आदि उपस्थित थे।

बिशुनपुरा में महिला ने कीटनाशक दवा खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

गढ़वा (आजाद सिपाही)। बिशनपुरा थाना क्षेत्र के पिपरी कला गांव निवासी अरवेंद्र वियार की पत्नी बेबी देवी 23 वर्ष कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास की। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद उत्पन्न हुआ था। उसी बात से उग्र होकर बेबी देवी ने कीटनाशक दवा खा ली। घटना के बाद स्थिति बिगड़ने परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

मोटरसाइकिल से गिरकर महिला घायल

गढ़वा (आजाद सिपाही)। मेराल थाना क्षेत्र के बाना गांव निवासी रविंद्र चौधरी की पत्नी फुलवंती देवी 30 वर्ष मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गई । उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में घायल फूलवंती देवी ने बताया कि अपने रिश्तेदार के घर सिगसिगी कला से मोटरसाइकल से अपने घर आ रहे थे। उसी बीच फरठिया मोड़ के पास अनियंत्रित होकर वह मोटरसाइकिल से गिरी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना में घायल महिला के सिर में गंभीर चोट आई है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

सदर थाना क्षेत्र में कीटनाशक दवा खाकर युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के करुआ कला गांव निवासी सोबरन राय का पुत्र नीतीश कुमार कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि घर में किसी बात को लेकर नीतीश कुमार को फटकार पड़ी थी। उसी बात से उग्र होकर नीतीश कुमार ने कीटनाशक दवा खा लिया। स्थिति बिगड़ने पर परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

रेहला थाना क्षेत्र तोलरा गांव में छत से गिरकर युवक घायल

गढ़वा (आजाद सिपाही)। पलामू जिला के रेहला थाना क्षेत्र तोलरा गांव निवासी बुचुन चौधरी का पुत्र शीतल चौधरी 30 वर्ष छत से गिरकर घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि शीतल चौधरी छत पर सोया हुआ था। अचानक देर रात्रि शौच के लिए जब वह उठा तो अनियंत्रित होकर छत से नीचे जा गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

इंटर आर्ट्स के रिजल्ट में राजकीयकृत टेन प्लस टू उवि विद्यार्थियों का बेहतर प्रदर्शन

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। जैक रांची द्वारा जारी इंटर आर्ट्स की रिजल्ट में राजकीयकृत टेन प्लस टू उच्च विद्यालय भवनाथपुर के छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। विद्यालय के कुल 408 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी, जिसमें 355 विद्यार्थी सफल रहे। जारी रिजल्ट के अनुसार विद्यालय स्तर पर प्रियंका कुमारी 82.4 प्रतिशत अंक लाकर टॉपर बनी। वहीं प्रकाश कुमार सिंह, आकांक्षा कुमारी, शीतल कुमारी, कुक्कू कुमारी, राहुल विश्वकर्मा, प्रियंका कुमारी, वरुण कुमार, सृष्टि कुमारी, सुधा कुमारी का नाम टॉप टेन में शामिल है। विद्यालय के प्राचार्य अंकित त्रिवेदी ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए उत्तीर्ण छात्रों के उज्जवल भविष्यवाणी की कामना की।

प्रेस कांफ्रेंस : बंशीधर धाम के पाल्हे जतपुरा में तीन दशक बाद एक बार फिर भव्य और दिव्य वैष्णव महाकुंभ का होगा आयोजन

स्वामीजी के यज्ञस्थल पर पहुंचने पर हजारों श्रद्धालु भक्त करेंगे भव्य स्वागत : धीरेंद्र चौबे

पांच महीने तक आस्था रुपी त्रिवेणी के तट पर लगने वाले महाकुंभ में लाखों श्रद्धालु हिस्सा लेंगे

प्रशांत सहाय

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ समिति के लेखा पदाधिकारी धीरेंद्र चौबे ने कहा कि विंध्य क्षेत्र अंतर्गत कल कल निनादिनी पुण्यसलिला मां बांकी (श्री राधा रानी) की गोद में और बांकेबिहारी श्री बंशीधर जी की निरंतर बरस रही कृपा रूपी अमृतवर्षा से अभिसिंचित श्री बंशीधर धाम के पाल्हे जतपुरा में तीन दशक बाद एक बार फिर भव्य और दिव्य वैष्णव महाकुंभ के आयोजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। वह मंगलवार को यज्ञ स्थल पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम सभी बड़भागी हैं कि भारत वर्ष के महान तपोनिष्ठ संत पूज्य श्रीलक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामीजी महाराज का संकल्पित चातुर्मास्य व्रत इस वर्ष झारखंड राज्य के विंध्य क्षेत्र के आंचल में बसे गढ़वा जिला अन्तर्गत श्री बंशीधर नगर के पाल्हे जतपुरा ग्राम में आयोजित होगा।

श्री चौबे ने कहा कि श्री वंशीधर भगवान के 32 मन की स्वर्ण प्रतिमा के लिये देश विदेश में चर्चित श्री बंशीधर नगर इस वर्ष श्री भाष्यकार श्री रामानुजाचार्य स्वामी जी के सहस्राब्दी जयंती स्मृति महामहोत्सव, पूज्य श्री जीयर स्वामी जी के चातुर्मास्य व्रत एवं 25 तलीय 25 अलग-अलग यज्ञ मंडपों में आयोजित होने वाले 1051 कुंडात्मक श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ के लिये भी जाना जायेगा। लगभग पांच महीने तक श्रद्धा भक्ति और आस्था रुपी त्रिवेणी के तट पर लगने वाले महाकुंभ में देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु हिस्सा लेंगे।

समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौबे ने कहा कि 80 हजार वर्गफीट में भव्य वाटरप्रूफ पंडाल का निर्माण किया गया है। लगभग एक माह से 50 श्रम योगी पंडाल, पर्णकुटी और तोरणद्वार निर्माण में रात दिन जुटे हुये हैं। उन्होंने कहा कि प्रवचन पंडाल में अयोध्या, बक्सर, हरिद्वार एवं वृंदावन से आये हुये अनेक प्रवचन कर्ता संतों का प्रवचन होगा। 800 वर्गफीट में प्रवचन पंडाल में 40 हजार श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था है। पंडाल में ही 1500 वर्गफीट में पूज्य स्वामी जी महाराज की पर्णकुटी का निर्माण हुआ है। पंडाल में 3000 वर्गफीट में कथाव्यास के लिये मंच की व्यवस्था है। प्रेसवार्ता में यज्ञ समिति के संरक्षक शंभूनाथ शुक्ला, सचिव अनीश शुक्ला, उपाध्यक्ष अमित शुक्ला, मथुरा राम, उप कोषाध्यक्ष शिवनारायण चौबे, प्रदीप शुक्ला, उपसचिव नवनीत शुक्ला, सुनील चौबे आदि मौजूद थे।

कार्यक्रम विवरण

पूज्य स्वामी जी का शुभागमन दिनांक 04-06-2023 को हरिद्वार से यज्ञ स्थल पर होगा। स्वामीजी के यज्ञस्थल पर पहुंचने पर हजारों श्रद्धालु भक्त उनका स्वागत करेंगे। दिनांक 05-06-2023 से यज्ञ स्थल पर प्रातः 7:00 बजे से 8:00 बजे तक प्रातःकालीन मंगला आरती एवं सायं 5:00 बजे से 6:00 बजे स्वामी जी के श्रीमुख से प्रवचन होगा। स्वामी जी के चातुर्मास्य व्रत समापन अंतर्गत 25 यज्ञ मंडपों में अलग अलग 1051 कुंडीय श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा। श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ के लिए दिनांक 23-10-2023 को शोभा यात्रा निकाली जायेगी तथा दिनांक 28-10-2023 को महायज्ञ की पूणार्हुति होगी। दिनांक 27-10-2023 को अखिल अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन एवं संध्या में अंतरराष्ट्रीय भजन संध्या का आयोजन होगा।

लोहरदगा की दीक्षा बनी आर्ट्स में राज्य की सेकंड टॉपर

आईएएस अधिकारी बनना चाहती है लोहरदगा टॉपर दीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला इंटर महाविद्यालय लोहरदगा की आर्टस की छात्रा दीक्षा साहू ने 465 अंक लाकर झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित परीक्षा में राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया है। साथ ही लोहरदगा जिले में पहला स्थान हासिल करने का गौरव हासिल किया है। मिशन चौक निवासी व्यवसायी ओम प्रकाश साहू और नीलम देवी की पुत्री दीक्षा की इस सफलता पर कॉलेज के शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों ने बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

दीक्षा ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी रोजाना पांच-छह घंटे की पढ़ाई और अपने शिक्षकों से मिली शिक्षा, माता-पिता और अपनी दोस्त पायल से मिली प्रेरणा और सहयोग को दिया है। दीक्षा भारतीय प्रशासनिक सेवा में सफल होकर देश की सेवा करना चाहती है।

कॉलेज के प्रिंसिपल स्नेह कुमार ने कहा है कि दीक्षा ने पूरे राज्य में लोहरदगा जिले और महिला कॉलेज का नाम रोशन किया है। पढ़ाई के प्रति उसकी लगन और मेहनत का यह सुखद परिणाम है। कॉलेज का रिजल्ट बहुत बढ़िया रहा है और ढाई सौ से अधिक छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से इंटर आर्ट्स की परीक्षा पास की है।

सुमित उरांव बने कॉलेज टॉपर, द्वितीय स्थान पर रही निकिता

BHANWI SHAURYA 75.6 %

SUMIT ORAON 84 %

लोहरदगा (आजाद सिपाही संवाददाता)। एम एल अग्रवाल एस वी एम इंटर कॉलेज के कला का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 84% अंक लाकर सुमित उरांव कॉलेज टॉपर बनें। सुमित उरांव ने कुल 420 अंक प्राप्त किए जिसमें अंग्रेजी में 84, हिंदी में 85, इतिहास में 87, राजनीतिक विज्ञान 88 और अर्थशास्त्र में 76 अंक शामिल है। 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में दूसरा स्थान बहन निकिता कुमारी ने प्राप्त किया जिसमें अंग्रेजी में 77, हिंदी में 84, इतिहास में 87, राजनीतिक विज्ञान 80 और अर्थशास्त्र में 67 अंक शामिल है। 75.6% अंक प्राप्त कर भानवी शौर्या ने कॉलेज में तीसरा स्थान प्राप्त किया।जिसमें अंग्रेजी में 75, हिंदी में 82, इतिहास में 82, राजनीतिक विज्ञान 77 और अर्थशास्त्र में 62 अंक शामिल है। इनके अतिरिक्त महाविद्यालय टॉप 10 में दीया टोप्पो ने 75.2%, रितेश राम ने 74.6%, शिव कुमार भगत ने 74.4%, अनुपा बाड़ा ने 74.4%, अंकित महली ने 74.2%, असरीता उरांव ने 73.4%, शिल्पा उरांव ने 72% तथा बादल तिर्की ने 71% अंक प्राप्त किया। प्रबंधकारिणी समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों और शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी।

किसान की बेटी थाइलैंड अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में लेगी भाग

उपायुक्त से मिल सुनेहा ने बीजा और थाईलैंड आने जाने ठहरने हेतू व्यवस्था की लगायी है गुहार।

20, 21, व 22 मई तीन दिवसीय देहरादून मे आयोजित राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप मे सुनेहा प्रथम श्रेणी से हूयी थी विजयी।

आजाद सिपाही संवाददाता

कैरो/लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड के गजनी पंचायत के गोपालगंज गांव निवासी गरीब किसान मंगरा उरांव की बेटी सुनेहा कुमारी थाईलैंड में आयोजित 25, 26 जुन दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप मे लेगी भाग।

सुनेहा पिछ्ले दिनो देहरादून मे 20, 21,व 22 मई को तीन दिवसीय नेशनल कराटे चैम्पियनशिप में प्रथम स्थान पर विजयी रही, उनके विजय के उपरांत थाईलैंड में जुन महिने के 25 व 26 दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में भाग लेने हेतू बुलावा आया है।

इस संबंध मे आज 30 मई मंगलवार को कुमारी सुनेहा जिले के उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण से कार्यालय में मिलकर थाईलैंड आने जाने हेतु बीजा और थाईलैंड मे 21 जुन से 27 जुन तक रहने, ठहरने हेतू व्यवस्था की सुनेहा ने उपायुक्त से लगायी गुहार। उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण ने सुनेहा को हरसंभव मदद करने की भरोसा भी दिया है। उपायुक्त से मिलने के उपरांत प्रेस को सुनेहा ने बताया कि उक्त अंतर्राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में भाग लेने हेतू मेरे साथ भिन्न-भिन्न स्थानो से 07 अन्य प्रतिभागी जो नेशनल कराटे चैम्पियनशिप में विजयी हुये हैं उन्हे भी थाईलैंड के अंतरराष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में भाग लेने हेतू बुलावा आया है।

मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लेकर बैठक

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड कार्यालय कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लेकर प्रखंड प्रमुख सुशीला कुमारी, उप प्रमुख बीरेंद्र जायसवाल व बैंक कर्मियों के साथ बैठक किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने लोगो को संबोधित करते हुये कहा की इस योजना के तहत परिवहन विभाग द्वारा राज्य के हर हिस्से में गाड़ियां चलायी जायेगी। ताकि लोग आसानी से सफर कर के अपने स्थान पर समय पर पहुंच सके। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के माध्यम से गांव से प्रखंड तक और जिला मुख्यालय और शहर तक आवागमन की सुविधा को आसान बनाया जायेगा। वही मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार, समेत प्रखंड क्षेत्र के तमाम पंचायत समिति सदस्य मौजूद रहे।

अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर चलाया नापी अभियान

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बाजारों में दुकानदारों व रेहड़ी संचालकों द्वारा किये गए अतिक्रमण को हटाने के लिए अंचल अधिकारी राकेश सहाय के निर्देश पर राजस्व कर्मचारी सर्वेश सिंह, अमीन झमन सिंह, बाजार पहुंच चलाया नापी अभियान। इस दौरान राजस्व कर्मचारी ने शहर के विभिन्न बाजारों में दुकान-दुकान जाकर दुकानदारों व रेहड़ी संचालकों से अतिक्रमण हटाने की अपील भी की। साथ ही दुकानदारों को चेतावनी भी दी कि अगर दुकानदारों ने 48 घटों में अतिक्रमण हटाकर अपने सामान को दुकानों में न रखा तो अन्यथा अंचल की टीम के द्वारा कड़ी कार्रवाई कर सामान को जब्त कर लेगी और दुकानदारों को जुमार्ना भी किया जायेगा। अंचल अधिकारी के इस कार्रवाई के बाद दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

कोलियरियों और पेट्रोल पंपों में खप रहे दो हजार के नोट

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। रिजर्व बैंक द्वारा दो हजार के नोट पर लक्ष्मण रेखा खिचते ही बालूमाथ के विभिन्न पैट्रोल पंपो सहित कई कोलवरियों में दो हजार के गुलाबी नोट खुब खपाये जा रहे है। पिछले 21-22 मई से राजहरा एरिया के तेतरियाखांड़ परियोजना, मगध, आम्रपाली, पिपरवार और पूणार्डीह कोल परियोजनाओं में कुछ बड़े कोयला कारोबारी और ट्रक मालिको को दो हजार के नोट भुगतान कर रहे है। पिछले चार सालो तक ट्रक मालिको को एक भी गुलाबी नोट के दर्शन नही होते थे। पर जब से इस पर दिशा निर्देश जारी हुये तब से कोयलांचल मे गुलाबी नोट के बहार आ गये। कुछ लोगो ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि कुछ लिफ्टर एक एक माह बाद ट्रको का भाडा भुगतान करते थे। परन्तु वही लिफ्टर अब दो हजार के नगद भाडा भुगतान कर रहे है। जानकारो की माने तो हर रोज पाच लाख से अधिक दो हजार के नोट खपाये जा रहे है। कोयलांचल और बैंको मे खपाने की होड मची हुई है।

सरकारी जमीन पर बने मकान पर बुलडोजर

सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा अंचल क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अंतर्गत तोड़ार ग्राम में अखड़ा के समीप सरकारी जमीन अधिग्रहण कर कच्चा मकान निर्माण किया गया था। जिससे मैना टोली के ग्रामीणों को आने जाने में समस्या उत्पन्न हो रही थी। रास्ते को लेकर चल रहा लंबे समय से विवाद पर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल के निर्देश पर अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में निर्मित मकान पर बुलडोजर चला कर रास्ता निकाला गया। बताया जाता है कि मैना टोली जाने का रास्ता पूर्व से बना हुआ था। जिस पर राजकेश्वर उरांव के द्वारा निजी जमीन के अलावे सरकारी जमीन को अवैध रूप से कब्जा किया गया था। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा 4 नवंबर 2022 को प्रशासन से शिकायत कर रास्ता का मांग किया गया था। जिसपर नियम संगत कारवाई करते हुये अंचल कर्मियों द्वारा सीमांकन कर अधिग्रहनकर्ता को विभागीय नोटिस जारी किया गया था। परंतु विभाग के आदेश को उलंघन करने तथा मनमानी रूप से जमीन पर कब्जा बनाए रखने पर प्रशासन ने मंगलवार को बुलडोजर चला निर्मित घर को तोड़ते हुए अधिग्रहित जमीन को मुक्त कराया गया। मौके पर अंचलाधिकारी विजय कुमार सीआई चन्द्रप्रकाश मेहता, राजस्व कर्मचारी सीताराम टाना भगत स0आ0नि0 पवन सोरेन शस्त्र बल के साथ मौजूद थे।

सेन्हा थाना प्रभारी बने अभिनव कुमार

सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान का लोहरदगा स्थान्तरण के पश्चात पुअनि अभिनव कुमार ने सेन्हा थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में क्राइम व अपराध पर अंकुश लगाना प्रथम कर्तव्य होगा। नव नियुक्त थाना प्रभारी अभिनव कुमार लोहरदगा जिला में पोस्टिंग के पश्चात किस्को, कुडू और भंडरा थाना में कार्यरत रह चुके है। वहीं सेन्हा थाना प्रभारी का प्रभार के पूर्व तकनीकी शाखा में कार्यरत थे। बताया जाता है कि लंबे समय से एक ही थाना में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निदेर्शानुसार स्थान्तरण किया गया है। वहीं पत्रकारों से बात चीत के दौरान पु0अ0नि0 अभिनव कुमार ने कहा क्षेत्र में क्राइम और अपराध पर अंकुश लगाने का प्रथम कर्तव्य होगा बताते हुए उन्होंने कहा थाना आम जनता के लिए है। क्षेत्र में अमन चैन बहाल करना हम सभी का मुख्य उद्देश्य होगा। वरीय पदाधिकारी से प्राप्त निर्देश के अनुरूप नियम संगत कार्य किया जायेगा। इसके अलावे थाना क्षेत्र के जनता से अपील करते हुये कहा कि सेन्हा थाना क्षेत्र के किसी भी इलाके में थाना से संबंधित समस्या को निसंकोच साझा करें। निदान करने के दिशा में पहल किया जायेगा। पदभार ग्रहण के दौरान थाना के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

पुलिस को मिली एक और बड़ी सफलता

एरिया कमांडर रघुनाथ सिंह ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जे जे एम पी के एरिया कमांडर सह इनामी उग्रवादी रघुनाथ सिंह खेरवार उर्फ रघु जी ने पुलिस के समक्ष आज आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण को लेकर आयोजित कार्यक्रम में समर्पण किये गये उग्रवादी को एसपी अंजनी अंजन और कमांडेंट अभिनव ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

बताते चलें कि विगत एक वर्ष से झारखण्ड पुलिस द्वारा नक्सल एवं उग्रवाद के खिलाफ लगातार सघन अभियान व छापेमारी की जा रही है। इसमें लातेहार पुलिस को झारखण्ड जगुआर, कोबरा, सी०आर०पी०एफ० और जिला के सैट बल के सराहनीय योगदान से लातेहार जिला को अलग अलग क्षेत्रों में कई बड़ी उपलब्धियां हासिल हुई। नक्सल अभियान के दौरान कई एक शीर्ष नक्सली पकड़े गये तथा कई नक्सली मारे गये। इसके साथ ही लातेहार पुलिस के द्वारा नक्सली के परिजनों से संपर्क कर सरकार द्वारा अपनायी गई नक्सलियों का आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के बारे में समझा बुझाकर उसे प्रेरित किया जा रहा था। इसी दौरान जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर सह दो लाख का इनामी रघुनाथ सिंह खेरवार उर्फ रघु जी सरकार के आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के तहत एसपी और सीआरपीएफ 214 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी अभिनव आनंद और उप समादेष्टा संदीप कुमार शर्मा के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

बताया जा रहा है कि रघु जी सुप्रीमो पप्पु लोहरा के दस्ता में रहकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में दस से अधिक उग्रवादी हिंसा को अंजाम दे चुका है। इसको लेकर लातेहार पुलिस लम्बे समय से तलाश रही थी। इधर आत्मसमर्पण को लेकर पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि सरकार के आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति को लातेहार पुलिस उंचे पायदान पर ले जा रही है। वहीं संगठन को कमर तोड़ने का काम कर रही है।

वहीं उग्रवादी रघु जी ने बताया कि उग्रवादियों के गलत नीति के झांसा में आकर मुख्यधारा से भटक गया था। किन्तु पुलिस और सीआरपीएफ के सार्थक पहल से आज हथियार छोड़ मुख्यधारा में लौट आया हूं। वहीं अन्य उग्रवादियों को भी हथियार छोड़ मुख्यधारा में लौटने को लेकर अपील किया।

तीन उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। जिले के 03 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन सफलता पूर्वक, शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि सीबीएसई से मान्यता प्राप्त इन विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा दिया जायेगा। जो माननीय मुख्यमंत्री झारखंड सरकार का एक अति महत्वपूर्ण पहल है। इसी निमित राजकीयकृत +2 कस्तूरबा उच्च विद्यालय, लोहरदगा /राजकीयकृत +2 नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय, लोहरदगा तथा कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय, लोहरदगा, कुजरा में प्रवेश परीक्षा आयोजित हुआ। राजकीयकृत +2 नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय, लोहरदगा में वर्ग 6 से 9 तक के लिए प्रवेश परीक्षा में वर्ग 6 के लिए 141 में से 123 उपस्थित/वर्ग 7 के लिए 157 में से 135/वर्ग 8 के लिए 177 में से 157 और वर्ग 9 के लिए 361 में से 336 विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश परीक्षा दी गयी। कस्तूरबा आवासीय विद्यालय, लोहरदगा, कुजरा में वर्ग 6 के लिए 442 में से 388 विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश परीक्षा दी गई। राजकीयकृत +2 नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय, लोहरदगा में वर्ग 6 के लिए 555 में से 511/वर्ग 7 के लिए 243 में से 222/वर्ग 8 के लिए 301 में से 267 और वर्ग 9 के लिए 410 में से 378 विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश परीक्षा दी गयी। प्रवेश परीक्षा के सफलता पूर्वक, शांतिपूर्ण तथा कदाचार रहित संचालन हेतु डीईओ सुनंदा दास चंद्रमौलेश्वर, के निर्देशन में विभिन्न दल का गठन किया गया था। मौके पर अम्बुजा पांडेय, एडीपीओ, सभी प्रखंड के बीईईओ, अशोक पांडेय, विश्वदीपक झा, सरिता एक्का, सपना सिंह, रवि भूषण प्रजापति, गुलाम अशरफ अंसारी, आकाश कुमार, अखिलेश कुमार, श्याम चौधरी, जीतेन्द्र मित्तल, धर्मेंद्र सोनी, नीलू गोयल, निधि गुप्ता, उपेन्द्रनाथ ठाकुर, संतोष कुमार, सुशील रजक, अरुण साहू, संजीव कुमार, इम्तियाज अहमद सहित नव नियुक्ति टीजीटी शिक्षकों को वीक्षण कार्य में लगाया गया था। साथ ही उक्त तीनों उत्कृष्ट विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक यथा रेशमा तिर्की, मेनका प्रजापति, अनिता कुमारी द्वारा भी प्रवेश परीक्षा संचालन में अहम भूमिका निभायी गयी।

कस्तूरबा की छात्राओं का इंटर आर्ट्स परीक्षा में 100 प्रतिशत रिजल्ट

लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार जिला के मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के छात्राओं ने इंटर आर्ट्स परीक्षा 2023 में 100% सफलता हासिल किया है। इस वर्ष विद्यालय से कुल 59 छात्राएं मैट्रिक परीक्षा में सम्मिलित हुई थी। जिसमें से 51 छात्राओं ने प्रथम स्थान और 08 छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और विद्यालय की 100% छात्राओं ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय की 03 टॉपर छात्रायें **1.प्रियंका कुमारी** (रौल नो. 001) 389 अंक 77.80% **2.स्वेता कुमारी** (रौल नो.054) 382अंक 76.40% **3.चिंता कुमारी**(रौल नो.034) 381 अंक 76.20% **4.फूल कुमारी**(रौल नो.004) 381अंक 76.20% **5.सजदा सुल्तान** (रौल नो.031)381 अंक 76.20% प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है सभी सफल हुये छात्राओं को विद्यालय के प्रिंसिपल समेत शिक्षकों ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

बेरमो की खबरें

दशहरा के अवसर पर देवनद-दामोदर महोत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

बेरमो। बेरमो अनुमंडल में ललपनिया, तेनुघाट, बोकारो थर्मल, जारंगडीह खेतको, जरीडीह बाजार, बेरमो स्टेशन, फुसरो हिंदुस्तान पुल, राजबेड़ा, चंद्रपुरा और दुग्धा में 30 मई को दामोदर महोत्सव मनाया जायेगा। गालोबाग के पंडित महानंद पाठक ने कोनार नदी पूजन के यजमान विक्की साव को पूरी विधि विधान से पूजा पाठ करवा कर कोनार नदी आरती किया गया। डीवीसी के परियोजना प्रधान ने कहा कि हमलोग के द्वारा बहुत जल्द जल एवं वायु प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी। एसटीपी निर्माण से जल प्रदूषण से मुक्ति मिलेंगी। और प्लांट के अंदर बन रहे पोलूशन से वायु प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी। दामोदर बचाओ आंदोलन के जिला सहसंयोजक श्रवण सिंह ने बताया कि गंगा दशहरा के तर्ज पर दामोदर महोत्सव के दिन दामोदर नद के साथ साथ इसके सहायक नदियों की भी पूजा की जाती हैं। ताकि नदियों से लोगों की आस्था बना रहे। किसी भी सूरत में इसकी स्वच्छता को लेकर हमलोग समझौता नहीं करेंगे। इस को दूषित करने वाले जो भी संस्थान होगी या जो भी व्यक्ति होंगे। उसके खिलाफ कठोरतम कारवाही का सभी दामोदर महोत्सव के कार्यकर्ता संकल्प लेंगे। 2004 में सरयू राय के नेतृत्व में दामोदर बचाओ आंदोलन अपनी सफलता तक पहूंची हैं। यह आंदोलन इसलिए भी सफल मानी जा रही हैं। की डीवीसी की दो परियोजना बोकारो थर्मल और चंद्रपुरा में डीवीसी प्रबंधन एसटीपी का निर्माण करवा रहीं हैं। लेकिन डीवीसी और सीसीएल के बगल में बसे लोगो को एसटीपी से नहीं जोड़ा जा रहा हैं। जिसके कारण उनके घरों का दूषित पानी पहले की ही तरह सीधे नदी में जायेगी। इस पर सरकार और प्रबंधन ध्यान दे। पहले आदमी क्या जानवर भी पानी में उतरना पसंद नहीं करती थी। दामोदर नदी के प्रति पहले मान्यता थी कि दामोदर के जल का सेवन करने से बहुत सी बीमारियां समाप्त हो जाती थी। लेकिन 2004 से पहले इसके जल का सेवन करने से लोग बीमार होने लगे थे। सरयू राय के नेतृत्व में 2004 से शुरू हुआ दामोदर बचाओ आंदोलन तब और अब हम यह कह सकते हैं। की दामोदर बिलकुल प्रदूषण मुक्त हो गया हैं। दामोदर नद को कम से कम ओधोगिक प्रदूषण से मुक्ति मिली हैं। श्रवण सिंह, जोगेंद्र गिरी, पीजी सेन, विश्वनाथ यादव, संजय मिश्रा, चंद्रदेव घांसी, सीमा देवी, बबलू सिंह, जीवन, बीके सिंह, आरबी सिंह, दिलीप राम, कुमार प्रमोद, हरदीप राम, अरुण सिंह, बिरसा रजक, दीपक रजक, रामपुकर राम, जमुना महतो, केपी महतो, मनोज यादव, भैरो महतो, हरेराम यादव, गुलाबचंद प्रजापति, मंटू मिश्रा, भूपेन कुमार, चंद्रिका रजक सहित अन्य कई लोग आदि उपस्थित रहे।

मधुकरपुर में जनता दरबार आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

कसमार। कसमार प्रखंड के मधुकरपुर पंचायत के वार्ड नंबर 15 में मंगलवार को वार्ड सदस्य राहुल स्वर्णकार द्वारा वार्ड क्षेत्र में स्थित राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में एक बैठक रखा गया। बैठक में वार्ड नम्बर 15 के ग्रामीण एवं अन्य लोग उपस्थित हुए।बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा जिसमें पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जॉब कार्ड, नरेगा संबंधित समस्या का मामला आया। जिसे यथाशीघ्र मामला को हल करने की बात उपस्थित वार्ड सदस्य राहुल स्वर्णकार ने सभी उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया। आश्वस्त करते हुए उनजोने कहा कि आपकी समस्याओं का समाधान यथाशीघ्र ही आला अधिकारियों से मिलकर करूंगा। उन्होंने कहा कि मधुकरपुर पंचायत को हर संभव भ्रस्टाचार मुक्त पंचायत बनाऊंगा। प्रयास करूंगा जहां कहीं भी मुझे लगे कि यहां भ्रष्टाचार हो रहा है। मैं उस जगह पर खड़ा रहूंगा और भ्रष्टाचारियों को मुंहतोड़ जवाब देते हुए किसी भी योजना को सही तरीके से कार्य कराने का प्रयास करूंगा और मैं कसमार प्रखंड अंतर्गत मंजूरा पंचायत के तर्ज पर मधुकरपुर पंचायत को उस ढांचे में लाने का प्रयास करूंगा और किसी भी सरकारी योजना में कहीं किसी को भी चाहे पंचायत जनप्रतिनिधि से लेकर के प्रखंड तक में किसी को कोई कमीशन नहीं दिलाने का काम करूंगा और जो मानक है, मॉडल स्ट्रीमिट है उसी प्रकार से हर योजना का कार्य कराऊंगा तभी हमारा पंचायत आदर्श पंचायत कहलायेगा।

मौके पर लोबिन नायक, दुखु नायक, बढन महतो, अनंत स्वर्णकार, केदार रजवार, धनंजय स्वर्णकार, धिरेन्द्र झा, नारायण स्वर्णकार, अजय स्वर्णकार, मथुर स्वर्णकार, जितु नायक, देवेन्द्र नायक, प्रमोद स्वर्णकार, अहलाद महतो, आशिष स्वर्णकार, मदन स्वर्णकार, सागर तिवारी, सिद्धेश्वर स्वर्णकार, अजय सिंह, बादल स्वर्णकार, रवि स्वर्णकार, ओमप्रकाश महतो, सुदीप नायक, मगंरु मुण्डा, रविंद्र नायक, प्रदीप महतो, देबु मुण्डा, गौरीबाला देवी, सुगिया देवी, और बहुत सारे गणमान्य जनता जनार्दन उपस्थित थे।

भंडारीदह में गंगा दशहरा का आयोजन

भंडारीदह/ बेरमो (आजाद सिपाही संवाददाता)। एकल अभियान ग्राम स्वराज मंच की ओर से भंडारीदाह स्थित दामोदर नदी तट पर गंगा दशहरा का आयोजन किया गया। यहॉ तट पर त्रिशुक्त वैदिक मंत्रों, गंगा सहस्त्रनाम के साथ विधिवत रूप से मां गंगा की विशेष पूजा अर्चना, हवन और आरती की गयी। इस दौरान ग्राम स्वराज धनबाद भाग प्रमुख के नंद किशोर महतो व संच प्रेरक महेंद्र महतो ने कहा कि पूरे क्षेत्र के लोगो को जागरूक कर दामोदर नदी को गंदा करने से रोक कर बचाने का काम करना है। कूड़ा कचड़ा दामोदर नदी में न बहाया जाय और दामोदर को स्वच्छ रखने की अपील किया। मौके पर बोकारो अंचल ग्राम स्वराज धनबाद भाग प्रमुख नरेश महतो, फुसरो संच प्रमुख हेंमती देवी, नावाडीह संच प्रमुख बालेश्वर महतो, बेरमो संच प्रमुख टेकलाल महतो, चंद्रपूरा संच प्रमुख मीना कुमारी, आचार्या मालती देवी, सुषमा देवी, संगीता देवी, अनिता देवी, मनीषा देवी, दुलारी देवी, प्रिति कुमारी, कौशल्या देवी, सुनीता देवी, रीता देवी, आशा देवी, आरती देवी, किरण देवी, कविता देवी, चंपा देवी आदि लोग मौजुद थे।

ग्रामीण ने पत्नी और बेटे की हत्या कर लगा ली फांसी

घटनास्थल से कुछ दूरी पर बैठी बुजुर्ग महिला सुकरो एक्का, बिरजनिया मिंज और एक अन्य महिला को भी टांगी लेकर मारने के लिए दौड़ाया

बिपिन पेशे से राजमिस्त्री था उसकी पत्नी उसका मानसिक इलाज करा रही थी

माता-पिता की मौत से उसकी दो बच्चियां हो गयी अनाथ

तीनों मृतकों के शव

घटनास्थल, जहां बिपिन ने अपनी पत्नी और बेटे की हत्या की

जान बचाकर भागी सुकरो एक्का

आजाद सिपाही संवाददाता

बसिया। थानांतर्गत सरूडा कोंडाटोली निवासी लगभग 42 वर्षीय बिपिन मिंज, पिता स्व. टेपे मिंज ने अपनी पत्नी 40 वर्षीय अनिता मिंज और 11 वर्षीय बेटे आशीष मिंज की टांगी से काटकर हत्या कर देने के उपरांत खुद आत्महत्या कर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिन के लगभग 12 बजे बिपिन की पत्नी अनिता मिंज और बेटा आशीष मिंज नहाने के लिए पास के कुआं पर गये हुए थे। इसी बीच बिपिन टांगी लेकर आया और पत्नी और बेटा के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। बिपिन द्वारा अनिता के सिर और गला पर जबकि आशीष के ऊपर बेरहमी से 7 से 8 वार किया गया। इसके बाद बिपिन घटनास्थल से कुछ दूरी पर बैठे हुए बुजुर्ग महिला सुकरो एक्का, पति स्व. कान्हू एक्का, बिरजनिया मिंज, पति जयप्रकाश मिंज एवं एक अन्य महिला को भी मारने के लिए दौड़ाया। हत्याकांड की प्रत्यक्षदर्शी रही सुकरो एक्का ने बताया कि दौड़ाने के क्रम में बिपिन बोल रहा था कि अब तुमलोगों की बारी है। हालांकि सुकरो, बिरजनिया एवं अन्य ने भाग कर अपनी जान बचाते हुए इस हत्याकांड की सूचना गांव वालों को दी। अपनी पत्नी और बेटे के हत्या करने के उपरांत बिपिन भी अपनी पत्नी और बेटे के शव के समीप स्थित करंज पेड़ में तौलिया से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका अनिता मिंज का मायके पालकोट थाना क्षेत्र के कुर्रा पाकरटोली है। बिपिन पेशे से राजमिस्त्री था और उसकी पत्नी उसका मानसिक इलाज करा रही थी। बिपिन की दो बेटियां 15 वर्षीय रेणुका मिंज और 13 वर्षीय उर्सुला मिंज हैं। उर्सुला कोनबीर स्थित कॉन्वेंट स्कूल पढ़ाई करने जाती है, जबकि रेणुका की पढ़ाई छूट गयी है। माता-पिता की ऐसे मौत से दोनो बच्चियां अनाथ हो गयीं।

घटना की सूचना पाकर पहुंची बसिया पुलिस : घटना की सूचना पाकर सर्किल इंस्पेक्टर एसएन मंडल, थाना प्रभारी छोटू उरांव, एसआइ घनश्याम कुमार रवि, चालक विनोद शर्मा ने सदलबल घटनास्थल पहुंचकर आवश्यक पुलिसिया कार्रवाई की।

बिपिन मिंज ने एक सप्ताह पूर्व भी की थी आत्महत्या की कोशिश

पूर्व वार्ड सदस्य निर्मला तिग्गा ने बताया कि लगभग एक सप्ताह पूर्व बिपिन रात दो बजे के करीब उसके घर आकर उसके घर के दरवाजा को जोर जोर से पीट रह था और हो हल्ला कर रहा था। डर से निर्मला जिस रूम में थी उसे अंदर से बन्द कर ली और सुबह देर से दरवाजा खोली, तब देखा कि उसके घर का सामान यहां वहां बिखरा पड़ा है और वह दूसरे रूम में है। तब वह उसे बाहर से बन्द कर दी और खिड़की से अंदर देखा तो बिपिन को पाया। उसके बाद निर्मला ने बिपिन के घर वालों को सूचना दी, तब उसके घर वाले आये परंतु उसे बाद में ले जाने की बात कह चले गए। थोड़ी देर बाद बिपिन भी खुद ही चला गया। दो दिन बाद जब निर्मला उक्त कमरे में गयी, तब उसने देखा कि उक्त कमरे में लगे सीलिंग पंखे में बिपिन का गंजी लटका हुआ है लेकिन तब वह ध्यान नहीं दी, लेकिन अंदाजा लगाया जा रहा है कि बिपिन द्वारा एक सप्ताह पूर्व भी आत्महत्या की कोशिश की जा चुकी थी।

एसपी ने खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई की

गुमला (आजाद सिपाही)। पुलिस अधीक्षक, गुमला डॉ एहतेशाम वकारिब ने गुमला के खिलाड़ियों को सम्मनित कर उनकी हौसला अफजाई की। उनके द्वारा महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित राष्ट्रीय मार्शल आट्र्स, जीत कुने डो मार्शल आर्ट प्रतियोगिता 2023-24 में विजेता रहे गुमला जिला के ताइक्वांडो मार्शल आट्र्स संघ के गुमला टीम को सम्मानित किया गया। इन सभी प्रतिभागियों ने गुमला जिला ही नहीं पूरे झारखण्ड का नाम रौशन किया है। इस अवसर पर एसपी डॉ एहतेशाम ने कहा कि हौसला इंसान को इक बुलंदी दिलाता है। अगर इंसान लगातार मेहनत करता रहे तो वह मंजिल के समीप जरूर पहुंच जाता है। आज गुमला के मार्शल आर्ट खिलाड़ी इसके जीवंत उदाहरण हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों तथा प्रशिक्षक को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

कांग्रेसियों ने पशुधन योजना में अनियमितता अवैध वसूली की उपायुक्त से की शिकायत

गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जिला बीस सूत्री कार्यक्रम के सदस्य रोशन बरवा, रमेश कुमार एवं अकील रहमान ने उपायुक्त सुशांत गौरव को ज्ञापन सौंपकर जिले में मुख्यमंत्री पशुधन योजना में अनियमितता, अवैध पैसों की वसूली और बीमार तथा छोटे प्रजाति के पशु एजेंसी द्वारा बांटने का मामला प्रकाश में लाया है। कांग्रेस नेता रोशन बरवा ने कहा कि जो भी एंजेसी विभाग से मिलकर गोरखधंधा कर रही है उसकी निष्पक्ष जांच हो। विभागीय पदाधिकारियों को भी ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई करने का आग्रह किया। एजेंसी मिलकर सरकार को बदनाम करने के लिए ऐसा कार्य कर रही है। इस पर कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन को बाध्य होगी। रमेश कुमार ने कहा कि गुमला शहर में पानी के लिए हाहाकार मच गया है उपायुक्त महोदय इस पर भी ध्यान दें और जल्द मोटर व्यवस्था कर पानी की शुरुआत करें। वहीं अकील रहमान ने कहा मामले का खुलासा हो और दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई हो। मौके पर सिसई प्रखंड उप प्रमुख निलेश उरांव, मुमताज खान, अजय साहू, सुबास उरांव आदि शामिल थे।

गुमला में झोलाछाप डॉक्टर ने नशे की सुई लगा कर नाबालिग लड़की के साथ किया रेप

मामला गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव का है

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। डॉक्टरों को धरती पर भगवान का दूसरा रूप कहा जाता है। लोग भरोसा करते हैं कि डॉक्टर उन्हें नयी जिंदगी देंगे, लेकिन झारखंड के गुमला में जो हुआ, उसने इस पेशे को शर्मसार किया है। दरअसल, एक डॉक्टर ने नशे का इंजेक्शन लगा कर नाबालिग का रेप किया। मामला गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव का है, जहां झोलाछाप डॉक्टर मंगलदेव लकड़ा उर्फ मंगलदेव उरांव ने इलाज कराने आयी नाबालिग को नशे का इंजेक्शन दिया और उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

इलाज करवाने गयी थी पीड़िता : एसडीपीओ मनीषचंद्र लाल ने बताया कि रविवार को नाबालिग छात्रा की तबीयत कुछ खराब थी। उसके माता-पिता छात्रा को इलाज कराने के लिए ग्रामीण डॉक्टर के पास ले गये। आरोप है कि इलाज के बहाने नशे का इंजेक्शन देकर ग्रामीण डॉक्टर ने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। नशे में रहने के कारण युवती उस समय अपने परिवार वालों को कुछ नहीं बता पायी। घर वापस आने के बाद देर रात जब बोलने की स्थिति में आयी, तो उसने घटना के संबंध में अपने परिजनों को जानकारी दी।

पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई : सोमवार को पीड़िता अपने परिजनों के साथ घाघरा थाना पहुंची और घटना के संबंध में अपना बयान दर्ज कराया। घाघरा थाना में पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मंगलदेव लकड़ा को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

रायडीह (आजाद सिपाही)। सुरसांग थाना क्षेत्र के कोब्जा झलियाबांध के 25 वर्षीय आदीम जनजाति युवक रविन्द्र बिरहोर ने अपने घर पर ही साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी ने बताया कि रविन्द्र बिरहोर हमेशा नशे का सेवन करता था और नशा करते ही अपना दिमागी संतुलन खो देता था। सोमवार शाम को रविन्द्र बिरहोर नशा कर घर आया और रोज की तरह नशे में ही अनाप शनाप बकने लगा। घर के सभी लोग खाना खाकर सो गये। सुबह उठे तो रविन्द्र बिरहोर घर के धरना में साड़ी के सहारे फांसी लगाकर झुलता हुआ मिला। इसकी जानकारी सुरसांग पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही सुरसांग थाना के एएसआई गफ्फार अंसारी दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे व शव को कब्जे में करते हुए पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये गुमला भेज दिया। वहीं थाना में यूडी केस दर्ज किया गया है।

सरना समाज को अपने अधिकारों को लेकर जागरूक और सशक्त होना होगा : चैतू उरांव

बांमदा में पहड़ा जतरा समारोह आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुमला जिला के चैनपुर प्रखंड स्थित ग्राम बांमदा में पड़हा जतरा समारोह का अयोजन किया गया। इस जतरा में बतौर मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चैतु उरांव आमंत्रित थे। उनके साथ हंदु भगत, सुखी भगत, निरंजन बाड़ा, चैतु गोप, आलोक लकड़ा, बिमल भगत, सनिल बारला आदि विशिष्ठ अतिथियों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। सभी अतिथियों का पड़हा समिति के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मौके पर चैतु उरांव ने आदिवासी समाज को जागरूक होने का आह्वान किया। श्री उरांव ने कहा कि आदिवासी समाज को आगे बढ़ने के लिए शिक्षा को सबसे अधिक महत्व देने की जरूरत है। कुरीतियों से हमें दूर रहना होगा। अपने अधिकारों को जानने की जरूरत है। जागरूक होकर हमें हमारा अधिकार लेना होगा। आज भी हम अपने अधिकारों को लेकर न तो जागरूक हैं, ना ही सजग। पड़हा जतरा के माध्यम से आदिवासी समाज को जागृत करने और उन्हें उनके अधिकारों को लेकर सशक्त बनाने का बेहतर प्रयास किया जा रहा है। सरना समाज को अपने अधिकारों को लेकर जागरूक और सशक्त होना होगा। कार्यक्रम में विभिन्न गांव के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि समाजसेवी हंदु भगत के द्वारा ही यहां पहली बार पड़हा जतरा की शुरुआत की गई थी तब से अभी तक यहां पहड़ा जतरा लगाया जाता है।

मौके पर जितेंद्र उरांव, सुनील उरांव, राजेश उरांव, शहदेव उरांव, अजय लकड़ा, अमिन उरांव, राजमोहन मुंडा, विकास मुंडा, मंशी मुंडा, सचित उरांव और काफी संख्या में सरना सामाज के उपस्थित थे।

कबाड़ महोत्सव : नगर भवन में उन्मुखीकरण कार्यशाला में कबाड़ की चीजों का सदुपयोग करने के दिये गये टिप्स

रोजमर्रा की चीजों में संसाधनों की मितव्ययिता अपनायें : उपायुक्त

गृहिणी महिलाओं तथा छात्र-छात्राओं की रही सहभागिता, आपस में नवाचारों को किया साझा

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। नगर परिषद द्वारा आयोजित कबाड़ महोत्सव 2023 के क्रम में मंगलवार को नगर भवन में 3आर अर्थात रिड्यूस, रीयूज तथा रीसाइकिल को लेकर उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन उपायुक्त सुशांत गौरव के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उद्घाटन में बड़ी संख्या में शहर की गृहिणी महिलाओं तथा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

उद्घाटन के उपरांत उपायुक्त सुशांत गौरव ने नगर परिषद द्वारा किए जा रहे अनूठे जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए जिले वासियों से अपील की कि वे रोजमर्रा की जिंदगी में चीजों का दुरुपयोग न करें। कहा कि दुनिया में संसाधन सीमित हैं इसलिए उपलब्ध संसाधनों का सर्वश्रेष्ठ उपयोग करें। उन्होंने महात्मा गांधी के उस कथन का जिक्र करते हुए लोगों को समझाने की कोशिश की कि दुनिया के पास हर व्यक्ति की आवश्यकता पूरी करने के लिए संसाधन हैं किंतु हर व्यक्ति की लालच को पूरा करने के लिए संसाधन नहीं हैं, इसलिए अपनी आवश्यकता अनुसार ही उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि बेकार पड़ी चीजों का सदुपयोग कर न केवल हम जिंदगी में बढ़ रहे कूड़े-कचरे के ढेरों को घटा सकते हैं बल्कि अपनी रचनात्मकता भी दिखा सकते हैं और अर्थव्यवस्था में भी योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम सबको एक कबाड़ी से सीखना चाहिए जो दूसरों के द्वारा रिजेक्ट किए गए सामान को खरीदकर उन्हें छंटनी करता है, पृथक-पृथक कर अलग-अलग कीमतों पर बेचता है और फिर मुनाफा कमाता है तो क्यों नहीं हमें अपनी चीजों को फेंकने के बजाय उनको पृथक कर पुनर्प्रयोग लायक बनाना चाहिए।

नगर परिषद प्रशासक संजय कुमार ने कहा कि शहर में सात दिनों तक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के पीछे एक ही लक्ष्य है स्वच्छ गुमला और सुंदर गुमला। उन्होंने कहा कि न केवल इस कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न नवाचारी जानकारियों और ज्ञान का आदान-प्रदान कर लोगों को कबाड़ से जुगाड़ की तकनीकें समझाई जाएंगी बल्कि नगर परिषद अपने स्तर से शहर में ऐसे प्रयोग कर कुछ निर्माण काम करवा कर उदाहरण भी पेश करेगा।

परस्पर साझा किए आइडिया : आज की थ्योरी वर्कशॉप में गृहिणियों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं तथा ऐसे छात्रों ने आपस में आईडिया साझा किए जिन्होंने कबाड़ से कुछ ना कुछ क्रिएटिव काम किया था। सभी ने एक-दूसरे के अच्छे आईडिया को अपनाने को कहा। कार्यक्रम में अभिजीत झा, हिमांशु मिश्रा, हेलाल अहमद, रौनक पांडे, विमला देवी, राहिल डुंगडुंग, ताशा झा, सोनाली त्रिपाठी, हिमांशु मिश्रा, सादिया निगार आदि ने भी अपने विचार रखे।

इस दौरान नगर परिषद के स्वच्छता एवं एनयूएलएम टीम के विशेषज्ञ एवं कर्मचारियों के साथ-साथ शहर की गृहिणी महिलाएं, स्कूली छात्र तथा इस क्षेत्र में रुचि लेने वाले लोग मौजूद थे।

'जंक मैन' के नाम से चर्चित शुभेंदु विश्वास आज देंगे गुमला वासियों को टिप्स

प्रशासक संजय कुमार ने बताया कि बुधवार को कबाड़ महोत्सव की इस श्रृंखला में प्रायोगिक कार्यशाला प्रस्तावित है। इस कार्यशाला में स्क्रैप की चीजों से उपयोगी चीजें बनाने का लाइव प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें जंक मैन के नाम से प्रसिद्ध जमशेदपुर के स्क्रैप आर्टिस्ट शुभेंदु विश्वास भी कल प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने शहर के क्रिएटिव सोच के युवाओं, छात्र-छात्राओं ग्रहणियों, कलाकारों तथा पर्यावरण प्रेमियों से अपील की है कि वे कल नगर भवन में प्रस्तावित इस महत्वपूर्ण सत्र में जरूर आयें।

महत्वपूर्ण न्यूज

बिशुनपुर प्रखंड परिसर में रक्तदान शिविर में 26 लोगों ने किया रक्तदान

बिशनपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय परिसर में मंगलवार को जिले में एनीमिया बीमारी से ग्रसित मरीजों को ब्लड की आवश्यकता एवं ब्लड बैंक में ब्लड की कमी को देखते हुए ब्लड डोनेट कैंप का आयोजन किया गया। जहां पर सीआरपीएफ 158 बटालियन व मुखिया, सहिया दीदी, आंगनबाड़ी सेविका सहित आम लोगों ने 26 यूनिट ब्लड डोनेट किया। मौके पर सीआरपीएफ 158 बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट सुधीर शर्मा ने बताया कि प्रखंड प्रशासन द्वारा आयोजित ब्लड कैंप में सीआरपीएफ के जवानों के द्वारा ब्लड डोनेट किया गया। साथ ही उन्होंने आम लोगों से भी ब्लड डोनेट करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आपके ब्लड डोनेट करने से किसी की जिंदगी बच सकती है। इसलिए सभी लोगों को ब्लड डोनेट करना चाहिए। इस मौके बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, सीओ धनंजय पाठक, डॉक्टर धर्मनाथ ठाकुर, बीपीएम मुकेश मिश्रा, राकेश रंजन, एनएम जिनत प्रवीण, रोहित कुमार, ब्लड बैंक से राकेश कुमार, संगीता कुजूर सहित स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम मौजूद थी।

बिशुनपुर प्रखंड प्रशासन ने बोर्ड परीक्षा में प्रखंड टॉपर सहित 80% लानेवाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। मंगलवार को जतरा टाना भगत पुस्तकालय भवन में प्रखंड प्रशासन ने मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त सभी छात्र-छात्राओं व प्रखंड टॉपर को सम्मानित किया। इस मौके पर बीडीओ चंदा भट्टाचार्य ने उपस्थित छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों ने सफलता की पहली सीढ़ी चढ़ी है। अभी और मेहनत करने की जरूरत है। यहीं से आपको लक्ष्य निर्धारित करना होगा। तभी जाकर आप अपना मुकाम हासिल कर सकते हैं। वहीं सीओ धनंजय पाठक ने कहा कि बिशुनपुर जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में छात्र-छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। बिशनपुर का सौभाग्य है कि यहां पुस्तकालय खुला है, जिसका आप लोगों को भरपूर लाभ उठाना चाहिए। आप यहां रहकर भी विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारी कर सकते हैं। सभी विषयों पर इस पुस्तकालय में 6000 के आसपास पुस्तकें है। सफलता आपको जरूर मिलेगी। साथ ही उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को कॉपी व कलम देकर पुरस्कृत किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, उप प्रमुख चंदन सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राएं व शिक्षक उपस्थित थे।

मामूली बात पर भतीजे ने चाची को चाकू मार कर किया गंभीर रूप से घायल

चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र के जारी थाना अंतर्गत हरा टोली गांव में मामूली बात पर भतीजे ने अपनी ही चाची को मंगलवार दोपहर लगभग 12:00 बजे चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने घायल महिला को तत्काल चैनपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया, जहां प्राथमिक इलाज के उपरांत बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार हरा टोली निवासी सुंदर मुंडा की 45 वर्षीय पत्नी रजनी मुंडा को घर में घुसकर खुद के ही भतीजे महेंद्र मुंडा ने पेट में चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं बीच-बचाव में एक ग्रामीण को भी हल्की चोट आई है। चाकू मारने के बाद वह वहां से फरार हो गया। इधर पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस महेंद्र मुंडा की तलाश कर रही है। पति सुंदर मुंडा ने बताया कि बेटी की शादी को लेकर घर में एक रस्म निभाई जा रही थी। जिसमें गांव की कई महिलाएं सहित भतीजे महिंद्रा की पत्नी भी शामिल हुई थी। रस्म निभाने के उपरांत सभी के बीच हड़िया दिया गया। इसी से गुस्से में आकर भतीजे महेंद्र ने मेरी पत्नी को घर में घुसकर चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर फरार हो गया।

सर्पदंश से 14 वर्षीय किशोर की मौत

सिसई (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के करकरी गांव निवासी राजेन्द्र उरांव का 14 वर्षीय पुत्र सचिन उरांव की मृत्यु सांप के डंसने से हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सचिन सोमवार की रात घर पर सोया था। रात में ही विषैले सांप ने उसे डंस लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मंगलवार सुबह पुलिस को दी गई। सिसई पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर भेज दिया, जहां से मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

प्लस टू हाई स्कूल भरनो में कॉमर्स में ज्योति कुमारी और आर्ट्स में छोटी कुमारी बनी विद्यालय टॉपर

भरनो (आजाद सिपाही)। प्लस टू हाई स्कूल भरनो में इंटर कॉमर्स की परीक्षा में 17 छात्र- छात्राओं ने परीक्षा दी थी, जिसमें शत प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे। कॉमर्स में ज्योति कुमारी 79.40% और आर्ट्स में छोटी कुमारी 74% अंक लाकर विद्यालय टॉपर रही। वहीं इंटर आर्ट्स में 285 छात्र-छात्राओं ने आर्ट्स की परीक्षा लिखी, जिसमें 89 छात्र-छात्राएं प्रथम और 173 सेकेंड डिवीजन से पास हुए। विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन को लेकर प्लस टू हाई स्कूल की प्राचार्या वरदानी टोप्पो, अजय मंडल, स्कूल के अध्यक्ष नरेश कुमार विजय कुमार असीरउद्दीन समेत अभी शिक्षा कर्मियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाई दी है।

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में इंटर आर्ट्स का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा

घाघरा (आजाद सिपाही)। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में इंटर आर्ट्स का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय से 63 छात्राओं ने परीक्षा दी थी, जिसमें 57 छात्रा प्रथम स्थान एवं 6 छात्रा द्वितीय स्थान से पास की है। जिसमें श्वेता कुमारी 88.6 प्रतिशत, अनिता कुमारी 87.8, सुमन कुमारी 87.8, सृष्टि कुमारी 87.6, रश्मि कुमारी 87.4, निशा कुमारी 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

पलामू के प्रमंडलीय प्रभारी गणेश मिश्रा ने जनसंपर्क अभियान के लिए की बैठक

सफल बनाने के लिए दिया मंत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। भाजपा जिला कार्यालय पलामू में महा जन-संपर्क अभियान को लेकर गढ़वा एवं पलामू जिले की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक एवं संचालन जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मुख्य अतिथि प्रमंडलीय प्रभारी गणेश मिश्रा सहित सभी गणमान्य नेताओं ने पुष्पांजलि कर की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष ने महा जनसंपर्क अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अब तक के किए गए कार्यों से मुख्य अतिथि समेत बैठक में शामिल सभी पदाधिकारियों को अवगत कराया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि गणेश मिश्रा ने कार्यक्रम की बारीकियों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए प्रत्येक तारीखों को तय कार्यक्रम के अनुसार सफलतापूर्वक करने का सुझाव दिया और कहा इस कार्यक्रम की सफलता भारतीय जनता पार्टी को आगामी 2024 के चुनाव में उस मुकाम को हासिल कराने में मील का पत्थर साबित होगी जिसकी कल्पना पार्टी के केंद्रीय नेताओं ने कर रखी है।

कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन गढ़वा जिला के जिला महामंत्री विकास स्वदेशी ने किया

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह,प्रेम सिंह, गढ़वा के पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह,बिपिन बिहारी सिंह, विनोद सिंह, नरेंद्र पांडे, अविनाश वर्मा, मुकेश निरंजन सिन्हा, प्रफुल्ल सिंह, कर्नल संजय सिंह, अमित तिवारी, गढ़वा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, विजय ओझा, ईश्वरी पांडे, सूरज प्रसाद गुप्ता, सोमेश सिंह, राकेश रंजन दुबे एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अवैध बालू लदे अनियंत्रित ट्रैक्टर के धक्के से गिरी चहारदीवारी

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर प्रखंड के सेवरा गांव में अवैध बालू से लदा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर चारहदीवादी से टकरा गया। जिससे चारहदीवारी ध्वस्त हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को घेर कर स्थानीय प्रसाशन को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंचे विश्रामपुर सीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम ने गाड़ी को जब्त कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार लालगढ़ गांव के पास कोयल नदी से बालू का अवैध खनन व परिवहन धड़ल्ले से होता है। पहले बालू माफिया खनन व परिवहन रात के अंधेरे में करते थे। लेकिन अब दिन के उजालों में भी बेखौफ होकर अवैध बालू का कारोबार कर रहे है। इसी कारोबार के क्रम में मंगलवार को दिन के नौ बजे एक बालू लदा अनियंत्रित ट्रैक्टर सेवरा गांव निवासी रामजी यादव के चारहदीवादी को मार कर गिरा दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को घेर कर विश्रामपुर सीओ व रेहला थाना प्रभारी को फोन पर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही सीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने ट्रैक्टर जब्त कर रेहला पुलिस को सौंपा। अग्रतर कार्रवाई हेतु सीओ ने खनन विभाग से परामर्श मांगा है। जब्त ट्रैक्टर लालगढ़ पंचायत के किसी व्यक्ति का बताया जा रहा है। ग्रामीणों की माने तो लालगढ़ ग्राम पंचायत के पास कोयल नदी से बालू का उत्खनन व परिचालन ब्यापक स्तर पर होता है। दर्जनों ट्रैक्टर बालू के इस अवैध कारोबार में रात-दिन लगे रहते है। हलाकि प्रसाशन की इस त्वरित कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

साप्ताहिक जनता दरबार में फरियादियों की लगी भीड़

डीसी ने समाधान का दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने लोगों की समस्याएं को बारी-बारी से सुना और निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में भूमि सीमांकन, भूमि विवाद, राशन, अवैध कब्जा आदि समस्याओं को लेकर लोग उपस्थित हुए। जनता दरबार में हरिहरगंज के ग्राम तुरी से आयी विधवा महिला फुलिया कुंवर ने उपायुक्त को बताया कि उनकी सामाजिक व आर्थिक स्थिति के मद्देनजर सरकार की ओर से उन्हें 2022-23 में अंबेडकर आवास का लाभ दिया गया है जिसके अंतर्गत प्रथम किश्त के रूप में उनके बैंक खाते में चालीस हजार रुपये की राशि भी उपलब्ध कराया गया है। महिला ने उपायुक्त को बताया कि आवास निर्माण कार्य को स्थानीय दबंगों द्वारा रोकवा दिया गया था जिसके बाद उपायुक्त के स्तर से हरिहरगंज के अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी से सुस्पष्ट मंतव्य के साथ प्रतिवेदन की मांग की गई थी लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी संबंधित दोनों पदाधिकारियों द्वारा प्रतिवेदन वरीय पदाधिकारी को अप्राप्त है जिससे आज भी उनका आवास निर्माण कार्य लंबित है अतः उन्होंने उपायुक्त से इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग की। इसी क्रम में मनातू के ग्राम कुंडलपुर से आये रीता देवी ने कुंडलपुर ग्राम में आंगनवाड़ी सेविका शोभा कुमारी द्वारा ग्रामसभा में फर्जी मैट्रिक व इंटर के सभी कागजातो के जांच कराने की मांग की। वहीं रेहला से आये विपिन कुमार चौबे ने बताया कि उनके पिता की मृत्यु मेदिनीनगर कारा में हो गयी था लेकिन आज तक उनको किसी प्रकार का प्रोत्साहन राशि की भुगतान नहीं किया गया है अतः उन्होंने उपायुक्त से उच्च न्यायालय रांची के आदेशानुसार प्रोत्साहन राशि का भुगतान करवाने हेतु अनुरोध किया। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। डीसी श्री दोड्डे ने प्राप्त शिकायतों का समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया।

उपायुक्त ने विभिन्न मामलों को लेकर कई बीडीओ-सीओ को किया फोन

जनता दरबार में आये विभिन्न फरियादियों के मामलों के निष्पादन हेतु उपायुक्त ने तरहसी सीओ,सदर एसडीओ, मनातू बीडीओ,विभिन्न अंचलाधिकारी समेत कई पदाधिकारियों को ऑन स्पॉट फोन कर मामलों का तेज गति से निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया।

बीडीएम ट्रेन का परिचालन नहीं होने के खिलाफ रेल उपभोक्ता समिति ने दिया धरना

हुसैनाबाद। पूर्व मध्य रेलवे के सीआईसी रेलखंड पर चौथी बार घोषणा के बावजूद बरकाकाना से वाराणसी पैसेंजर ट्रेन नहीं चलने से नाराज रेल उपभोक्ता समिति के सदस्यों ने हैदरनगर स्टेशन पर मंगलवार को एक दिवसीय धरना दिया। समिति ने स्टेशन प्रबंधक को एक ज्ञापन सौंपकर कहा कि गरीब यात्रियों के हित में पांच माह से बंद पड़ी उक्त ट्रेन को अविलंब चलाई जाये। मुख्य पथ को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कराने, नियत समय पर ट्रेनों को चलाने के लिए लूज टाइमिंग को दुरुस्त करने, स्पेशल ट्रेन का दर्जा हटाने , सभी ट्रेनों में कम से कम 15 बोगी का संयोजन करने की मांग समिति ने की है। वहीं हैदरनगर स्टेशन के दोनों प्लेटफार्म पर समुचित पेयजल, शौचालय, रौशनी की व्यवस्था कराने की भी मांग रेल प्रशासन से की गयी है। धरना में मुख्य रूप से मनोज शर्मा, मुखिया जीतेन्द्र सिंह व सुदर्शन राम, राजू खान, गुप्तेश्वर पांडेय, अजहर अली, सज्जू खान, प्रेमतोष सिंह सहित कई अन्य सदस्य शामिल थे।

देवरी ओपी पुलिस ने चिपकाया इश्तहार

हुसैनाबाद। देवरी ओपी पुलिस ने हुसैनाबाद थाना कांड संख्या 85/2022 का फरार अभियुक्त ओपी क्षेत्र के बुधुआ गांव निवासी अनिल ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर के घर पर जाकर इश्तेहार चिपकाया। इस संबंध में देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम ने बताया कि दोनों को भा. द.वि. 498 ए.के. प्राथमिक अभियुक्त है। जो फरार चल रहे है। न्यायालय से निर्गत इश्तेहार को उसके घर चिपकाया गया। इनके साथ देवरी ओपी पुलिस बल के कई जवान मौजूद थे।

पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरू

सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। सतबरवा रामघाट सूर्य मंदिर परिसर मे पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया के सतबरवा प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ने मुख्य जजमान संतोष प्रसाद व उनकी धर्मपत्नी को कलश दे कर किया। जल यात्रा रामघाट से शुरू होकर एनएच 39 होते हुए राधा कृष्ण मंदिर पहुंची। वहां से जल भरकर मेला टांड़ महावीर चौक होते हुए पुनः रामघाट यज्ञ मंडप पहुंची जहां वाचस्पति शास्त्री के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश की स्थापना कराया गया। इस दौरान जल यात्रा में शामिल सैकड़ों की संख्या में शामिल महिलाएं पुरुष बच्चे जयकारा लगाते हुए झूमते नजर आए।यज्ञ समिति के अध्यक्ष निर्दोष कुमार ने बताया कि श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ रामघाट पहली बार आयोजन किया गया है जो 5 दिनों तक चलेगा। इस दौरान दिन में यज्ञ मंडप की परिक्रमा और श्री रामचरितमानस का पाठ होगा साथ ही रात्रि में बनारस बीएचयू से आए हुए प्रवचन कर्ता के द्वारा प्रवचन किया जाएगा। समिति के द्वारा इस पावन मौके पर पूणार्हुति के दिन भंडारे का भी आयोजन किया गया। मौके पर सचिव ददन प्रसाद,जिप सदस्य सुधा कुमारी, समाजसेवी अजय उरांव, अभय कुमार, जितेंद्र प्रसाद,चंदन प्रसाद,कंचन कुमार, आशीष कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

सीटू के स्थापना दिवस पर 6 जून को रांची चलो का आह्वान

मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए सीटू का संघर्ष जारी रहेगा : संजय पासवान

6 जून को रांची में श्रम विभाग नेपाल हाउस के समक्ष आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया

आजाद सिपाही संवाददाता

झुमरीतिलैया। सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) का 53 वां स्थापना दिवस के अवसर पर श्रम और पूंजी के संघर्ष में मजदूरों की एकता को और मजबूत किए जाने का और शासक वर्ग के तमाम षड्यंत्रों को ढ़ाहते हुए आगे बढ़ने का संकल्प लिया। 6 जून को रांची में श्रम विभाग नेपाल हाउस के समक्ष आयोजित राज्य स्तरीय प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया। इस अवसर पर झुमरीतिलैया के वार्ड नंबर एक के अंतर्गत मजदूर बस्ती नरेश नगर में सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने हंसुआ हथौड़ा युक्त लाल झंडा फहराकर कार्यक्रम की शुरूआत किया। सीटू नेता ने मजदूर आंदोलन की एकता और संघर्ष के 53 साल के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए कहा कि देश के सबसे जुझारू और संघर्षशील मजदूर संगठन सीटू की इन सफलताओं में सैकड़ों कार्यकर्ताओं व नेताओं की कुबार्नी है। अपनी जान तक गंवाकर भी लाल झण्डा उठाए रखने का योगदान है। 1970 मे अगर सीटू नहीं बनता तो बहुत मुमकिन था कि देश का श्रमिक आंदोलन अपनी धार ही नहीं बल्कि अस्तित्व भी खो बैठता। भाजपा नेतृत्व वाली मोदी सरकार ने पिछले 9 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था को खोखला कर जनता के विशाल बहुमत पर भारी मुसीबतों का बोझ डाल दिया है। इनकी नीतियां न केवल हमारी अर्थव्यवस्था बल्कि हमारे देश की एकता और अखंडता के लिए भी विनाशकारी साबित हुई है। महंगाई से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए सीटू का संघर्ष जारी रहेगा। निर्माण कामगार यूनियन के सचिव प्रेम प्रकाश ने कहा कि केंद्र सरकार अक्रामक तरीके से राष्ट्रीय संपत्ति, सार्वजनिक उपक्रमों, वित्तीय संस्थानों का निजीकरण कर रही है। पूंजीपतियों के टैक्स और लाखों करोड़ों का कर्जा माफ किया जा रहा है। इसके खिलाफ और श्रम कानूनों में दिए गए अधिकारों की रक्षा, रिक्त पदों पर बहाली सहित अन्य मांगों को लेकर 6 जून को रांची में सीटू की रैली में सैकड़ों मजदूर शामिल होंगे। कार्यक्रम में निर्माण यूनियन के कोषाध्यक्ष शम्भु पासवान, लोकन साव, दिलीप भूइयां, चांदो भूइयां, प्रदीप कुमार, पिन्टु कुमार, मनोज ठाकुर, महेन्द्र प्रसाद, गीता देवी, सुनीता देवी, सरिता देवी, उर्मिला देवी, राधिका देवी, गीता देवी, कलवा देवी, किरण देवी, मीना देवी आदि शामिल थे।

दहेज प्रथा समाज के लिए अभिशाप है : धीरज मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू प्रमंडल के सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा ने कहा है कि दहेज प्रथा और शादी विवाह में डीजे बाजा, बम पटाखा,नाच गाना,ऑर्केस्ट्रा जैसी फिजूलखर्ची पर रोक लगाने एवं डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास पर होने वाले लड़ाई झगड़े मारपीट और ओझा गुणी बनकर समाज के निचले अशिक्षित तबके के लोगों से इलाज करने के नाम पर नाजायज रुपए ऐंठने पर रोकथाम लगाने हेतु अपनी सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता से जुड़े सक्रिय सदस्यों के साथ पलामू प्रमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाकर लोगों को फिजूलखर्ची से होने वाले नुकसान और डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास और ओझा गुणी से बचाव के प्रति जागरूक और प्रेरित किया जायेगा।सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के संस्थापक सह संचालक धीरज ने बताया कि आए दिन अखबार और सोशल मीडिया के माध्यम से डायन बिशाही मामले में लड़ाई झगड़े और मारपीट करने एवं शादी व्याह में ऑर्केस्ट्रा नाच गाने कार्यक्रम के दौरान आपसी रिश्तों में लड़ाई झगड़े और मारपीट करने की खबरें आती रहती हैं। इस पर लगाम लगाने की जरूरत है। अगर सभी लोग यह बात मन में ठान लें कि शादी विवाह में डीजे, बम पटाखा तथा नाच गाना पर होने वाली फिजूल खर्ची नही की जायेंगी तो फिर लोगों को शादी विवाह में फिजूलखर्ची पर रोक लगाने से आर्थिक बचत होने से लाभ होगा , साथ ही समाज का उत्थान भी होगा।

भोजपुरी गायक विजय बवाली गिरफ्तार

मारपीट के एक मामले में पुलिस को थी तलाश, भेजा गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। स्थानीय भोजपुरी गायक विजय बवाली उर्फ विजय विश्वकर्मा को विश्रामपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी शशि रंजन ने बताया कि विजय विश्वकर्मा विश्रामपुर थाना कांड संख्या 58/23 का नामजद प्राथमिक अभियुक्त है। उसपर मारपीट का मामला दर्ज है। वह पिछले कुछ दिनों से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर आज उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। **दहेज उत्पीड़न मामले में एक महिला गिरफ्तार :** विश्रामपुर पुलिस ने घरटिया गांव से एक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी शशि रंजन बताया कि घरटिया के उर्मिला देवी पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज था। जो विश्रामपुर थाना कांड संख्या 28/23 की नामजद प्राथमिक अभियुक्त थी। उर्मिला देवी पर दहेज के लिये अपनी देवरानी को प्रताड़ित करने का आरोप है।

स्पोर्ट्स

ट्रॉफी जीतने के बाद कॉमेंटेटर हर्षा भोगले ने धोनी से पूछा कि क्या ये आपका आखिरी सीजन था? धोनी ने कहा- फिटनेस सही रखनी पड़ती है। भगवान मुझ पर भी मेहरबान रहे हैं।

आइपीएल जीतकर धोनी बोले- आज रिटायरमेंट का एलान आसान होता

अगली बार के लिए कड़ी मेहनत मुश्किल, पर ये फैंस को मेरा तोहफा होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स ने पांचवीं बार आइपीएल खिताब जीता है। इस जीत के बाद 41 साल के धोनी ने संन्यास लेने की अटकलों पर फिलहाल दरकिनार कर दिया। उन्होंने कहा- उरङ के फैंस से मुझे जितना प्यार मिला है, उनके लिए एक और सीजन खेलना का तोहफा होगा।

फाइनल में हार के बाद गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने धोनी को लेकर कहा, 'मैं उनके लिए बहुत खुश हूं, उनके लिए किस्मत ने ऐसा लिखा था।'

धोनी ने कहा- अभी रिटायरमेंट आसान, अगले सीजन के लिए कड़ी मेहनत मुश्किल

ट्रॉफी जीतने के बाद सोमवार देर रात धोनी ने कहा- अगर आप मौका देखें तो रिटायरमेंट की घोषणा के लिए ये सबसे अच्छा समय है। मेरे लिए सबको धन्यवाद देते हुए रिटायर होना आसान है। जबकि 9 महीने कड़ी मेहनत करना और एक और क्ढछ सीजन खेलना मुश्किल काम है। ये मेरी ओर से तोहफा होगा। ये मेरी बॉडी के लिए आसान नहीं होगा।

ट्रॉफी जीतने के बाद कॉमेंटेटर हर्षा भोगले ने धोनी से पूछा कि क्या ये आपका आखिरी सीजन था? धोनी ने कहा- फिटनेस सही रखनी पड़ती है। पिछले साल डेब्यू सीजन में गुजरात को खिताब दिलाने वाले हार्दिक ने फाइनल में हार के बाद कहा, 'मैं उनके (धोनी) लिए बहुत खुश हूं। किस्मत ने उसके लिए यही लिखा था।' उन्होंने कहा, ह्यअगर मुझे हारना है, तो उनसे हारने में कोई दिक्कत नहीं है। अच्छे लोगों के साथ अच्छी चीजें होती हैं और वो उन सबसे अच्छे लोगों में से एक हैं जिन्हें मैं जानता हूं। भगवान मुझ पर भी मेहरबान रहे हैं, लेकिन आज रात उनकी थी। जीत के बाद रविंद्र जडेजा ने ट्वीट किया, ये हमने केवल और केवल एमएस धोनी के लिए किया। माही भाई आपके लिए तो कुछ भी।' जडेजा ने धोनी और अपनी पत्नी रिवाबा के साथ फोटोज भी ट्वीट की हैं। इनमें सभी ट्रॉफी के साथ नजर आ रहे हैं। शुभमन गिल बोले- मेरी कड़ी मेहनत सही दिशा में जा रही है आइपीएल में ऑरेंज कैप यानी सबसे ज्यादा रन बनाने का खिताब जीतने वाले के बैटर शुभमन गिल ने कहा, मुझे लगता है।

जयनगर में भाकपा का प्रदर्शन

ट्रांसफर पोस्टिंग उद्योग बन गया : मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता

जयनगर। भाकपा अंचल कमेटी जयनगर के द्वारा मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन के पूर्व पेठियाबागी चौक से आक्रोश पूर्ण जुलूस निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व अंचल मंत्री अर्जुन यादव, ब्रह्मदेव दास, महेश प्रसाद सिंह कर रहे थे। जुलूस के दौरान जयनगर बीडीओ सीओ होश में आओ, तेरी मनमानी नहीं चलेगी प्रखंड व अंचल में बिचौलिया गिरी नहीं चलेगी आदि नारे लगाए जा रहे थे। जुलूस प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन में तब्दील हुआ धरना की अध्यक्षता जिला कार्यकारिणी सदस्य पूर्व उप प्रमुख विरेंद्र यादव ने किया। धरना को संबोधित करते हुए हजारीबाग के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, भाकपा राज्य मंत्री महेंद्र पाठक, भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि झारखंड में ट्रांसफर पोस्टिंग उद्योग बन गया है। जो पदाधिकारी पैसा खर्च करके पोस्टिंग कराता है उससे कई गुना अधिक आम जनता से वसूल लेता है। बिना कमीशन के कोई काम नहीं होता है। विगत 6 माह से ग्रीन कार्ड में अनाज नहीं मिल रहा है, गरीबों को आवास नहीं मिल रहा है। धरना स्थल पर पहुंचकर अंचलाधिकारी ने 12 सूत्री मांग पत्र लिया। धरना को पुरुषोत्तम यादव, महेश प्रसाद सिंह, एटक की प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया देवी, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिलाध्यक्ष रंजन कुमार रजक, जिला सचिव कयूम उद्दीन, दुर्गा राय, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, राजेंद्र रजक ने भी संबोधित किया।

आर्ट्स में स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज का परिणाम शत प्रतिशत

आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा। स्वामी विवेकानंद इण्टर कॉलेज महुदा के छात्र-छात्राओं ने झारखण्ड बोर्ड की इंटर आर्ट्स की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल के साथ अपने अभिभावक व क्षेत्र का नाम रोशन किया। कॉलेज से कुल 102 बच्चो ने परीक्षा में भाग लिया, जिसमें 90 बच्चें प्रथम श्रेणी और 12 बच्चें दूसरी श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इस दौरान स्वामी विवेकानंद इण्टर कॉलेज के प्राचार्य एस कुमार और सचिव सिकंदर हुसैन ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं स्कूल के टॉप-10 बच्चों में प्रथम स्थान पायल कुमारी 422, दूसरा स्थान बिंदु कुमारी 420, तीसरा स्थान मुस्कान कुमारी और अंजलि कुमारी 401,चौथा स्थान प्रीति कुमारी 395, पांचवा स्थान नीतू कुमारी 391, छठा स्थान खुशबू कुमारी 385, सातवां स्थान आयशा खातून 384, आठवां स्थान निक्की कुमारी 382, नौवां स्थान स्वीटी कुमारी और नीलम कुमारी 378, नीलम, दसवां स्थान मुस्कान कुमारी 377 अंक लाकर कॉलेज का नाम रौशन किया। इस मौके पर कॉलेज के सचिव एस हुसैन, प्राचार्य एस कुमार,उप प्राचार्य प्रेमचंद रवानी और कॉलेज के सभी शिक्षकों ने उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

सफाई के संदर्भ में डीसी को दिया ज्ञापन

बोकारो (आजाद सिपाही)। विगत कई महीनों से जलकुंभियों की मार झेल रही चास के हृदय स्थल भोलू बांध तालाब के जीणोर्धार, अतिक्रमण और तत्काल जलकुंभियों के सफाई के संदर्भ में पूर्व में चास नगर निगम को पत्राचार के बाद दो दिवसीय धरना के बाद भी उपयुक्त कदम नहीं उठाने को लेकर बोकारो उपायुक्त को समस्याओं से अवगत कराते हुए चास तालाब पुनरुद्धार समिति के द्वारा ज्ञापन दिया गया। तथा जल्द संज्ञान लेने के लिए निवेदन किया गया। मौके पर संयोजक माथुर मोदक, सामाजिक कार्यकर्ता अमृत बाउरी, अमर चौरसिया, शंभू दास, बुधेश्वर घोषाल, पन्ना लाल साव,अभिषेक तिवारी आदि थे।

समर कैंप का उद्देश्य बच्चों का बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास करना है: संजू डालमिया

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। मारवाड़ी महिला समिति धनबाद शाखा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप के दूसरे दिन बच्चों ने सर्वप्रथम गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना किया।उसके बाद योग प्रशिक्षक अंजलि साहू द्वारा जुंबा का क्लास करवाया गया। फिर सभी बच्चों ने बिंगो गेम को खूब इंजॉय किया।उसके उपरांत अध्यात्म हेतु बबीता पोद्दार द्वारा गीता श्लोक का पाठ करवाया गया। तत्पश्चात प्रीति अग्रवाल द्वारा बच्चों को वेस्ट से बेस्ट क्राफ्ट सिखाया गया।समिति के अध्यक्ष संजू डालमिया ने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों का बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास करना है फिर पर्यावरण रक्षा हेतु बच्चों से पौधारोपण करवाया गया अंत में राष्ट्रीयता से जोड़ने हेतु बच्चों से राष्ट्रीय गान करवाया गया, सभी बच्चों ने लजीज व्यंजनों का लुफ्त लिया। इस अवसर पर समिति की सचिव प्रीति अग्रवाल कोषाध्यक्ष प्रीति अग्रवाल, उर्मिला गुटगुटिया,विमला बंसल,अनीता मिश्रा, कल्पना पाटोदिया,शारदा बजाज,अनीता मुकीम, अनीता अग्रवाल,सीमा जालान,सारिका सिंघल, नेहा पोद्दार,मोनिका अग्रवाल,रेनू जगनानी इत्यादि मौजूद थे।

जनता श्रमिक संघ की संयुक्त महामंत्री बनी रागिनी, बधाई देनेवालों का लगा तांता

मजदूर हित में सदैव रहूंगी तत्पर, उनके हक की लड़ाई मजबूती से लड़ी जायेगी: रागिनी

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। झरिया कतरास मोड़ स्थित कार्यालय में मंगलवार को जनता श्रमिक संघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। जिसमें कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रों से सिंह मैंसन और संघ के सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। बैठक के दौरान पूर्व विधायक संजीव सिंह की धर्मपत्नी रागिनी सिंह को सर्वसम्मति से जनता श्रमिक संघ का संयुक्त महामंत्री बनाया गया तथा कोयला खाद्य स्टील आदि सरकारी और गैर सरकारी हर उद्योग में संघ के गठन, विस्तार और सशक्तिकरण के लिए अधिकृत किया गया। इस मौके पर उपस्थित सदस्यगणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए संयुक्त महामंत्री रागिनी सिंह को बधाई और शुभकामनाएं दी। मजदूर हक में लड़ाई को और मजबूती से लड़ा जायेगा। इस दौरान मुख्य रूप से जनता श्रमिक संघ के अध्यक्ष संतोष सिंह, उपाध्यक्ष प्रदीप सिंहा, संयुक्त महामंत्री अभिषेक सिंह लक्की सिंह के साथ संतोष महतो, शफीर खान, गोलू रवानी,अमित गुप्ता, रघुनंदन प्रसाद, इंद्रजीत सिंह, मनोज कुमार श्रीवास्तव, मनोज गोप, पप्पू पासवान,सेलो पासवान, अनिल नोनिया, रामबालक मुखिया, कन्हाई चौहान, सतेंद्र केवट, विशाल बरनवाल, श्रीप्रकाश सिंह, अरुण कुमार सिंह, बिंदेश्वर सिंह, रमाशंकर महतो, शंकर तुरी, संजीव सिंह, मंटू यादव, फेकू सिंह, निहाल रवानी, अमर सिंह, दिनेश पासवान, प्रेम गोप,छोटू सिंह, साजन सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में विभिन्न क्षेत्रों के संगठित और असंगठित मजदूर भाई बहन उपस्थित थे।

जोगता नागरिक समिति ने प्रेसवार्ता कर विधायक के खिलाफ खोला मोर्चा

बाघमारा को अशांत नहीं होने देंगे: अनुज

आजाद सिपाही संवाददाता

सिजुआ। नाबालिक बच्ची के साथ हुए अत्याचार और मोदीडीह कोलडंप के मजदूरों की समस्या को लेकर जोगता नागरिक समिति ने बाघमारा विधायक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार सिंहा ने मंगलवार को सैकड़ो मजदूरों के साथ अपने आवसीय कार्यालय में प्रेसवार्ता का आयोजन कर बताया कि मोदीडीह कोल डम्प में सैकड़ों मजदूर कार्यरत है सभी मजदूरों को समय पर मजदूरी मिल रही है, और सभी खुशहाल है। लेकिन बाघमारा बिधायक के गुर्गो द्वारा गलत तरीके से बयानबाजी कर मजदूरों को बरगलाने का कोशिश किया जा रहा है जो गलत है। बताया कि बिधायक के कुछ गुर्गों द्वारा हाल ही में एक नाबालिक बच्ची को रांची ले जाकर गलत कार्य में लगाया गया था। जिसके बाद हम लोगों ने प्रशासन के साथ मिलकर उस लड़की को वापस लाये। हालांकि इस मामले में जोगता थाना में भी कांड अंकित हो चुका है। इस प्रकार से विधायक के सह पर उसके गुर्गों द्वारा बार बार जोगता को अशांत करने की कोशिश की जा रही है जिसे हरगिज बर्दास्त नही किया जाएगा। मौके पर निर्मल कुमार, मंगल चौहान, मानु महतो, हसीम खान, असगर मियां, अजय चौहान, राजा चौहान, संजय तुरी, महेश साव, टूमनाथ यादव, संजय वर्मा, शान्ति देवी, बिंदवा देवी, बेबी देवी, हसीना खातून, बिना देवी ,सबिता देवी,आरती देवी, सरिता देवी, समेत जोगता नागरिक समिति के सभी सदस्यगण और मोदीडीह कोल डम्प से सैकड़ों मजदूर शामिल थे

बच्चों में भारतीय संस्कृति अपनाने की प्रवृत्ति जगायें

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। जुनकुंदर प्रोजेक्ट कॉलोनी में चल रहे पांच दिवसीय श्री श्री शिव परिवार हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में मंगलवार को राम कथा के अंतिम दिन कथा व्यास देवी शिखा चतुर्वेदी (वृंदावन) ने कहा कि लोगों को तिलक लगाना, शिखा रखना, धोती पहनना यह सब आडंबर लगता है, लेकिन फटी जींस पहनने में शर्म नहीं आती। उन्होंने कहा कि भगवान ने सबको एक समान जातियां बनायी है। लेकिन जातिवाद तो हमने बनायी। मानव ने तो भगवानों को भी बांट दिया है। एकता नहीं रहेगी तो मतभेद होगा।उन्होंने विदेशी सभ्यता को तिरस्कार कर भारतीय संस्कृति और सभ्यता अपनाने की बात कही, कहा की विदेशी संस्कृति अपनाने से आपके घर के बच्चे कभी आपकी सेवा नही करेंगे।

टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन

धनबाद (आजाद सिपाही)। रेलवे स्टेडियम में इंडिगो क्लब और डीएसए रेलवे के संयुक्त तत्वावधान में आमंत्रण कप डे-नाईट टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का रंगारंग उद्घाटन मंगलवार की शाम हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद रेल मंडल के एडीआरएम आशीष कुमार झा और झारखंड फुटबाल एसोसिएशन के जेनरल सेक्रेटरी गुलाम रब्बानी ने संयुक्त रुप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और गुब्बारा उड़ा कर किया। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। मौके पर रेलवे के खेल अधिकारी अजीत कुमार, रेल एसपी आलोक प्रियदर्शी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक सिंह, इंडिगो क्लब के अध्यक्ष इश्तियाक अहमद, जनरल सेक्रेटरी एस ए रहमान, धनबाद डायमंड के सौमिक बनर्जी, बीसीसीएल से मोहम्मद मुबारक, धनबाद फुटबॉल एसोसिएशन के सलाउद्दीन, आमिर हाशमी, परवेज आलम, रहमानी आदि मौजूद थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

टण्डवा पुर्नगठन ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना के अंतिम मापी हेतु M/S National Engineering Services, Luv Kush Tower, Exhibition Road, Patna को दिनांक 01.06.2023 को पूर्वाहन 11:00 बजे योजना स्थल पर पहुँचने का निर्देश दिया जाता है। यदि आप उक्त स्थल पर निर्धारित तिथि को ससमय नही पहुँचते है तो विभाग द्वारा एकतरफा अंतिम मापी करते हुए अग्रेतर कार्यवाही करने हेतु बाध्य होगी तथा अंतिम मापी आपको स्वीकार करना होगा।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल
चतरा

PR 298683 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

सुख हो या दुख किसी भी स्थिति में प्रभु का नाम न भूलें: गंगा मिश्रा

कतरास (आजाद सिपाही। मनुष्य जीवन में लोगों को बचपन से ही भगवान के प्रति भक्ति रखनी शुरू कर देनी चाहिए और वृद्धावस्था में भजन कीर्तन करनी चाहिए। इस कलियुग में प्रभु का नाम लेने मात्र से ही पाप कम हो जाते है। उक्त बातें आमडीह घोराठी में आयोजित पांच दिवसीय श्री श्री 108 रुद्र चंडी महायज्ञ सह मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दौरान आयोजित प्रवचन के दौरान वृंदावन से आयी कथा वाचिका गंगा मिश्रा ने कही। सच्चे मन से जो भी इंसान भगवान को याद करते है उनकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है। मनुष्य को अपने जीवन काल के दौरान किये गये कार्यो का हिसाब किताब मृत्युपरांत अवश्य देनी पड़ती है। जो मनुष्य अच्छे कर्म करते है उन्हें स्वर्ग तथा बुरे कर्म करने वालों को नर्क में स्थान मिलता है। इसलिए मनुष्य को चाहिए कि वह अपने जीवनकाल में सारे कष्टों को भूलकर अच्छे कर्म करते रहना चाहिए। इधर पांच दिवसीय महायज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार को आचार्य रमेश पांडेय के देखरेख में अन्य विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यजमान में सपत्नीक बैठे मनोज शर्मा,अरुण शर्मा, कुलदीप शर्मा, प्रकाश शर्मा, अशोक शर्मा,नरेश शर्मा तथा नंदकिशोर राय द्वारा देवी देवताओं की पूजा अर्चना किया गया। यज्ञाचार्य रमेश पांडेय ने बताया कि दूसरे दिन नित्य पूजा अर्चना के पश्चात वेदी पूजन और संध्या आरती किया गया। यज्ञ के तीसरे दिन नवनिर्मित मंदिर में स्थापित होने वाले देवी देवताओं की प्रतिमाओं का नगर भ्रमण कराया जायेगा।

कोल हैंडलिंग इकाई में एक टन लिफ्ट का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। कोक ओवन के कोल हैंडलिंग प्लांट के साइलो में एक टन लिफ्ट का उद्घाटन अधिशासी निदेशक बिरेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य महाप्रबंधक विपिन कुमार सिंह, राकेश कुमार, शालिग्राम सिंह, महेश कुमार लाल, प्रकाश कुमार, रंजन कुमार बेहरा, आर एन बिस्वास, समीर स्वरूप गर्ग और अन्य अधिकारी, कर्मचारी और संविदा कर्मी उपस्थित थे। कोक ओवन साइलो में अस्थित इस लिफ्ट का जीर्णोद्धार आरोही एलिवेटर लिमिटेड द्वारा अभिषेक सिंह की देख-रेख में किया गया। एक हजार किलो क्षमता की इस लिफ्ट का उपयोग कर्मचारी, उपकरण, यंत्र और अन्य सामान के परिवहन में होता रहा है। काफी लंबे समय से इस्तेमाल के बाद इस लिफ्ट की तकनीक आउटडेटेड और पुरानी हो गयी थी। लिफ्ट सिस्टम को सुरक्षित तथा सुचारू बनाने के लिए इसका जीर्णोद्धार किया गया और वी3एफ ड्राइव, माइक्रोप्रोसेसर आधारित कंट्रोल सिस्टम जैसी आधुनिक तकनीक और उपकरणों को लगाया गया। यह लिफ्ट कोक ओवन के उत्पादन में काफी उपयोगी रहेगा। आधिशासी निदेशक ने कोक ओवन और कोल हैंडलिंग प्लांट में निरंतर उत्पादन में लिफ्ट के सुचारु रूप से उपयोग की अहमियत पर चर्चा की, साथ ही केंद्रीय तकनीकी सेवाये- यांत्रिक तकनीकी ब्यूरो और कोक ओवन के सभी सदस्यों को लिफ्ट के सफल जीर्णोद्धार के लिए बधाई दी।

गंगा दशहरा के उपलक्ष्य पर नदी पूजन आरती कार्यक्रम

कतरास (आजाद सिपाही)। गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में देवनद दामोदर महोत्सव के बैनर तले सामाजिक संस्था जागो के द्वारा मंगलवार को कतरास के कतरी नदी घाट पर नदी पूजन सह आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंडित पवन उपाध्याय और पवन पाठक के द्वारा 51 दीपों के साथ गंगा पूजन और आरती किया गया। मौके पर जागो संस्था के प्रमुख राकेश रंजन उर्फ चुन्ना यादव ने कहा कि देवनद दामोदर महोत्सव एक सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक आयोजन है। जिसके तहत 3 दर्जन से अधिक स्थानों पर दमोदर नदी और उसके सहायक नदियों के किनारे एक साथ यह उत्सव मनाया गया है। देवनद दामोदर महोत्सव को मनाने के पीछे मुख्य कारण यह है कि हम अपने प्रकृति प्रदत बहुमूल्य संसाधनों का अंधाधुंध दोहन न कर इसे संरक्षित करें, तथा इसके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करें और आने वाली पीढ़ीयो को वैसा ही सौंपे जैसा हमारे पूर्वजों ने हमें सौपा। मौके पर गुरुकुल के निदेशक डॉ रंजीत कुमत सिंह, राजेन्द्र कन्या विद्यालय की प्रचार्या सुमन मिश्रा, हैप्पी चिल्ड्रेन एकाडमी के सचिव रितेश दुबे, शिक्षाविद अश्विनी मिश्रा,विद्यार्थी परिषद के जिला मंत्री शिवम रवानी, नगर मंत्री काजल कुमारी,समाजसेवी राजेन्द्र तिवारी, सचिदानंद यादव, मिथुन कुमार, कुंदन कुमार, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा



आवश्यक सूचना।
(लापता सुबाष चौधरी, उम्र–33 वर्ष)

मेराल उटाँरी थाना दैनिकी सनहा सं0–16/023, दिनांक–24.05.2023, में लापता सुबाष चौधरी, उम्र–33 वर्ष, पे0– मुन्नीलाल चौधरी राम, सा0–सोहबरीया, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य झारखण्ड के रहने वाले हैं। जो दिनांक–24.05.2023 को विशाखापटनम् से राँची आने के क्रम में गुम हो गये है।

जो अभी तक लापता है, जो मानसीक रूप से थोड़ा विक्षिप्त है। उक्त लापाता का काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता सुबाष चौधरी, उम्र–33, वर्ष, पे0– मुन्नीलाल चौधरी, के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0– 9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया :– रंग–सावला, लम्बाई– लगभग 5 फीट 6 इंच भाषा– हिन्दी, स्थानीय

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढवा।

PR.NO.298674 Police(23-24):D

जमीनी मुद्दों को लेकर मासस और माले का एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन

केंद्र और राज्य सरकार ने जनता को ठगा

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। रोजगार, स्थानीय नीति, शिक्षा-स्वास्थ, पानी-बिजली के सवाल पर मासस-भाकपा माले की ओर मंगलवार को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर धरना प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व धनबाद कोर्ट से अम्बेडकर चौक तक प्रतिवाद मार्च निकाल विरोध जताया गया। धरना के दौरान झारखंड राज्य में स्थानीय नियोजन नीति खतियान आधारित करने को लेकर सरकार से मांग की गयी। राज्य सरकार की घोषणा के अनुसार जिले के गैर सरकारी संस्थानों में स्थानीय बेरोजगारों को 75 प्रतिशत रोजगार सुनिश्चित करने की मांग की गयी। वही केंद्र सरकार से चौतरफा निजीकरण कॉरपोरेटमुखी लेबर कोड और कृषि का कोरपोरेटीकरण नीति बंद करने की मांग की गयी। नेताओं ने स्पष्ट विस्थापन और पुनर्वास नीति बनाने, बीसीसीएल द्वारा गैर अधिग्रहित रैयती जमीन में अवैध ढंग से जबरन कोयला उत्खनन को रोके जाने, सीएनटी और एसपीटी एक्ट को कड़ाई से लागू किया जाने आदि की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मासस के जिला अध्यक्ष बिन्दा पासवान व संचालन माले के जिला सचिव कार्तिक प्रसाद ने किया।

भाजपा नफरत की राजनीति कर देश में कर रही है शासन

वक्ताओं ने कहा कि के भाजपा सरकार देश में फासीवाद और नफरत के राजनीतिक कर देश में शासन कर रही है। देश की मोदी सरकार जिन मुद्दों पर सत्ता पर काबिज हुई उन मुद्दों को दर किनार कर पूंजीपति वर्गों के दिशा निर्देश पर चल रही हैं। केंद्र की मोदी सरकार तमाम सरकारी उपकर्मो को बेच रही हैं,वहीं हेमंत सरकार राज्य में स्थानीय और नियोजन निति लागु करने में विफल साबित हुए। धरना कार्यक्रम संपन्न होने के बाद मासस और माले से पांच प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त, धनबाद को एक ज्ञापन सौंपा। धरना में मुख्य रूप से मासस के केंद्रीय महासचिव हलधर महतो, केंद्रिये सचिव हरिप्रसाद पप्पू, बबलू महतो,दिल मोहम्मद, माले के राज्य कमिटी सदस्य नागेंद्र कुमार,कृष्णा सिंह,जिला कमिटी सदस्य नकुलदेव सिंह सुभाष चटर्जी, जिलाध्यक्ष पवन महतो, आगम राम,विजय पासवान, साधु शरण पासवान, कुंदन पासवान, दीपक चौहान, याकूब अंसारी, सारथी मंडल आदि शामिल थे।

कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी खूँटी
नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक–C, चाईबासा रोड खूँटी, पिन – 835210
Email Id – deoofficekhunti@gmail.com

वाहन क्रय हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण

श्री महेश पोद्दार, माननीय सांसद (राज्य सभा) के द्वारा अपने सांसद निधि से सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर, बिनगांव कर्रा, खूँटी में एक School Bus New Tata Star Bus 59+A+DSKLLP810/52656 के लिए अनुशंसा किया गया है, निविदादाता से सभी शुल्क TCS+Insurance+ Registration एवं कर सहित क्रय किया जाना है। वाहन क्रय हेतु निम्न मानक स्तर के कम्पनियॉ, निर्माताओं, अधिकृत एजेंसियों से अल्पकालीन मुहरबन्द निविदाएँ (Technical एवं Financial bid अलग अलग) दिनांक 06.06.2023 के अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी खूँटी में आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 07.06.2023 को अपराह्न 03:00 बजे उपायुक्त महोदय खूँटी के सभा कक्ष में क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी।

1. निविदा के साथ अग्रधन के रूप में 50000/–(पचास हजार रूपये मात्र) का बैंक ड्राफ्ट जो " **जिला शिक्षा पदाधिकारी खूँटी** " के नाम से होगा, जिसे जमा करना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाता का वाणिज्य कर निबंधन प्रमाण पत्र, वाणिज्य कर अनापत्ति प्रमाण पत्र, आयकर प्रमाण पत्र, अन्य प्रासंगिक कागजात यथा पैन कार्ड/विगत तीन वर्षो का अंकेक्षण प्रतिवेदन संलग्न करने होंगे तथा पिछले वित्तीय वर्ष में न्यूनतम 50 लाख का टर्न ओवर अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता को संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. सफल निविदादाता को कार्यादेश निर्गत की तिथि के एक सप्ताह के अन्दर वाहन आपूर्ति करना अनिवार्य होगा, उक्त के जाँचोपरान्त भुगतान की कार्रवाई की जाएगी।
5. किसी निविदा को आंशिक या पूर्ण रूप से स्वीकार करने अथवा रद्द करने का अधिकार क्रय समिति के पास सुरक्षित होगा।
6. वाहन क्रय से संबंधित जानकारी खूँटी जिले के वेबसाईट khunti.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी, खूँटी

PR 298661District(23-24)#D

महिमा धर्म का प्रचार-प्रसार होगा

235 करोड़ से 'महिमा सेतु' का होगा निर्माण

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। राज्य के विभिन्न धार्मिक स्थलों में पुर्ण निर्माण का काम जारी है। महिमा पीठ भी उसी धारा में शामिल हुआ है। मां समलेश्वरी पीठ के दौरे के बाद 5टी सचिव वीके पांडियन ने सोमवार को ढेंकानाल जिले के जोरंदा में प्रसिद्ध महिमा गादी का दौरा किया। बताया गया है कि श्री पांडियन ने जोरंदा क्षेत्र में स्थित महिमा धर्म और महिमा गादी के इस महान पीठ को विकास, सौंदर्यीकरण और रूपांतरण के लिए मुख्यमंत्री की सलाह पर कई कदम उठाये हैं।

ढेंकानाल के विकास के लिए ब्राह्मणी नदी पर कालुरिया गांव से सरदेईपुर तक एक बड़ा पुल बनाया जायेगा। इसके लिए 235.56 करोड़ रुपये मंजूर किया गया है। इस से 62 ग्रामबासी लाभान्वित होंगे। इसके साथ ही पर्यटक जोरंदा पीठ को आसानी से पहुंच सकते हैं। मुख्यमंत्री ने इस पुल का नाम 'महिमा सेतु' रखा है।

जोरंदा परिदर्शन के दौरान 5टी सचिवों ने स्थानीय विद्यालय का भी भ्रमण कर वहां के छात्रों व शिक्षकों से चर्चा की। बाद में श्री पांडियन ने साधुसंथ के साथ भोजन किया। श्री पांडियन ने महिमा धर्म पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिमा धर्म पूरे विश्व के लिए आदर्श है।

ओड़िशा केंद्रीय विवि में कुई और देसिया भाषाओं पर राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। प्रारंभिक शिक्षा के स्तर पर कुई और देसिया बोलने वाले शिक्षार्थियों के लिए प्रारंभिक स्तर पर बोलने, पढ़ने, समझने और लिखने के लिए सीखने-शिक्षण सामग्री तैयार करने के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीइआरटी), क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आरआइइ), भुवनेश्वर और ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में 29 मई को पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने कार्यशाला का औपचारिक उद्घाटन किया। बसंत कुमार पांडा, निदेशक, ओडिया शास्त्रीय भाषा केंद्र; सीयूओ के स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज के डीन प्रोफेसर एनसी पांडा और प्रसिद्ध कवि डॉ प्रीतिधरा सामल ने कुई और देसिया भाषा में प्राथमिक स्तर पर पाठ्यपुस्तकें तैयार करते समय दिये जाने वाले पहलुओं पर बात की। समाजशास्त्र विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ कपिला खेमुंडू ने स्वागत भाषण दिया, जबकि ओडिया विभाग की व्याख्याता डॉ रुद्राणी मोहंती ने कार्यक्रम का आयोजन किया और धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। ओडिया शास्त्रीय भाषा केंद्र के निदेशक प्रोफेसर बसंत कुमार पांडा की देखरेख में कार्यशाला 2 जून तक जारी रहेगी।

उल्लेखनीय है कि एक अप्रैल को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के कोरापुट दौरे के दौरान उन्होंने कुई और देसिया भाषी लोगों की समस्याओं को व्यक्त करते हुए उनकी भाषायी समस्याओं को महसूस किया था। इसलिए ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय की अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय और एनसीइआरटी से कुई और देसिया भाषाओं में पाठ्यपुस्तकों का उत्पादन करने का आह्वान किया। मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आह्वान पर एनसीइआरटी द्वारा इस प्रयोजनार्थ एक समिति का गठन किया गया था। समिति की पांच दिवसीय कार्यशाला में कुई और देसिया भाषा में पाठ्यपुस्तकें तैयार की जायेंगी। प्रोफेसर त्रिपाठी ने केंद्र सरकार की नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार अपनी भाषा और मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने और राष्ट्रीय एकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपनी भाषा और मातृभाषा का विकास ही राष्ट्र का विकास है। कई राष्ट्रों को विभाजित किया गया है, और कई राष्ट्रों का गठन भाषा के कारण हुआ है।

डॉ पांडा ने कहा कि सुनने, बोलने, पढ़ने और लिखने को महत्व देते हुए कार्यशाला में कुई और देसिया भाषाओं में पाठ्यपुस्तकों का निर्माण किया जाएगा और यह काम जुलाई के अंत तक पूरा हो जायेगा। डॉ प्रीतिधरा सामल ने कुई और देसिया भाषा में पाठ्यपुस्तकें तैयार करते हुए इस भाषा के लोगों के उच्चारण, संस्कृति और परंपरा को महत्व देने को कहा। इस अवसर पर डॉ महेंद्र कुमार मिश्रा, प्रो गोपबंधु मोहंती, डॉ परमानंद पटेल, डॉ राजेंद्र पाढ़ी, डॉ कपिला खेमुंडू, डॉ रुद्रनी मोहंती, डॉ गोविंद चंद्र पेंडेई, सुरेश खारा, सना सांता, त्रिनाथ खारा, सोमनाथ अमानत्य, शिबा शंकर पटनायक, गीतांजलि पुझारी, नारायण माझी, गोविंदा कुमझरिया, हनाक ताडिंगी के साथ विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ फगूनाथ भोई उपस्थित थे।

एजुकेशन वर्ल्ड ने सोआ को विविध विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता दी

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) डीम्ड यूनिवर्सिटी को शनिवार को नयी दिल्ली में एजुकेशन वर्ल्ड द्वारा मल्टीडिसिप्लिनरी यूनिवर्सिटी अवार्ड से सम्मानित किया गया। सोआ को प्रस्तुत प्रशस्ति पत्र के अनुसार विश्वविद्यालय को ओड़िशा में पहला और देश में 14वां स्थान दिया गया है। इसे वर्ष का अनुकरणीय शोधकर्ता भी घोषित किया गया और राज्य में नंबर एक और देश में चौथे स्थान पर रहा। सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो (डॉ) मनोजरंजन नायक के विशेष कार्य अधिकारी प्रीतम नायक ने यूनिवर्सिटी की ओर से एजुकेशन वर्ल्ड के प्रकाशक और संपादक दिलीप ठाकोर से पुरस्कार प्राप्त किया। कुलदीप डगर उप निदेशक (मूल्यांकन) भारतीय विश्वविद्यालय संघ और संजीब बोलिया संस्थापक और प्रबंध निदेशक अफेयर्स एग्जीबिशन एंड मीडिया प्रा लिमिटेड इस अवसर पर उपस्थित थे।

रेलवे संरक्षा आयुक्त ने संबलपुर सिटी से मानेश्वर के बीच दोहरीकरण कार्य का किया निरीक्षण

संबलपुर (आजाद सिपाही)। एएम चौधरी, रेलवे संरक्षा आयुक्त, दक्षिण पूर्वी सर्कल ने 30 मई को संबलपुर मंडल में संबलपुर सिटी - मानेश्वर खंड के बीच दोहरीकरण और विद्युतीकरण कार्य का निरीक्षण किया। श्री चौधरी ने ओवरहेड उपकरणों, पुलों, संकेतों और दूरसंचार उपकरणों, रेलवे ट्रैक, मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग आदि जैसे संरक्षा संबंधी पहलुओं का निरीक्षण किया और संबलपुर सिटी - मानेश्वर स्टेशनों के बीच एक गति परीक्षण भी किया। इस खंड के दोहरीकरण और विद्युतीकरण के बाद, यह ट्रेनों के सुचारू परिचालन की सुविधा प्रदान करेगा। मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर, विनीत सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), पूर्व तट रेलवे, पी श्रीनिवास और पूर्व तट रेल मुख्यालय और संबलपुर मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी निरीक्षण के दौरान उपस्थित थे।

हायर इंडिया के एयर कंडीशनर्स बेस्ट इनोवेटिव प्रोडक्ट ऑफ द इयर से सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। होम अप्लायन्सेज के ग्लोबल लीडर और लगातार 14 सालों से प्रमुख अप्लायंसेज के लिए दुनिया की नंबर 1 ब्रांड हायर अप्लायंसेज इंडिया (हायर इंडिया) ने अपने 5-स्टार हैवी ड्यूटी प्रो एयर कंडीशनर्स हायर किनौची के शानदार परफोर्मेंस एवं उपलब्धियों की घोषणा की है। बेस्ट इनोवेटिव ऑफ द ईयर के रूप में सम्मानित ये एयर कंडीशनर्स कमरे को 20 गुना तेजी से ठंडा करते हैं और 60 डिग्री तक के चरम तापमान में भी बेहतरीन कूलिंग देते हैं। इस उपलब्धि पर सतीश एनएस, प्रेजीडेंट, हायर इंडिया ने कहा कि हायर में हम आधुनिक अनुसंधान, नयी तकनीकों और प्रभावी निर्माण क्षमताओं के साथ सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्ट्स लेकर आते हैं। पिछले दो दशकों में हमने भारतीय बाजार में अपने आप को मजबूती से स्थापित कर लिया है। हमें गर्व है कि हमारे किनौची 5-स्टार हैवी ड्यूटी प्रो एयर कंडीशनर्स को बेस्ट इनोवेटिव प्रोडक्ट ऑफ द ईयर का खिताब मिला है। इस तरह की उपलब्धियां सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्ट्स लाने की हायर की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो देश के उपभोक्ताओं की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए तत्पर है। हमें खुशी है कि हम भारत में सकारात्मक बदलाव लेकर आये हैं और आने वाले समय में भी उनके लिए शानदार प्रोडक्ट्स लाते रहेंगे।

स्नानयात्रा और घोषयात्रा तैयारी को लेकर बैठक

भुवनेश्वर, पुरी (आजाद सिपाही)। 4 जून को पवित्र देवस्नान पूर्णिमा है। रत्नवेदी से निकलने के बाद चतुर्द्धा विग्रह स्नान वेदी पर आयेंगे। वहां पर महाप्रभु के नीति कांति से लेकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और दर्शन तक मंदिर प्रशासन और जिला पुलिस की तरफ से सभी तैयारियां किया गया है। इस बीच श्रीमंदिर के मुख्य प्रशासक रंजन कुमार दास ने मंगलवार को श्रीमंदिर कार्यालय में दइतापति नियोग के साथ बैठक की। दइतापति नियोग के संपादक रामकृष्ण दास महापात्र ने आश्वासन दिया है कि महाप्रभु की सभी निति कांति बहुत सावधानी से आयोजित की जायेगी और नियोग द्वारा सभी व्यवस्थाएं की जायेंगी, ताकि भक्तों केसे अच्छे तरह से जललागी, हातीवेश दर्शन कर सकेंगे। इसी प्रकार मुख्य प्रशासक ने आश्वासन दिया है कि बैठक में नियोग द्वारा रखी गयी मांगों पर पदक्षेप लिया जायेगा।

प्लस टू का रिजल्ट आज प्रकाशित होगा

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। युक्त दो (+2) परीक्षाओं के परिणाम बुधवार को प्रकाशित किये जायेंगे। युक्त दो विज्ञान और वाणिज्य के परिणाम प्रकाशित किये जायेंगे। परिणाम सीएचएसइ कार्यालय में पूर्वाह्न 11 बजे प्रकाशित किए जायेंगे। उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने यह जानकारी दी है।

शैक्षणिक वर्ष 2023-24 से प्लस टू की सीटें बढ़ायी जायेंगी

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। युक्त दो केकी सीटों की संख्या में बढ़ोतरी की जायेगी। गण शिक्षा सचिव ने प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। चूंकि इस बार मैट्रिक पास रेट अधिक है, इसलिए सीटें बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि शैक्षणिक वर्ष 2023-24 से सीटों की संख्या बढ़ायी जायेगी। जानकारी के अनुसार इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में सफलता दर अधिक रहने से सीटों की संख्या में इजाफा हुआ है। 20 मई को गण शिक्षा मंत्री ने घोषणा की कि सीटों की संख्या बढ़ायी जायेगी, लेकिन मंगलवार को सीट बढ़ाने का फैसला लिया गया है। विभाग ने आवश्यकता को देखते हुए सीटों की संख्या बढ़ाने की जानकारी दी है। इसके अलावा 106 नये हायर सेकेंडरी स्कूल खोलने की घोषणा की गयी है। 106 अपग्रेड हायर सेकेंडरी स्कूलों में 13 हजार सीटें होंगी।

रिश्वत लेने के आरोप में करंजिया तहसीलदार चार्ल्स नायक गिरफ्तार

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। विजिलेंस ने रिश्वत लेने के आरोप में करंजिया तहसीलदार चार्ल्स नायक को गिरफ्तार किया गया। भूमि अधिग्रहण के लिए रिश्वत लेने का आरोप लगाया गया था। जानकारी के मुताबिक चार्ल्स नायक ने 10 लाख रुपये और 2 लाख रुपये के दो चेक लेकर गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को चार्ल्स नायक सतर्कता की गिरफ्त में आ गये। वह एनएचआइ की ओर से भूमि अधिग्रहण के चेक के भुगतान के लिए एक व्यक्ति से 12 लाख रुपये की रिश्वत लिए थे। बाद में तहसीलदार के घर पर विजिलेंस ने छापा मारा। विजिलेंस ने करंजिया में तीन और भद्रक में एक जगह छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान एसपी, 7 डीएसपी, 3 इंस्पेक्टर समेत अन्य कर्मचारी शामिल थे।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**